3 **बस्तर संभाग**
अबूझमाड़ में मसाहती सर्वे के किसानों ने पहली बार बेचा...

6 **अभिमत**
भारत की शतकीय पारी और विज्ञान

10 **संस्कारधानी**
गांव तक शराब पहुंचा रहे शहर के तस्कर...

11 **छत्तीसगढ़**
8 करोड़ की लागत से जतिया तालाब का सुंदरीकरण...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 6 दिसंबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 104 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति मुर्मू ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा



**तिरुमाला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आंध्रप्रदेश में तिरुमाला की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने यहां मंदिर की परंपरा का पालन करते हुए पहले स्वामी पुष्करिणी में पूजा की और बाद में श्री वराहस्वामी स्वामी मंदिर में दर्शन किए। मंदिर के पुजारियों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच पारंपरिक रूप से राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति श्रीवारी दर्शन के लिए गयीं और भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की। मुख्य पुजारी ने उन्होंने मुला विराट के महत्व के बारे में जानकारी दी। मंदिर के वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रपति को श्रीवारी तीर्थ प्रसादम और भगवान वेंकटेश्वर के सूखे फूल प्रौद्योगिकी फोटो भेंट की।

### दूसरे चरण का मतदान खत्म, 58.70 फीसदी वोटिंग पीएम ने किया मतदान



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 14 मध्य और उत्तरी जिलों की 93 सीट पर लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 58.70 फीसदी वोटिंग हुई। दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दूसरे चरण में मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। 93 सीटों पर सुबह आठ बजे से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई। गुजरात में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच इस बार त्रिकोणीय मुकाबला है।

### फारुक नेशनल कांफ्रेंस के फिर से अध्यक्ष बने

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष के रूप में फारुक अब्दुल्ला को फिर से निर्विरोध चुन लिया गया। पार्टी अध्यक्ष पद के लिए किसी भी अन्य उम्मीदवार के नामांकन दाखिल नहीं किया था।

# भानुप्रतापपुर विस उप निर्वाचन में 71.74 प्रतिशत मतदान

## 1 लाख 40 हजार 484 मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के विधानसभा भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन में 71.74 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 95 हजार 822 मतदाता है, जिनमें 95 हजार 266 पुरूष मतदाता एवं 01 लाख 555 महिला मतदाता और एक तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। इनमे से 69 हजार 782 पुरुष मतदाता एवं 70 हजार 701 महिला मतदाता और एक तृतीय लिंग मतदाता, इस प्रकार 01 लाख 40 हजार 484 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। क्षेत्र के 73.25 प्रतिशत पुरुष मतदाता एवं 70.31 प्रतिशत महिला मतदाता द्वारा भानुप्रतापपुर विधानसभा के उप निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया है। उल्लेखनीय है कि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन के लिए 256 मतदान केन्द्र बनाये गये थे तथा मतदान का समय प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया था।



### सावित्री मंडावी, ब्रह्मानंद नेताम एवं अकबर राम कोर्राम ने किया मतदान

भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी सुबह 7 बजे मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान कीं। उनके साथ पार्टी के कई कार्यकताओं ने भी मतदान किया। कांग्रेस से सावित्री मंडावी, भाजपा से ब्रम्हानंद नेताम और सर्व आदिवासी समाज से अकबर राम कोर्राम ये तीनों प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। भानुप्रतापपुर विधानसभा की जनता वोट देकर इनके भाग्य को में कैद कर रही है। पूरे विधानसभा में 95 हजार 266 पुरूष मतदाता हैं। जबकि, 1 लाख 555 महिला मतदाता हैं। सिर्फ 1 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। पुरुष वोटर्स की तुलना में महिला वोटर्स की संख्या अधिक है।

**उपचुनाव की सुरक्षा में 6 हजार से ज्यादा जवान हुए थे तैनात-** बस्तर में 2 दिसंबर से माओवादियों का पीएलजीए सप्ताह शुरू हो गया है। ऐसे में हर पोलिंग बूथ में सैकड़ों जवानों की तैनाती की गई है। सीआरपीएफ, एसडीएफ, डीआरजी, कोबरा, समेत अन्य पुलिस फोर्स के करीब 6 हजार जवान तैनात किए गए हैं। पोलिंग बूथ में सुरक्षा बढ़ाई गई है। एक दिन पहले पोलिंग दल के साथ रवाना हुआ था।

### झारखंड हाईकोर्ट से मिली ब्रह्मानंद को राहत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए मतदान होने के तुरंत बाद झारखंड पुलिस की कार्रवाई से बड़ा बवाल हुआ। किलेपार पोलिंग बूथ के बाहर झारखंड पुलिस ने हिरासत में लेने की कोशिश की, जिसके बाद कार्यकर्ता उग्र हो गए। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई। कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेर लिया। पूर्व मंत्री व उपचुनाव प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल वहां पहुंचे और ब्रह्मानंद को अपने साथ ले गए। भाजपा नेताओं ने कहा कि 8 दिसंबर के बाद उन्हें जहां बुलाया जाएगा, लेकर जाएंगे। आदिवासी बहुल भानुप्रतापपुर सीट पर सोमवार को उपचुनाव के अंतर्गत मतदान हुआ। इस दौरान दो खबरों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। उपचुनाव के लिए मतदान को एक घंटे बचे थे, तभी झारखंड हाईकोर्ट का फैसला आया। हाईकोर्ट ने भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ बलपूर्वक कार्रवाई पर रोक लगा दिया। इस फैसले को लेकर भाजपा के नेता अभी उत्साहित थे, तभी यह खबर आई कि किलेपार मतदान केंद्र के बाहर झारखंड पुलिस ने नेताम को हिरासत में ले लिया। जब पुलिस ने उन्हें रोका, तब नेताम अपनी गाड़ी में बैठे थे। झारखंड पुलिस ने उन्हें साथ चलने के लिए कहा तो उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले के बारे में बताया। पुलिस ने फैसले की कॉपी मांगी तो नेताम नहीं दे पाए, क्योंकि तब तक फैसले की कॉपी नहीं मिली थी। पुलिस ने उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाने की कोशिश की, तब तक माहौल गरमाने लगा था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेर लिया। इस बीच किसी ने नेताम की ओर चप्पल फेंकी तो कार्यकर्ताओं ने उसकी पिटाई कर दी। यह सब चल रहा था, तभी बृजमोहन अग्रवाल पहुंच गए और नेताम को अपनी गाड़ी में बैठाकर चले गए।



## अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में बिजली गुल होने से 4 नवजात शिशुओं की मौत




पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

अंबिकापुर में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण 4 बच्चों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है की एसएनसीयू वार्ड में करीब 4 घंटे तक बिजली गुल रही। इस कारण वार्ड के वेंटिलेटर बंद हो गए, जिससे 4 बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद एसपी, कलेक्टर समेत कांग्रेस के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे।

**परिजनों ने लगाया आरोप-** बच्चों की मौत से अस्पताल में हडकंप मचा हुआ है। नवजात बच्चों की मौत पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाए हैं कि बिजली गोल होने से ये स्थिति बनी है। अपने बच्चों को खोने के बाद उनमें आक्रोश है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

**अस्पताल प्रबंधन ने दी सफाई-** परिजनों के आरोप को प्रबंधन ने खारिज कर दिया है। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि इन बच्चों में हार्ट प्रॉब्लम थी। जिनका जन्म समय से पहले हो गया था। जिसके चलते बच्चों को वेंटिलेटर पर रखा गया था। बिजली गुल होने से किसी भी प्रकार कोई समस्या नहीं हुई थी।

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंबिकापुर चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय के एस.एन. एस.सी में शिशुओं की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति सवेदना व्यक्त की है।

## एक्जिट पोल में गुजरात, हिमाचल में भाजपा को बढ़त, एमसीडी में आम आदमी पार्टी आगे

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

एक्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी की गुजरात तथा हिमाचल में सत्ता में वापसी तथा दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के सत्तासीन होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। नवभारत ईटीजी के एक्जिट पोल के अनुसार हिमाचल प्रदेश विधानसभा की 68 सीटों में से भाजपा को 34 से 42, कांग्रेस को 24 से 32 तथा अन्य को 01 से 03 और आम आदमी पार्टी का खाता नहीं खुलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। जी-न्यूज बार्क के सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल में भाजपा को 35 से 40, कांग्रेस को 20 से 25, आम आदमी पार्टी को 0 से 03 तथा अन्य को 1 से 05 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। न्यूज नेशन सीजीएस के एक्जिट पोल में हिमाचल प्रदेश में भाजपा को 62, कांग्रेस को 5, आम




आदमी पार्टी को एक और निर्दलीय तथा अन्य को कोई सीट नहीं मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। टीवी 9 भारत वर्ष के अनुसार गुजरात विधानसभा की 182 सीटों में से भाजपा को 125 से 130, कांग्रेस को 40 से 50, आम आदमी पार्टी 3 से 5 तथा अन्य को 3 से 7 सीटें मिलने का अनुमान है। रिपब्लिक भारत पी-मार्क के एक्जिट पोल में गुजरात में भाजपा को 128 से 148, कांग्रेस को 30 से 42, आम आदमी पार्टी को 2 से 10 तथा अन्य को 0 से 3 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। न्यूज नेशन के सर्वेक्षण में गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को 167, कांगेस को 04 और आम आदमी पार्टी को 11 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। दिल्ली नगर निगम चुनाव में न्यूज नेशन ने भाजपा को 99, कांग्रेस को 6 तथा आम आदमी पार्टी को 140 और निर्दलीय एवं अन्य को पांच सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। इंडिया टुडे ग्रुप एक्सस माई इंडिया के एक्जिट पोल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी को बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। एक्जिट पोल के अनुसार दिल्ली नगर निगम चुनाव में कुल 250 वार्डों में से आम अदमी पाटी को 149 से 171, भारतीय जनता पार्टी को 69 से 91, कांग्रेस को 3 से 7 तथा अन्य को 5 से 9 सीट मिलने का अनुमान है।


## छुरा में रजिस्ट्रार तो पंडुका में उप तहसील कार्यालय का ऐलान

### छुरा के भेंट मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की घोषणाएं

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को गरियाबंद जिले के छुरा में भेंट-मुलाकात की इस दौरान उन्होंने कई घोषणाएं की जिसमें उन्होंने राज्य के सभी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अब सप्ताह में एक दिन भारत की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत और राज्य की राजकीय भाषा छत्तीसगढ़ भाषा की पढ़ाने का एलान किया । उन्होंने कहा कि संस्कृत देश की सबसे प्राचीन भाषा है इस प्राचीन भाषा के महत्व को बचाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार काम करेगी । वहीं मुख्यमंत्री ने विधायक अमितेश शुक्ल की मांग पर छुरा में रजिस्ट्रार तो पंडुका में उप तहसील कार्यालय का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय प्रवास पर गरियाबंद जिले के दौरे पर है सीएम बघेल ने



भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत छुरा विकासखंड से की इस दौरान छात्रा मनीषा यादव ने सीएम से संवाद के दौरान बताया कि वो 12वीं पढ़ चुकी हैं लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वो उच्च शिक्षा अर्जित करने में असमर्थ है उन्हें दुर्ग में बीएससी नर्सिंग में दाखिला लेना है जिसके लिए उसे राशि चाहिए इसे सुनकर मुख्यमंत्री ने छात्रा को 1 लाख रुपए तुरंत देने का आदेश किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधायक अमितेश शुक्ल मौजूद थे । मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस साल धान खरीदी का लक्ष्य एक करोड़ मिट्रिक टन हो सकता है. ग्राम खडमा के किसान अवध राम साहू से भेट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने संवाद किया। किसान ने बताया कि 4.50 लाख रुपए का ऋष्ठ माफ हुआ है इसके साथ ही शासन की योजना से साल दर साल उन्नत कृषि और राजीव गांधी न्याय योजना का लाभ उन्हें लगातार मिल रहा है। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी में पढ़ने वाली छात्रा साक्षी साहू ने बताया कि इससे पहले वो प्राइवेट स्कूल में पढ़ती थी और 30 हजार सालाना खर्च होता था । लेकिन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में मुफ्त में अच्छी शिक्षा अर्जित कर वो बेहद खुश है । इस दौरान मुख्यमंत्री ने साक्षी साहू की फर्राटेदार अंग्रेजी सुनकर बेहद खुश हुए।

### वर्मी कंपोस्ट से महिलाओं को लाखों की हुई आदमनी

पांडुका में रहने वाली राधा वर्मा ने बताया कि महिला समूह द्वारा 400 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट अब तक समूह द्वारा बनाया गया है । इससे समूह की महिलाओं ने डेढ़ से दो लाख रुपए की आमदनी अर्जित की है। खड़मा के रहने वाले गौकर्ण धृतलहरे ने बताया कि वो शुगर के मरीज है और हाटबाजार क्लिनिक योजना का लाभ उन्हें मिल रहा है इस योजना के चलते उन्हें मुफ्त में दवाइयां और इलाज मिल पा रहा है । राजीव गांधी सहायता श्रमिक न्याय योजना के तहत लाभान्वित ग्राम लादाबाहरा के राम भरोसा ने बताया, इस योजना का लाभ उन्हें मिल रहा है पिछले साल उन्हें इस योजना के तहत सात हजार रुपया का लाभ मिला है।

**कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक निभाएंगे साथ**

# राहुल के सारथी बने राजस्थान के 9 लोग

एजेंसी < कोटा
www.dailypioneer.com

राहुल गांधी भारत को जोड़ने और सभी वर्गों को एक साथ लाने की कवायद 89 दिन में अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग शहरों और कस्बों से होती हुई भारत जोड़ो यात्रा करीब 2300 किलोमीटर का सफर तय कर राजस्थान पहुंच चुकी है, लेकिन इस यात्रा से जुड़ा हुआ एक खास और दिलचस्प वाक्या यह है कि राहुल गांधी इस यात्रा को भारतीय नागरिक के तौर पर निकाल रहे हैं। वहीं राजस्थान से भी 9 चेहरे ऐसे हैं जो इस यात्रा का हिस्सा शुरूआत से हर पड़ाव में यात्रा के साथ है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक ये निभा रहे राहुल का साथ योगेश कुमार मीणा, श्रवण कुमार, झाबर शेखावत, सीताराम लांबा, रूबी खान, विवेक भटनागर, जगदीश विश्नोई, शत्रुघ्न शर्मा, पवन खेड़ा राहुल गांधी की यात्रा का हिस्सा बने इन राजस्थान के लोगों का कहना है कि कई सारे नए नए अनुभव इनके साथ में इस पैदल यात्रा पर इन्हें मिले हैं। देश की अलग-अलग तस्वीरें देखने को मिली है। शुरुआती दौर में जब यात्रा की शुरुआत हुई थी तब इतने बड़े रिस्पांस की उम्मीद इन्होंने भी नहीं की थी, लेकिन जैसे-जैसे यात्रा का सफर आगे बढ़ा वैसे वैसे रिस्पांस बढ़ता गया, वैसे-वैसे लोगों का कारवां जुड़ता



गया और आज यात्रा एक अलग रुक ले चुकी है।

यात्रा में राजस्थान से शामिल इकलौती महिला रूबी खान ने बताया कि उनका परिवार है लेकिन उनके परिवार ने ही उन्हें हौसला दिया और अपने बच्चों को छोड़कर के वह देश के लिए इस यात्रा का हिस्सा बन गई रूबी ने कहा कि वह चोटिल थी जिसके बाद भी उन्होंने जरा भी नहीं सोचा और इस यात्रा में शामिल हुई आज 89 दिन यात्रा के पूरे हो चुके हैं रूबी ने कहा कि वह पूरी यात्रा में राहुल गांधी के साथ मौजूद रहेंगी।

### भाजपा, मोदी के खिलाफ शिकायतों आयोग की चुप्पी चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन दहाड़े लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं और चुनाव प्रचार के दौरान हो रही उनकी गतिविधियों की जानकारी तथ्यों के साथ आयोग को दी गई है लेकिन वह इस पर चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात में प्रधानमंत्री वोट देने निकलते हैं और इस दौरान वह ढाई घंटे तक रोडशो करते हैं जिसका सीधा प्रसारण होता है, लेकिन चुनाव आयोग इस पर चुप्पी साध लेता है। इससे पहले कांग्रेस प्रतिनिधियों ने आयोग को गुजरात में चुनाव के दौरान कई अनियमितताओं की जानकारी दी है, लेकिन लगता है कि जैसे आयोग दबाव में काम कर रहा है इसलिए वह चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि आयोग हर बात को हवा में उड़ा रहा है। उनका कहना था कि कांग्रेस विधायक कांतिभाई खराड़े ने आयोग को सूचना दी थी कि उनको खतरा है इसलिए उन्हें सुरक्षा दी जानी चाहिए, लेकिन आयोग इस पर भी चुप्पी साधे हुए है। श्री खराड़े पर कल रात हमला हुआ तो जान बचाने के लिए जंगल में छिप गये, लेकिन इस शिकायत पर भी आयोग चुप है। प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल चुनाव में की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत को लेकर आयोग से मिलने गया लेकिन पांच दिन बाद उन्हें मिलने का टाइम दिया गया।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया



**जालंधर।** पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियां और तेज हो गई हैं। पिछले दो दिनों में यह पांचवां मामला है, जब ड्रोन ने पाकिस्तान से भारतीय सीमा में प्रवेश किया। सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने रोड़ांवाला कलां गांव के पास पड़ने वाले क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाली संदिग्ध उड़ने वाली वस्तु/ड्रोन की भनभनाहट सुनी। जवानों ने संदिग्ध उड़ती वस्तु को गोली मारकर रोकने की कोशिश की। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई और पुलिस और संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया गया। बीएसएफ के जवानों ने सुबह क्षेत्र की तलाशी दौरान एक क्वाडकॉप्टर ड्रोन डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके एम-300 टूटी हुई स्थिति में बरामद किया।

## ताजमहल की निर्माण तिथि आदि को लेकर याचिका खारिज

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने ताजमहल के निर्माण तिथि और अन्य ब्यौरों की इतिहास के पुस्तकों में दी गयी 'गलत जानकारी' हटाने के लिए दाखिल याचिका का संज्ञान लेने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

शीर्ष न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत इस मामले में कैसे सुनवाई कर सकती है। शीर्ष न्यायालय ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम आर साह और न्यायमूर्ति सी टी रवि कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता सुरजीत सिह यादव द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि इन मुद्दों पर विचार करना भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का काम है। पीठ ने सवाल किया, अदालतों को हर चीज में मत घसीटो। क्या हम यह निर्धारित कर सकते हैं कि 400 साल बाद ताजमहल के इतिहास



और उसके पीछे के ऐतिहासिक तथ्य क्या हैं?

न्यायमूर्ति शाह ने कहा कि मैं अपनी उम्र भी नहीं जानता। तो, हम ऐसी याचिकाओं को कैसे सुनवाई कर सकते हैं? इसके बाद याचिकाकर्ता यादव ने याचिका वापस ले ली। पीठ ने कहा कि चूंकि याचिका वापस ले ली गई है, इसलिए इस मामले को यहीं खारिज किया जाता है

# योगी सरकार ने 3378954.67 लाख रूपए का अनुपूरक बजट किया पेश

वार्ता ∢ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को योगी आदित्यनाथ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये 3378954.67 लाख करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया जिसमें करीब 14 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान नई योजनाओं में खर्च करने के लिये रखा गया है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में अनुपूरक अनुदानो की मांग सदन के पटल पर रखी वहीं विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। दोनो सदनो में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प सत्ताधारी दल के सदस्यों ने दोहराया।



बजट में फरवरी में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए 296 करोड़ का प्रावधान है तो आगामी वर्ष में यूपी में आयोजित होने वाले जी-20 के कार्यक्रमों के खर्च के लिए भी व्यवस्था की गई है। वहीं स्टार्टअप व इन्क्यूबेटर के लिए 100 करोड़, प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए 200 करोड़ रुपये, स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए 899 करोड़ आवंटित किए जाएंगे। सबसे ज्यादा 8000 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को निजी इंडस्ट्रियल पार्क व हब के तौर पर विकसित करने के लिए प्राविधानित है।

प्रयागराज कुंभ को भव्य-दिव्य बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए इस अनुपूरक बजट में 521 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं, जबकि 10 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट पर न्यायालय परिसरों के निर्माण के लिए 400 करोड़ का प्रावधान है। बजट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महात्वाकांक्षी योजना सीएम फेलोशिप का भी ध्यान रखा गया है तो स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी व प्रधानमंत्री आवास योजना को आगे बढाने के लिए भी वित्तीय प्रस्ताव शामिल है। सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग दो हजार करोड़ मांगे गए हैं, तो युवाओं को निशुल्क टैबलेट व स्मार्ट फोन के लिए 300 करोड़ खर्च किए जाएंगे। आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना बाबत मुख्यमंत्री योगी की घोषणा को पूरा करते हुए इस बजट में पांच करोड़ रुपये रखे गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान भवन में नवीन कॉरिडोर के अलावा सत्ता पक्ष लॉबी और प्रति पक्ष लॉबी का उद्घाटन भी किया। दोनों ही लॉबी में बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है और इनकी दीवारों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के साथ पूर्व विधायकों के भी चित्र प्रदर्शित हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों ने समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# राहुल की केन्द्र सरकार को समय रहते संभल जाने की हुंकार : गहलोत

एजेंसी ∢ झालरापाटन (झालावाड़)
www.dailypioneer.com

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा से लोगों के बहुत प्रभावित बताते हुए कहा है कि राहुल गांधी की यह हुंकार है और केन्द्र सरकार को अब संभल जाना चाहिए और समय रहते महंगाई एवं बेरोजगारी को कम करे और देश में शांति एवं सद्भावना का माहौल बनाया जाना चाहिए। गहलोत ने राहुल की यात्रा के झालरापाटन में दोपहर के विश्राम के समय आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा ÷यह यात्रा राहुल का आह्वान मात्र नहीं हैं यह उनकी हुंकार है और मैं केन्द्र सरकार से कहना चाहूंगा कि समय रहते संभल जाये, यह हुंकार है, समय रहते काम करो, महंगाई एवं बेरोजगारी को कम करो, लेकिन कोई कदम नहीं उठाये जा रहे है। समय रहते देश में शांति एवं सद्भाव बनाओ, आप अपील क्यों नहीं करते है कि देश में प्यार एवं भाईचारा बनाये। उन्होंने कहा कि देश में जो माहौल है उसमें केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), इनकम टैक्स, चुनाव आयोग आदि पर दबाव है, देश कहां जायेगा तो राहुल गांधी की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जहां देश चिंतित



हैं और राहुल गांधी पूरे मुल्क की भावना इस यात्रा के माध्यम से लोगों के सामने रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान से दस यात्री यात्रा में उनके साथ जुड़े और साथ चल रहे हैं उन्होंने अपने विचार बताये कि वे यात्रा से क्यूं जुड़े हैं बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि ये लोग प्रभावित है और मैं भी बहुत प्रभावित हुआ हूं। राहुल गांधी के साथ 135 यात्री चल रहे है इन सबकी सोच एवं विचार क्या है, इनकी प्रतिबद्धता क्या है, साथ चलना और कार्यक्रम चलाना आसान हैं। लेकिन जो विचार प्रकट किए गए इन लोगों ने कि वे इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ क्यों जुड़े हैं, उनसे में बहुत प्रभावित हूं। उन्होंने कहा कि यात्रा में देश के ऐसे नौ जवान साथ चल रहे है जो उनके लिए एसेट साबित होंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा में देश ही नहीं बेल्जियम आदि से एनआरआई लोग भी जुड़ रहे हैं और उनकी उनसे मुलाकात हुई और उन्होंने जो विचार बताये उससे लगता हैं कि श्री राहुल गांधी की यात्रा का लोगों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा का देश के अलावा दुनियां के उन देशों पर भी पभाव पड़ेगा जहां लोकतंत्र हैं और उन देशों पर भी प्रभाव पड़ेगा जहां लोकतंत्र नहीं भी है कि भारत में राहुल गांधी नाम का नौजवान महात्मता गांधी के बताये रास्ते अहिंसा पर चलते हुए कारवां लेकर चल पड़ा है और आह्वान किया है कि यह यात्रा खाली कांग्रेस की हीं नहीं हैं, इसमें कोई भी व्यक्ति जो लोकतंत्र में विश्वास करता है, देश की समस्या का उसे ऐहसास है वह इस यात्रा से जुड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने राजस्थान में प्रवेश किया हैं और हम लोग इसका फिर से स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में निकल रही हैं जब केन्द सरकार की नीतियों के कारण जो देश में माहौल है और उससे पूरा देश चिंतित है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत को जोड़ने का काम रही है कांग्रेस नेता जयराम रमेश और दिग्विजय सिंह ने इस यात्रा का बीडा उठाया है।

## मोदी की नीयत और नीति देश को तोड़ने वाली : रमेश

**झालारापाटन (झालावाड़)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीयत और नीति देश को तोड़ने वाली बताते हुए कहा है कि देश आज ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां आर्थिक विषमता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही जो देश के लिए खतरा है और ये प्रयास देश को तोड़ने वाले साबित हो सकते हैं। रमेश कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा के झालरापाटन में दोपहर के विश्राम के समय आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मकसद चुनाव के लिए फायदा लेना नहीं हैं इसका केवल मकसद देश में बने माहौल के चलते जो खतरा नजर आ रहा है उससे मुकाबला करना हैं और इसके लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां चिंताए और चुनौतियां है, अगर कांग्रेस यह यात्रा नहीं निकालती तो देश में आर्थिक विषमता, सामाजिक ध्रुवीकरण एवं राजनीति तानाशाही इतनी भयंकर फैल जाती कि इससे संवैधानिक लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता।

# एसबीआई ने पांच लाख करोड़ रुपये की उपलब्धि हासिल की

एजेंसी ∢ कोलकाता
www.dailypioneer.com

देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पिछले 30 नवंबर को अग्रिम व्यक्तिगत बैंकिग पांच लाख करोड़ रुपये तक का मील का पत्थर तय किया है।

यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि बैंक ने मात्र 12 महीनों में एक लाख करोड़ रुपये तक की बढ़ोत्तरी की है पिछले सालों में एसबीआई बैंक ने जनवरी 2015 में एक लाख करोड़ रुपये, जनवरी 2018 में दो लाख करोड़ रुपये, अगस्त 2020 में तीन लाख करोड़ रुपये तक की बढ़ोत्तरी की है और नवंबर 2021 में चार लाख करोड़ रुपये तक वृद्धि की है। एसबीआई अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए बेहतर मूल्य प्रस्ताव पेश करने में हमेशा आगे रहा है। व्यक्तिगत बैंकिंग अग्रिमों में मुख्य रूप से व्यक्तिगत ऋष्टा, पेंशन ऋष्टा, ऑटो ऋष्टा, शिक्षा ऋष्टा, पी-गोल्ड ऋष्टा और अन्य व्यक्तिगत ऋष्टा उत्पाद शामिल हैं। एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खारा ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुझे एसबीआई द्वारा हासिल की गई एक और उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। बैंक ने हमेशा प्रयास किया है। हम अपने ग्राहकों और हितधारकों के बहुत आभारी हैं जिन्होंने हम पर भरोसा किया और इस विकास को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में किए गए सामरिक उपायों और डिजिटल पहलों के कारण भी यह उपलब्धि हासिल कर पाने में कामयाब हो सके हैं। हम अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग को सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## शक्कर मजबूत, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहनों में उठाव, दालों में नरमी, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। खाद्य तेल गिरावट लिए रहे। तिलहन में मांग रही। दलहनो में उठाव से मजबूती दर्ज की गई। दालो में मांग घटने से भाव नरमी लिए बताए गए। मूंग मोगर सस्ती बिकी। चावल में कामकाज साधारण रहा।

**किराना बाजार-** शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3650 से 3700 रुपये के स्तर पर हुआ। शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। खोपरा बूरा, खोपरा गोला में मांग रही। साबूदाना में पूछपरख कमी से नरमी का लिए बताई गई।

**तिलहन-** खाद्य तेल गिरावट लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड नीचा होकर बिका। वहीं तिलहन में प्लान्टो की लिवाली से मजबूती दर्ज की गई।

**दाल-दलहन-** स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन मजबूत बताए गए। दालों में भाव कमी हुई। आज उड़द दाल, मूंग मोगर महंगी बिकी। चावल में खरीदी बताई गई।

# भाजपा और सपा ने चुनाव आयोग से की एक दूसरे की शिकायत

एजेंसी ∢ लखनऊ
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी (सपा) और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हुए उपचुनाव में एक दूसरे के खिलाफ मतदान को प्रभावित करने की शिकायत लेकर चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचे। सपा ने मैनपुरी लोकसभा सीट के अलावा मुजफ्फरनगर की खतौली और रामपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के लिये पुलिस के बेजा इस्तेमाल का आरोप भाजपा पर लगाया वहीं भाजपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा अराजकता फैलाने एवं मतदान को प्रभावित करने के संदर्भ में ज्ञापन के माध्यम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा द्वारा गलत सूचनाएं प्रेषित करके भ्रम फैलाया जा रहा है।

सपा जिन मुद्दों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज करा रही है, वह सब झूठ का आवरण है। जिसकी आंड़ में सपा के अराजकतत्वों द्वारा मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थक कार्यकर्ताओं को डराया धमकाया जा रहा है। उपचुनाव में सपा समर्थकों द्वारा आदर्श संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया गया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मैनपुरी से सपा की प्रत्याशी डिम्पल यादव द्वारा चार दिसम्बर की रात एक ट्विट में आरोप लगाया कि पाम होटल में भाजपा के लोग पैसा बांट रहे है लेकिन पुलिस के छापा डालने के बाद वहां पर कोई नहीं मिला। इसी तरह का भ्रम रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी द्वारा भी फैलाया जा रहा है। सपा और रालोद के भ्रम से भरे ट्विट फैलाने के पीछे सोची समझी रणनीति है। उधर, सपा के पदाधिकारियों ने मतदान प्रभावित करने के आरोप के साथ विधानभवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के तले धरना प्रदर्शन किया और बाद में मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मैनपुरी और रामपुर में खास समुदाय के वोटरों को मतदान स्थल पर जाने से रोका जा रहा है। ईवीएम में छेड़छाड़ की गयी है और पुलिसकर्मी रामपुर में सपा समर्थक मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक जाने से रोक रहे हैं।

# कश्मीर में तापमान में आई गिरावट, कड़ाके की ठंड जारी

वार्ता ∢ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

केन्द्र शासित प्रदेश में जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सोमवार को तापमान -3.4 डिग्री सेल्सियस कम होने के कारण घाटी में कड़ाके ठंड जारी है। यहां तापमान में गिरावट आने से मौसम की सबसे ठंडी रात का अहसास किया गया और पहलगाम घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्र नौ दिसंबर से ताजा पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित होने के आसार हैं। मैदानी इलाकों और निचले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने के आसार हैं जबकि मध्य और ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होने के अनुमान हैं। उन्होंने बताया कि यहां आठ दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। विभाग ने बताया कि श्रीनगर में सोमवार को फिर से सबसे ठंडी रात



दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान -3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात -2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। कश्मीर घाटी के शालीमार, फोरशोर रोड और श्रीनगर के अन्य हिस्सों में धुंध के साथ घना कोहरा छाया रहा। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मामूली सुधार हुआ लेकिन आज न्यूनतम तापमान -4.4 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले -4.6 डिग्री नीचे था। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग में आज न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया और श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर काजीगुंड में भी न्यूनतम तापमान -3.4 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कुकरनाग में -1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान -2.7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

# हिमाचल में निजी बस पलटने से 21 लोग घायल, 10 गंभीर

वार्ता ∢ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के थुरल क्षेत्र में निजी बस के पलटने से 21 यात्री घायल हो गए जिनमें 10 की हालत गंभीर है। गंभीर घायलों को उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थुरल से तीन किलोमीटर दूर चूला में एक निजी के पास पालमपुर-सुजानपुर सड़क पर एक निजी बस पलट गई। बस नाले पर बनी पुलिया से टकरा गई और पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गई। हादसे के समय बस में चालक-परिचालक समेत 21 लोग सवार थे।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय बस में धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद बस पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पर इकट्ठा हुए और बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने हादसे की सूचना थुरल पुलिस चौकी में भी दी। पहले बस चालक और कुछ घायलों को बस से बाहर निकाला और निजी गाड़ियों से थुरल अस्पताल पहुंचाया। पांच घायलों को सुजानपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक डॉ. खुशहाल चंद शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चालक-परिचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम ने दो गंभीर घायलों को पांच-पांच सौ रुपये की राहत राशि दी गयी है।

## सहारनपुर में सड़क हादसे में दंपत्ति समेत तीन मरे

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के कुतुबशेर क्षेत्र में एसयूवी की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गयी है। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को बताया कि बीती रात यह हादसा नकुड़ रोड पर कुमारखेड़ा गांव के पास हुआ जब बाइक सवार राधेश कुमार (34),पत्नी सपना (30) और छोटी बहन संगीता के साथ नकुड़ क्षेत्र के गांव मच्छरहेड़ी में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे कि एक तेज रफ्तार बोलेरो कार ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में तीनो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने बोलेरो चालक सुनील पंथी निवासी उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया है।

## मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग 69 पर निर्माण एवं उन्नयन का काम पूरा : गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-69 में 46 किलोमीटर खंड पर निर्माण और उन्नयन का काम पूरा किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस संबंध में ट्वीट कर जानकारी दी और कहा कि मध्य प्रदेश में औबेदुल्लागंज से इटारसी के बीच एनएचडीपी चरण-3 के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-69 के खंड का निर्माण और उन्नयन का काम किया गया है। इस खंड पर 46 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर लगभग 600 करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने बताया कि यह खंड मध्य प्रदेश की राजधानी को नर्मदापुरम और इटारसी से जोड़ता है। परियोजना के निर्माण से यात्रियों का राजधानी भोपाल पहुंचने में समय बचेगा।

# राइस मिल के ब्वायलर का हिस्सा धंसा एक की मौत, दूसरे की तलाश जारी

वार्ता ∢ जींद
www.dailypioneer.com

हरियाणा में जींद के हाट रोड स्थित राइस मील के ब्वायलर का एक हिस्सा सोमवार को तड़के धंसने से दो मजदूर धंस गये, जिनमें से एक मजदूर की लाश निकाल ली गई है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। हादसे में तीन मजदूर सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गए। पुलिस ने बताया कि रातपाली के कार्य के दौरान हादसे के समय ब्वायलर पर पांच मजदूर काम कर रहे थे। अचानक ब्लास्ट के साथ ब्वायलर के पश्चिमी छोर की ड्राईल मशीन का हिस्सा नीचे धंस गया। तीन मजदूर कूदकर बच निकलने में कामयाब हो गए जबकि मूल रूप से बिहार के बेगूसराय जिले का निवासी सूरज (24) तथा उसका साला नितिश (20) मलबे में दब गये। सूचना पाकर एसडीएम सत्यवान मान, डीएसपी आशीष कुमार, जेसीबी तथा क्रेनों को लेकर मौके पर पहुंच गए और बचाव अभियान शुरू किया। लगभग छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मलबे से नितिश के शव को निकाल लिया गया। जबकि दूसरे मलबे के नीचे दबे सूरज की तलाश देर शाम तक जारी रही। रेस्क्यू अभियान में बड़ी बाधा भारी भरकम ब्वायलर रहा। जिसमें सैंकडों क्विंटल धान भरी हुई थी। क्रेनों की सहायता से ब्वायलर के ऊपरी हिस्से को स्पॉट दी गई, जिसके बाद रेस्क्यू का कार्य शुरु हो सका। मिल प्रबंधन पर आरोप है कि हादसा रात को करीब तीन बजे हुआ था लेकिन सुबह नौ बजे तक किसी ने भी इस जानकारी प्रशासन व पुलिस को नहीं दी जबकि अगर समय रहते इसकी जानकारी अधिकारियों को मिल जाती तो मजदूरों की जान बचाई जा सकती थी। मिल प्रबंधन ने मिल के मुख्य द्वार ताला लगा दिया और बाहर से ऐसा लग रहा था कि यहां पर कुछ हुआ ही नहीं है। प्रशासन ने मिल के पीछे से जाकर बचाव अभियान शुरू किया। मिल प्रबंधन का कोई जिम्मेवार व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा।

# देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से किसी की भी मौत नहीं

एजेंसी ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश वासियों के लिए राहत भरी खबर यह है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना महामारी के संक्रमण किसी मरीज की मौत नहीं हुयी है, जिससे मृतकों की संख्या 5,30,630 पर स्थिर है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219.94 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 95 सक्रिय मामले कम होने से इनकी संख्या घटकर 4,434 रह गयी है।

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण से 319 लोगों के मुक्त होने से कुल संख्या बढ़कर 4,41,38,554 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रमण के सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में सक्रिय मामले घटे हैं। कोरोना के नए मामले सबसे ज्यादा कर्नाटक में (पांच) और ओडिशा (पांच) में आए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के दो सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 30 हो गयी है।

इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 19,80,448 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 26,518 हो गयी है। केरल में 35 सक्रिय मामलों के घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,583 रह गयी है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,53,573 हो गई है और मतृकों की संख्या 71,502 है। कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के पांच सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,639 हो गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,29,446 तक पहुंच गयी है और मृतकों की संख्या 40,303 पर स्थिर है। महाराष्ट्र में 35 सक्रिय मामले घटकर 293 रह गये हैं।

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता में व्यापक आक्रोश : मेघवाल

वार्ता ∢ श्रीगंगानगर
www.dailypioneer.com

भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी भाजपा द्वारा आयोजित जन आक्रोश यात्रा पर टिप्पणी करते हुए केंद्र की जनविरोधी नीतियों से जनता को त्रस्त बताया और इसे चुनावी राजनीति के तहत ड्रामा करने का आरोप लगाया है।

माकपा के जिला सचिव कॉमरेड श्योपत मेघवाल ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि किसान हित में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने एवं एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने के लिए किसानों से वायदा खिलाफी की है। उनके द्वारा 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने की दावे पूरी तरह झूठे साबित हुए हैं।

श्री मेघवाल ने आरोप लगाया कि धर्म पर आधारित राजनीति करने वाली भाजपा का जनता के प्रति कोई धर्म ही नहीं है,जिससे जनता के बुनियादी सुविधाओं एवं अधिकारों को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों में आज भी लखीमपुर खीरी में भाजपा के गृह राज्य मंत्री द्वारा की गई किसानों की हत्या मामले में न्याय नहीं करने से आक्रोश व्याप्त है। देश 700 किसानों की शहादत को अभी भूला नहीं है।

विधानसभा चुनावों के करीब आते ही भाजपा को जनता की याद आई है जबकि इसी जिले के नहरी सिस्टम को बर्बाद होता देख भाजपा के किसी नेता ने किसानों की पीड़ा को नही उठाया।

यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा के नेताओं ने हमारे जिले के बहादुर किसानों को नकली किसान बताकर उनके आंदोलन को बदनाम करने की अनेक कोशिशें कीं।

# अबूझमाड़ में मसाहती सर्वे के किसानों ने पहली बार बेचा समर्थन मूल्य में धान

## पहली धान का विक्रय करने आये किसानों के चेहरों पर दिखी खुशी, जताया मुख्यमंत्री का आभार

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य का अबूझमाड़ क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जिस वजह से यहां कभी प्रशासन और पुलिस की टीम नहीं पहुंच सकी थी। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार नारायणपुर जिला प्रशासन धीरे-धीरे इस क्षेत्र में पहुंच रही है, और किसानों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों से लाभान्वित कर रही है। पूरे प्रदेश सहित नारायणपुर जिले में 1 नवम्बर से धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी इस बार मैदानी क्षेत्रों के लिए सामान्य बात होगी, लेकिन अबूझमाड़ के किसानों के लिए यह एक उत्सव की तरह है। इस बार का धान खरीदी इन किसानों के लिए एक अलग उम्मीद की किरण लेकर आयी है। अबूझमाड़ के 2 हजार 193 किसान मसाहती खसरा मिलने के बाद इस बार पहली बार धान बेचेंगे। ऐसे किसानों से मसाहती सर्वे के आधार पर शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। बासिंग धान खरीदी केन्द्र में सबसे पहले धान विक्रय करने आये कुरुशनार के किसान महतूराम दुग्गा ने धान विक्रय करते हुए बताया कि जमीन का पट्टा मिलने से क्षेत्र के किसानों ने खुशी देखने को मिल रही है। मसाहती पट्टा बनने के बाद अब किसान अपने उगाए धान को केंद्रों में भी बेच सकेंगे। महतूराम ने बताया कि वह अपने खेत में उगाने वाले फसल को खाने के साथ सरकार को भी बेच रहे हैं। पूर्व में वे जो फसल उगाते थे, उसे ओने पौने दामों में छोटे बाजारों अथवा बिचौलियों को बेच देते थे। लेकिन अब शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार वे अपने धान को शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों में आकर विक्रय करेंगे, जिससे उन्हें उनकी फसल का सही दाम मिल पायेगा। श्री महतूराम दुग्गा ने बताया कि उसने अपने 3 एकड़ खेत में धान की फसल लगायी थी, जिससे लगभग 12 क्विंटल धान की उपज हुई है, जिसे वह आज खरीदी केन्द्र बासिंग में



बेचने आया है। महतूराम ने बताया कि क्रेडा विभाग द्वारा उसके खेत में सौर ऊर्जा चलित बोर खनन किया गया है। वहीं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा उसे इस वर्ष खाद एवं बीज भी प्रदान किया गया था। महतूराम ने कहा कि अगर खेत में फेंसिंग हो जाये तो, वह और अधिक बेहतर ढंग से खेती-किसानी का काम कर सकेगा। उसने बताया कि उसके दो लड़के व 2 लड़कियां है, जिसमें से एक की शादी हो गयी है, और दूसरी लड़की ने सिविल में इंजीनियरिंग पूरी कर ली है। बड़ा लड़का रानू दुग्गा उसकी खेती के कार्य में मदद करता है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में नारायणपुर जिले के उपार्जन केन्द्रों एड़का, गढ़बेंगाल, छोटेडोंगर, झारा, कन्हारगांव, धौड़ाई, नारायणपुर, चांदागांव, बेनूर, कुकड़ाझोर, बाकुलवाही और बिंजली में बीते 4 दिसम्बर तक 36 हजार 330 क्विंटल धन की खरीदी की गयी है। खबर लिखे जाने तक सबसे अधिक धान उपार्जन केन्द्र बेनूर में 4 हजार 859 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसके साथ ही एड़का में 4 हजार 323 क्विंटल, गढ़बेंगाल में 4 हजार 140 क्विंटल, छोटेडोंगर में 1 हजार 294 क्विंटल, झारा में 4 हजार 134 क्विंटल, कन्हारगांव में 200, धौड़ाई में 1 हजार 997, नारायणपुर में 4 हजार 509 क्विंटल, चांदागांव में 1 हजार 117 क्विंटल, कुकड़ाझोर 2 हजार 568, बाकुलवाही में 2 हजार 523 क्विंटल और बिंजली में 4 हजार 663 क्विंटल धान की खरीदी की गयी है, जिसके एवज में किसानों को अब तक 7 करोड़ 47 लाख 32 हजार 912 रूपये का भुगतान किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप समर्थन मूल्य पर जिले के किसानों से धान खरीदी 1 नवम्बर से शुरू की गई है। इसके लिए जिले में 9 सोसायटियों के माध्यम से धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले के कुल 9 हजार 291 पंजीकृत किसानों से 31 जनवरी 2022 तक धान की खरीदी की जायेगी।

# गारका में कार और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत, कार चालक की मौत



**चालक को नींद की झपकी आने से हुआ हादसा**

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-30 ग्राम गारका के समीप सोमवार तड़के सुबह लगभग 4 बजे अर्टिगा कार और ट्रक के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में अर्टिगा कार के चालक को गंभीर चोटें आई थी जिसे स्थानीय लोगों की मदद से केशकाल अस्पताल पहुंचाया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। फिलहाल केशकाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल के चीरघर में रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी निवासी मन्नूलाल साहू अपनी अर्टिगा कार में जगदलपुर जा रहा था। तभी सुबह लगभग 4 बजे ग्राम गारका के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक के साथ उसकी आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा कार का चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

जिसकी केशकाल अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह ने बताया कि उक्त मामले में दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जप्त कर उसके चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए भा.द.वि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देकर केशकाल बुला लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम होने के पश्चात उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# 3 फरवरी तक ग्राम पंचायत, जनपद तथा जिला स्तर पर होगा रामायण मण्डली प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस दिशा में पूर्व की भांति यह प्रतियोगिता पहले चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर होगा। दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से चयनित रामायणमंडलियों के मध्य जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा। हरेक जनपद पंचायत के विजयी रामायण मण्डलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता होगी और जिले से विजयी हुए रामायण मण्डली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोण्डागांव से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 15 दिसम्बर तक ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता, 5 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक जनपद पंचायत स्तरीय स्पर्धा तथा 27 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता और 16 फरवरी से 18 फरवरी 2023 तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी। राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा इस सम्बंध में जारी दिशा-निर्देश के तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी दलों यथा प्रथम को 5 लाख रुपये, द्वितीय को 3 लाख रुपये और तृतीय को 2 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

# तातरी सहित बेतबेड़ा एवं बालासार के नक्शा-खसरा का मदवार अंतिम प्रकाशन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अधीन राजस्व सर्वेक्षण उपरांत कृषकों के कब्जानुसार प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावा, आपत्ति के निराकरण के पश्चात ग्राम तातरी, बेतबेड़ा एवं बालासार तहसील मर्दापाल के नक्शा-खसरा का मदवार एवं व्यक्तिवार अंतिम प्रकाशन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति या संस्था को उपरोक्त ग्रामों के सर्वेक्षण में भूमि हस्तांतरण, आबंटन किये जाने के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो वे आगामी 23 दिसम्बर 2022 तक अपना दावा-आपत्ति कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा कोण्डागांव में स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इन ग्रामों के नक्शा-खसरा का मदवार एवं व्यक्तिवार जानकारी अवलोकन हेतु सम्बन्धित ग्रामों के प्रमुख स्थलों पर चस्पा किया गया है।

# सुकमा के किसान महाराष्ट्र जाकर सीखेंगे किसानी के गुर

**जल संरक्षण और संवर्धन प्रशिक्षण के लिए जिले के 100 कृषक महाराष्ट्र रवाना**

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले के 100 कृषकों के दल को आज नगर पालिका उपाध्यक्ष आयशा हुसैन, जनप्रतिनिधियों एवं उप संचालक कृषि विभाग के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर महाराष्ट्र रवाना किया गया। उप संचालक कृषि पीआर बघेल ने बताया कि जल ग्रहण विकास योजना के तहत सुकमा से 100




कृषकों का चयन कर महाराष्ट्र के रालेगण सिद्धि के लिए बस के माध्यम से रवाना किया गया है। जहां कृषकों को जल संवर्धन संरक्षण सहित फलोद्यान, वृक्षारोपण सहित अन्य कृषि संबंधी गतिविधियों का भ्रमण सह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कृषकों को मौसम आधारित फल एवं सब्जी रोपण तथा ग्रीष्म ऋतु में जल संरक्षण संवर्धन के तरीकों के साथ ही बोये जाने वाले फसलों की बेहतर पैदावार कैसे लें, इस विषय पर जिले के किसानों का सीमावर्ती राज्य के उन्नत कृषकों के साथ चर्चा परिचर्चा भी कराई जाएगी। भूमि संरक्षण अधिकारी कैलाश मरकाम की अगुवाई में तीनों विकासखण्डों के चयनित कृषकों को इस पांच दिवसीय भ्रमण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भेजा गया है।

# रेल्वे नोटिस धारियों ने एसकेएमएस नेताओं से मांगा समर्थन

पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल के वार्ड क्रमांक 15 एवं 17 श्रृंगारपुर कैंप एवं चटाई पारा के रहवासी जो की वर्षो से रेलवे की जमीन पर काबिज है जिनको पूर्वी तट रेलवे के संपदा अधिकारी द्वारा जगह खाली करने नोटिस दिया गया है।जिसके बाद से काबिज नागरिक भयावह स्थिति में हैं।दोनों वार्डो के समस्त नागरिक आज इंद्रजीत सिंह भवन पहुंच कर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव के साजी श्रम संगठन के सचिव राजेश संधू से मुलाकात की एवं दोनों नेताओं के समक्ष



अपनी समस्याें को रखा एवं सहायता हेतु समर्थन मांगा। जिस पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से इस विषय पर विचार करते हुए पीड़ितों को सलाह दिया की वार्ड क्रमांक 15 एवं 17 श्रृंगारपुर कैंप एवं चटाईपारा के वार्ड पार्षद व जनप्रतिनिधि के साथ एक प्रतिनिधि मंडल इस समस्या को लेकर बस्तर सांसद से मुलाकात कर उनको अपनी समस्या से अवगत कराने एवं उसके निराकरण हेतु संसद में इस विषय को रखने के लिए सुझाव दिया गया। साजी ने कहा किरंदुल नगर के सभी राजनीतिक एवं जनसंगठन के द्वारा एक मंच तैयार कर राजनीतिक भावना से परे इस विकट परिस्थिति में प्रभावित लोगों के समस्या के निराकरण के लिए सार्थक प्रयास करें ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके।सभी संगठनों की सहमति से आगामी दिनों में इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु बैठक कर आगे की स्थिति पर रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है।

# ग्राम पंचायत समेली में किया गया मलेरिया जांच



**किरन्दुल।** दंतेवाड़ा जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सातवें चरण की शुरुआत 01 दिसम्बर को की गई।जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का सातवां चरण 1 दिसंबर से 21 दिसंबर 2022 तक चलाया जाएगा । उक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य दल के द्वारा आज सोमवार को ग्राम पंचायत समेली में घर-घर जाकर 228 लोगों की मलेरिया जांच की गई।

# पिता के हत्यारे को युवक ने उतारा मौत के घाट, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत अतिसंवेदनशील ग्राम खालेचंदेली में बीती रात आपसी विवाद के चलते एक युवक ने 60 वर्षीय बुजुर्ग की डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि बीती रविवार की रात दोनों बीच हाथापाई हुई। देखते ही देखते बात बढ़ गई और सोनू ने चैतराम को डंडे से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही केशकाल एसडीओपी भुपत सिंह व थाना प्रभारी विनोद साहू समेत टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को पीएम हेतु केशकाल अस्पताल भेजा है। साथ ही मामले में धारा 302 भा.द.वि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी युवक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

**ये है पूरा मामला-** प्राप्त जानकारी के



अनुसार विगत वर्ष 2000 में मृतक चैतराम कावड़े ने आरोपी सोनूराम कुमेटी के पिताजी लछुराम कुमेटी की हत्या कर दिया था।

16 वर्ष तक कारावास में रहने के बाद चैतराम 2016 में वापस गांव आया था। तभी से मृतक और आरोपी दोनो के बीच आए दिन विवाद व लड़ाई होती रहती थी। ऐसा ही मामूली सा विवाद बीती रात हुआ जहां मृतक चैतराम रात लगभग 11=30 बजे नशे की हालत में सोनू के घर के सामने जाकर गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। जिस पर सोनू और चैतराम के बीच हाथापाई हुई। तथा सोनू ने डंडे से चैतराम के सिर पर वार किया जिससे चैतराम बेहोश हो गया था। तब सोनू ने चैतराम को कंधे पर उठा कर उसके घर में छोड़ आया। तथा सुबह होने के बाद सोनू ने पुनः चैतराम के घर जाकर देखा तब तक उसकी मौत हो गई थी।

**आरोपी को किया गिरफ्तार**

इस बारे में केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह धनेश्री ने बताया कि ग्राम खालेचंदेली में एक बुजुर्ग की हत्या होने की सूचना मिलने पर हमारी टीम मौके पर पहुंची थी। जहां देखा कि मृतक का शव उसके घर में पड़ा हुआ था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक आए दिन शराब के नशे में गांव वालों व आरोपी को प्रताड़ित करता रहता था। बीती रात भी आरोपी के साथ विवाद होने पर आरोपी सोनू ने आवेश में आकर डंडे से वार मार कर उसकी हत्या कर दी है। फिलहाल पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही आरोपी सोनूराम कुमेटी के खिलाफ भादवि की धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा।

# एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर ने बांटे असहाय और निराश्रितों को गर्म कपड़े



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरन्दुल स्थित सामाजिक कार्यो में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाली एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर द्वारा वर्तमान समय की शीत ऋतु को देखते हुये एनजीओ के कार्यकर्ताओं रविवार देर रात किरन्दुल नगर के अलग अलग इलाकों में फूटफाथ पर अस्थायी तौर पर रहें असहाय और निराश्रितों को गर्म कपड़े कम्बल का वितरण किया। बता दें कि एनजीओ कलिंगा सोशल वेल्फेयर की टीम द्वारा समय समय पर कई जनकल्याणकारी कार्य किया जाता रहा है। इस दौरान संस्था के प्रमुख रवि दुर्गा, महासचिव किशोर जाल, सुखदेव पोयाम, हिमांशु साहू, दिनेश साहू, राजकुमार सोनी मौजूद थे।

# पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई स्कूल के शिक्षकों को मिला श्रेष्ठ शिक्षण के लिये मोटिवेशनल टीचर ट्रेनिंग

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस के द्वारा मुम्बई से आये मनोवैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डॉ. एस.नीलकंठन द्वारा पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों को विश्वस्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को बहुत ही वैज्ञानिक ढंग से बच्चों का मनमस्तिष्क, जीवन में लक्ष्य निर्धारण, भूत, वर्तमान एवं भविष्य मे हम कैसे जीते है, दिन की शुरुआत कैसे करें, हमारा मस्तिष्क कैसे कार्य करता हैं बच्चे स्वयं हर कार्य कैसे करें, मनुष्य की परिपूर्णता, इमोशनल ब्लैक मेलिंग, समास्या का समाधान हिलिंग कैसे करें, परिवार को कैसे प्रेम के साथ एकता बच्चों के पालन पोषण से लेकर, बच्चों से माता-पिता से रिश्ते, धैर्य, लक्ष्य को पाने के लिये तीव्र इच्छा और उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत करना आदि मनोवैज्ञानिक एवं शैक्षणिक अभिगम प्राप्त करने की भावनाओं



को विस्तार से समझाया जिससे छात्र-छात्राओं को सम्पूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। इस शिक्षक प्रशिक्षण में पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभी, प्री-प्रायमरी, प्रायमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षको को यह प्रशिक्षण, बच्चों के मनोविज्ञान, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास, भावनात्मक विकास एवं सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास करने में बहुत ही मद्दगार होगा। इस विश्वस्तरीय शिक्षण प्रशिक्षण को सम्पन्न कराने में ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस एवं शिवम् पब्लिकेशन रायपुर के सहयोग एवं राहुल हरि रमानी, अंकित दानी के सहभागिता से सम्पन्न हो पाया। इस शिक्षक प्रशिक्षण में पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, सब मैनेजर हामीद खान विषय शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ई, दुष्यंत यदुराज, अरबिंद मेहती, लक्ष्मी देवनाथ, दीपांजली गोगोई, रिया सोनी, दीप्ती सोनी, शिखा मेहरा, वर्षा रमानी, शबाना परवीन, एस. मर्सी, मेघा सेवा, तीरथ साहू, कृष्णपद कुंभकार, सुचितस्मिता खान, हिमायनी रजक, ग्लोरिया रजक, मुस्कान वाल्यानी, सरिता मिश्रा, स्वाति गुप्ता, सरिता यादव, जीतूदास माण्डले, भाव्य गजमेर, रूपमणी प्रधान, सुष्मिता प्रधान, रूमाना कुरैशी, संगीता भारती, प्रीतिलता शोरी,टाकेश्वर साहू, नोमान साहू, प्रतीक सिंग ठाकुर, रविशंकर पटेल, आदित्य रजक आदि शिक्षकों ने शामिल होकर सफलतापूर्वक बच्चों के श्रेष्ठ शिक्षण लिये आयोजित इस प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय बनाने में मद्द करेगा।

# छोटेडोंगर में 6 दिसम्बर को जनसमस्या निवारण शिविर

**नारायणपुर।** जिला नारायणपुर अन्तर्गत ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण एवं शासन की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किए जाने हेतु ग्राम पंचायत घनोरा, तहसील छोटेडोंगर, विकासखण्ड नारायणपुर में 6 दिसम्बर दिन मंगलवार समय पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 5 बजे तक विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना है। उक्त शिविर के सफल आयोजन हेतु विकासखण्ड तहसील स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। समय सीमा बैठक उपरांत जिले के समस्त अधिकारी शिविर मे उपस्थित रहेंगे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली मुख्य सड़क हुई क्षतिग्रस्त



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत कोड़ेनार की नेताजी चौक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली मुख्य सड़क की हालत काफ़ी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो गई हैं।बता दें इस मार्ग पर हीं प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला स्थित है एवं उक्त सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे एम्बुलेंस,मरीजों एवं छात्र छात्राओं को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है।

दूसरी ओर इस समस्या पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता देखी जा रहीं है तो वहीं सरपंच मीना मंडावी ने कहा कि उक्त समस्या के निराकरण हेतु जिला प्रशासन से पत्राचार किया गया हैं जैसे ही इसकी स्वीकृति मिलेगी मरम्मत कार्य प्रारंभ की जाएगी।

# सीएम को परोसा गया पारंपरिक छत्तीसगढ़िया भोजन और व्यंजन

## मुख्यमंत्री का उत्साह एवं आत्मीय भाव से किया स्वागत





पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आम जनता से सीधा संवाद कर ना केवल उनकी समस्याओ का निराकरण कर रहे, बल्कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति, खानपान और जीवनशैली को भी बढ़ावा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल भोजन ग्रहण करने फिंगेश्वर में किसान बिसेलाल साहू के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री के घर पहुंचने पर बिसेलाल के परिवार वालों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने पूरी आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री बघेल को पारंपरिक छत्तीसगढ़िया भोजन और व्यंजन परोसा गया। पारंपरिक तरीके से कांसे की थाली में परोसे गए भोजन में बथुआ भाजी, तिवरा भाजी, जिमिकंदा, दाल पालक, बिजौरी, गुलगुला और सिलबटे से पीसा हुआ टमाटर की चटनी का मुख्यमंत्री ने सादगी के साथ ग्रहण किया। मुख्यमंत्री बघेल ने बिसेलाल के परिवार वालों का हालचाल पूछा और स्नेह के साथ परोसे गए स्वादिष्ट भोजन के लिए उनको धन्यवाद दिया। बिसेलाल साहू के घर पर मुख्यमंत्री के साथ खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधायक अमितेश शुक्ल अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी साथ में भोजन ग्रहण किया।

# छत्तीसगढ़ निषाद समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी जोरों से

## आयोजन रायपुर में 22 जनवरी को होगा



पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ निषाद समाज रायपुर महानगर का बैठक रविवार को निषाद भवन रामसागर पारा, रायपुर में हुआ।प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21वां राज्य स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए 22 जनवरी 2023 दिन रविवार को स्थान पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम को चिन्हित किये गए। गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए निषाद समाज महिला कार्यकरिणी सदस्य मीना निषाद ने बताया हर वर्ष की भांति जनवरी 2023 में भव्य एवं शानदार तरीके से समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन समारोह बड़े पैमाने पर आयोजित होंगे इसके बाद लिए अभी से तैयारी में जुट चुके हैं। आगे बताया पंजीयन फॉर्म एवम आमंत्रण पॉम्प्लेट जल्द ही निषाद समाज के पूरे परिवारों तक उपलब्ध हो जायेगा, जल्द ही ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए लिंक भेजा जाएगा।

कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार किया गया। जिससे प्रदेश के सभी पदाधिकारी, सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित, निषाद समाज के सभी युवक युवतियों को सम्मेलन में सादर आमंत्रण किया जाएगा। बैठक में छत्तीसगढ़ निषाद समाज रायपुर महानगरअध्यक्ष बसंत निषाद, सचिव मुकेश निषाद, कोषाध्यक्ष पुनारद निषाद संगठन सचिव शोभित निषाद, डूम्हा परिक्षेत्र की उपाध्यक्ष धुरंधर विनायक, प्रदेश कर्मचारी संगठन के उपाध्यक्ष उमाशंकर निषाद, किशोर नाविक, रामेश्वर निषाद, इंद्रेस निषाद, संतोष निषाद, दुर्गा प्रसाद निषाद, गिरिराज निषाद, महानगर महिला कार्यकारिणी सदस्य मीना निषाद, जयंती निषाद, हेमलता निषाद, आराधना निषाद, कीर्ति निषाद, गायत्री नाविक, तिलेश्वरी निषाद, अंजली निषाद, दिलेश्वरी निषाद, वर्षा निषाद, सावित्री निषाद, चन्द्रकला निषाद, शीला निषाद, समस्त कार्यकारिणी उपस्थित हुए।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक वार्षिक अधिवेशन का आयोजन जनवरी में

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील बलौदा बाजार की बैठक स्थानीय सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वार्षिक अधिवेशन, जनवरी 2023के अंतिम सप्ताह में भव्य और ऐतिहासिक रूप से आयोजित किया जाना प्रस्तावित हुआ। अधिवेशन के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न कार्यों के लिए समिति प्रभारी मनोनीत किये गए व उन्हें दायित्व सौंपा गया।

पेंशनर्स एसोसिएशन का भवन न होने के कारण आयोजनों में कठनाइयों को देखते हुए शासन से नियमानुसार भूखण्ड की मांग करने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन सम्पन्न कराने वित्तीय व्यवस्था हेतु सदस्यों ने 1100रू व आधिक्य की राशि स्वस्फूर्त जमा की । बैठक में मुख्य रूप से डी पी जैन, एस एम पाध्ये, एस डी पड़वार, सुरेश कुमार पांडेय, शकुन सिरमौर, शांता विमला शुक्ला, लता कश्यप, एस के सोनी, राजेश अग्रवाल, श्रवण कुमार अवस्थी, हरिश्चन्द्र वर्मा, थानसिंह ध्रुव, के के वर्मा व कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# हिन्दी विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन



**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदा बाजार में हिन्दी विभाग के तत्वावधान में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो.(डॉ.)चित्तरंजन कर के द्वारा हिन्दी साहित्य में इतिहास, भाषा विज्ञान एवं स्वनिम विज्ञान की अवधारणा विषय पर बहुत ही रोचक, प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया गया है। कार्य म का शुभारंभ मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर सरस्वती वंदना एवं राजगीत से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य डॉ.ए.के. उपाध्याय ने भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात् विभागाध्यक्ष डॉ.यू.के. मिश्र ने वक्त I का परिचय और प्रस्तावना प्रस्तुत किया। विशिष्ट आमंत्रित वक्त I एवं भाषाविद् सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो.(डॉ.) चित्तरंजन कर के द्वारा भाषा विज्ञान, हिन्दी साहित्य के पुनर्लेखन विषयों पर दो सत्रों में प्रभावी उद्बोधन दिया गया। जिसमें स्वन विज्ञान, रूपविज्ञान, अर्थविज्ञान, पद विज्ञान पर सविस्तार जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा पर प्रकाश डाला गया। तथा विदेशी हिन्दी इतिहास लेखक एवं भारतीय आचार्यो की आलोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, बलौदा बाजार से डॉ.सुनीता त्यागी विभागाध्यक्ष हिन्दी, डॉ. मंजू अग्रवाल (अतिथि व्याख्याता )एवं श्री संदीप पांडे, दीपक तिवारी, पंकज साहू एवं बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र-छात्राऍ उपस्थित रहे। कार्य म का संचालन डॉ.रीता यादव सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने किया एवं आभार डॉ.आर.के. वर्मा द्वारा किया गया।

# साहू समाज के युवक-युवती सम्मेलन जोश के साथ दिया परिचय

■ प्रतिभागियों ने जीवनसाथी में होने वाली खूबियों पर राय रखी



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

साहू समाज के युवक-युवती सम्मेलन में जीवनसाथी की तलाश में पहुंचे 300 से अधिक युवक-युवतियों ने जोशो-खरोश के साथ अपना परिचय दिया। साथ ही अपने भावी जीवनसाथी में होने वाली खूबियों पर अपनी राय रखी।

युवाओं ने संस्कारित एवं संयुक्त परिवार में रहने वाली युवती को जीवनसाथी के रूप में पाने की बात कही। युवतियों ने भी पढ़े लिखे, अच्छा व्यवसाय करने वाले विवाह के बाद खुद को भी नौकरी करने की छूट देने वाले युवाओं को वर रूप में पाने की इच्छा जताई। इससे पहले शहर जिला साहू संघ के नेतृत्व में संतोषी नगर स्थित कर्माधाम में आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने मां कर्मा मंदिर में दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता साहू समाज के अध्यक्ष टहलसिंह साहू ने की। सम्मेलन में 1200 से अधिक युवक-युवतियों ने जीवन साथी परिचय पत्रिका के लिए पंजीयन करवाया। परिचय देने वाले युवक-युवतियों का रिश्ता जुड़वाने के लिए कुंडली मिलान एवं आपसी बातचीत की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में पर्यटन बोर्ड उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, विद्या देवी साहू, मोतीलाल लाल साहू, थानेश्वर साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, रोशन साहू, बीसी साहू आदि ने वर्तमान दौर में परिचय सम्मेलन को जरूरी बताया।

सम्मेलन परिसर में साहू समाज के व्यापारियों ने व्यापार एक्सपो में अपने स्टाल लगाए। इस दौरान सामाजिक व्यापारियों को आगे बढ़ने में सहयोग देने के लिए अपील की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने व्यापार एक्सपो का अवलोकन किया।

# ट्रकों की चोरी के मामले में 11आरोपी गिरफ्तार, आरटीओ एजेंट भी शामिल

■ ट्रकों को लीज लेकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेच दिया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

ट्रकों की चोरी के मामले में पुलिस ने अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी की है। इसमें आरटीओ एजेंट भी शामिल हैं। यूपी, बिहार और हरियाणा के ऐसे ट्रक मालिक जिनकी ट्रकों को लीज पर लेने के बाद रंग रोगन कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेच दिया गया है, रायपुर में भटक रहे हैं। दरअसल, राजधानी की खमतराई पुलिस ने एक सप्ताह पहले ट्रक चोरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का जाल देशभर में फैला हुआ है। इन लोगों ने 283 ट्रकों को लीज पर लेकर गायब कर दिया है। ट्रकों को रायपुर के यार्ड में लाकर रंग रोगन किया जाता था। उनका चेसिस व इंजन नंबर बदला जाता था। असम, नागालैंड व अन्य राज्यों के आरटीओ दलालों के माध्यम से फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते थे। इसके बाद ट्रकों को बेच दिया जाता था। पुलिस ने अब तक 40 ट्रकों को जब्त किया है। इनमें से 30 ट्रक यूपी, बिहार व हरियाणा के हैं। अपने ट्रक की तलाश में बिहार से यहां पहुंचे राजकिशोर शाह ने बताया कि उनकी मदद न वहां की पुलिस कर रही है न यहां की। यहां कहा जा रहा है कि जहां से ट्रक लिया गया था वहां के थाने में रिपोर्ट दर्ज कराओ तब ट्रक वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी जबकि वहां की पुलिस कह रही है अपराध दूसरे राज्य में हुआ है इसलिए रिपोर्ट भी वहीं लिखी जाएगी।

राजकिशोर शाह ने बताया कि उन्होंने अपना ट्रक 23 सितंबर 2022 को मुजफ्फरपुर के सत्येंद्र को किराए पर दिया था। जब भुगतान का समय आया तो वह आनाकानी करने लगा। अब सत्येंद्र जेल में है और उनकी ट्रक पता नहीं कहां है। मुजफ्फरपुर के दीपक कुमार ने बताया कि सत्येंद्र ही उनकी ट्रक भी ले गया था। पता नहीं किसे बेच दिया है। मुजफ्फरपुर के सरकारी स्कूल का एक शिक्षक नागेंद्र सिन्हा इस प्रकरण का मास्टर माइंड है। उसने भी कई ट्रक गायब किया है। वह भी जेल में है।

# टीबी एवं कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए चल रहा है सघन अभियान

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





जिले में 1 दिसम्बर से टीबी एवं कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 1 दिसम्बर से स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर इन दोनों बीमारियों के संभावित मरीजों की पहचान कर रही है। अभियान के अंतर्गत संभावित मरीजों की जांच कर पॉजिटिव पाए गए लोगों को इलाज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बताया सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। पहला चरण 1 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक संचालित किया जाएगा। वहीं सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान के दूसरे चरण में 2 जनवरी से 17 जनवरी तक सभी निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम्स, प्राइवेट प्रैक्टिशनरों और केमिस्टों द्वारा चिन्हांकित टीबी व कुष्ठ के संभावित मरीजों की दैनिक सूची प्राप्त कर टीबी व कुष्ठ के पोर्टल में पंजीयन किया जायेगा। इस दौरान जांच की जरूरत वाले संभावित मरीजों का निःशुल्क सैंपल भी लिया जाएगा।

**मितानिन कर रहीं क्षेत्र भ्रमण**

अभियान के दौरान मितानिन 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2022 तक अपने-अपने कार्यक्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर टीबी एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान कर रही है। 16 दिसम्बर से 21 दिसम्बर की अवधि में मितानिन द्वारा खोजे गए टीबी एवं कुष्ठ के संभावित मरीजों का पुनः परीक्षण संबंधित क्षेत्र के एमपीडब्ल्यू (बहु-उद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) एवं एएनएम द्वारा किया जाएगा। हर घर में जाकर सभी व्यक्तियों में लक्षणों का पता लगाया जाएगा। जिन क्षेत्रों में मितानिन कार्यरत नहीं हैं, वहां नजदीक के क्षेत्रों की मितानिन या कुष्ठ मित्र, टीबी चैम्पियन, टीबी मितान या स्वयंसेवी व्यक्तियों की सेवाएं ली जाएंगी। मितानिन द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान चिन्हांकित टीबी एवं कुष्ठ के संभावित रोगियों को निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच कराने की सलाह दी जाएगी।

ऐसे शहरी क्षेत्रों (मुख्यतः नॉन-स्लम में) जहां मितानिन की उपलब्धता नहीं है, वहां शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के पुरूष या महिला आरएचओ द्वारा टीबी एवं कुष्ठ के संदिग्ध मरीजों की पहचान की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के दौरान टीबी चैम्पियन्स, टीबी मितानों, कुष्ठ मित्रों एवं स्वयंसेवी व्यक्तियों की सेवाएं सर्वे कार्य एवं अभियान के प्रचार-प्रसार में लेते हुए उन्हें नियमानुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने 1 दिसम्बर से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले टीबी व कुष्ठ के संभावित मरीजों की सूची पृथक से संधारित करने को कहा है जिससे अभियान के दौरान मितानिनों द्वारा प्राप्त सूची से इसका मिलान किया जा सके।

सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान के प्रभावी संचालन के लिए इसमें संलग्न जिला स्तर, विकासखंड एवं शहरी क्षेत्र के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने सभी विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधकों को अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं, जिससे इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# विस अध्यक्ष महंत ने अम्बेडकर के निर्वाण दिवस पर उन्हें स्मरण करते हुए किया नमन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विशाल भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के निर्वाण दिवस, पुण्यतिथि अवसर पर उन्हें याद करते हुए नमन किया है। डॉ. महंत ने कहा कि, डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत को एक सूत्र में बांधने एवं आधुनिक भारत के संविधान निर्माता जैसे नामों की संज्ञा दी जाती है। बाबासाहेब अंबेडकर जी एक महान और बेहद प्रभावशाली चरित्र वाले महापुरुष थे, बाबासाहेब अंबेडकर अपने पूरे जीवनभर समाज में दलितों को उनका हक दिलवाने के लिए, महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के साथ समाज में फैली जातिगत असमानता एवं सतीप्रथा, बालविवाह, छूआछूत, मूर्तिपूजा और अंधविश्वास जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के प्रयास में लगे रहे साथ ही उन्होंने समाज में शिक्षा पर भी विशेष जोर दिया।

## 2018 से नवंबर 2022 तक 1.56 लाख शव पहुंचाया

# पार्थिव शरीर को घर पहुंचाने में मिली मुक्तांजलि वाहन की सुविधा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

अस्पताल से घर तक मृतक के पार्थिव शरीर को ससम्मान ले जाना परिजनों के लिए मुश्किल और खर्चीला होता है। ऐसी स्थिति में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी अस्पतालों से मृतक के पार्थिव शरीर को घर तक पहुंचाने के लिए 'मुक्तांजलि' निःशुल्क शव वाहन सेवा टोल फ्री नंबर.1099 उपलब्ध कराई गई है।

'मुक्तांजलि' निःशुल्क योजना के तहत अब तक(2018 से नवंबर 2022 तक) कुल 1.56 लाख से अधिक मृतकों को ससम्मान उनके घर तक पहुंचाया गया है। साथ ही निरंतर ही 114 वाहनों के जरिए निःशुल्क सेवा का लाभ जरूरतमंदों को दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। कोविड़ महामारी के दौरान जब व्यक्ति अपने प्रिय कोविड संक्रमितों का शव लेने में भी असहज महसूस कर रहे थेए उस दौरान भी दिन-रात सेवा दी गई। कोविड़ संक्रमितों के पार्थिव शरीर को ससम्मान परिजनों द्वारा बताए गए गंतव्य तक पहुंचाया गया। इस संबंध में मुक्तांजलि निःशुल्क शव वाहन सेवाए राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने बताया 'जरुरतमंदों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1099 निःशुल्क मुक्तांजलि शव वाहन सेवा उपलब्ध है। लोग टोलफ्री नंबर 1099 पर कॉल कर या टोलफ्री नंबर 104 पर कॉलकर उपरोक्त सेवा का लाभ लेकर ससम्मान अपने प्रियजन के पार्थिव शरीर को घर तक ले जा सकते हैं।




चालू वित्तीय वर्ष में 35.000 से अधिक लोगों को लाभ सरकारी टोलफ्री 1099 मुक्तांजलि एंबुलेंस सेवा का संचालन करने वाली संस्था कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटीवेशन प्रोग्राम (सीएएमपी) कैपंस छत्तीसगढ़ की प्रमुख प्रियंका द्विवेदी ने बताया सरकार की ओर से शव को सरकारी अस्पतालों से घर तक पहुंचाने के लिए टोलफ्री 1099 मुक्तांजलि शव वाहन सेवा उपलब्ध है। 2018 से 30 नवंबर 2022 तक कुल 1,56,697 लोगों को 'मुक्तांजलि' सेवा के जरिए लाभ पहुंचाया गया है। चालू वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल 2022 से 30 नवंबर 2022 तक, कुल 35,513 मृतकों के शव को ससम्मान उनके घरों तक पहुंचाया गया है।

**मुक्तांजलि सेवा ने दी राहत** : रायपुर निवासी सुधा साहू (परिवर्तित नाम) ने बताया चाची का इलाज अम्बेडकर अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवारवालों ने चाचाजी का अंतिम संस्कार गृहग्राम अंबिकापुर में कराना चाहा। निजी वाहन से संपर्क करने पर उन्होंने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बहुत राशि मांगी, जिसे देने में हम असमर्थ थे। तब किसी ने हमें 'मुक्तांजलि निःशुल्क शव वाहन सेवा'्र के बारे में बताया। टोलफ्री नंबर 1099 पर कॉल कर हमें एंबुलेंस उपलब्ध हुआ और निःशुल्क गृहग्राम चाचाजी का पार्थिव शरीर हम आसानी से लेकर पहुंच सके।'

इसी तरह रायगढ़ निवासी सुकांत सिंह (परिवर्तित नाम) ने बताया परिजन का सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद हमने मुक्तांजलि निःशुल्क शव वाहन सेवा (टोलफ्री नंबर 1099 से संपर्क किया और फौरन ही एंबुलेंस उपलब्ध हो गया। इससे हमें बहुत राहत मिली और मृतक के शव को घर तक लाने में सुविधा हुई।

# दुष्कर्म मामले में एक और आरोपी की पुष्टि बच्चे का डीएनए आरोपी से हुआ मैच

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

माना एसओएस बालिका गृह में 14 साल की नाबालिग से दुष्कर्म हुआ था, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण इकाई ने इस मामले को दबा कर रखा था। बच्ची जब 6 माह की गर्भवती हो गई तब जाकर पुलिस को जानकारी देकर एफआइआर दर्ज कराई गई। लेकिन इस मामले में यह पता लगाने की कोशिश नहीं की गई कि इस मामले में और कौन-कौन संलिप्त है।

राजधानी रायपुर के माना एसओएस बालिका गृह बाल आश्रम में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक अन्य आरोपित के शामिल होने की पुष्टि हुई है। वहीं आरोपी और नाबालिग के बच्चे का डीएनए भी मैच हो गया है। नाबालिग के बच्चे और आरोपी आदित्य खांडे का डीएनए मैच हुआ। जानकारी के अनुसार एएसपी ग्रामीण ने डीएनए मैच होने की पुष्टि की है। बता दें कि बाल आश्रम में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले जेल में बंद आरोपित अंजनी शुक्ला का बच्चे से डीएनए मैच नहीं हुआ था। खबर के बाद पुलिस ने दोबारा इसकी जांच शुरू की थी। साथ ही राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने भी मामले को संज्ञान में लिया था। जिसके बाद दुष्कर्म मामले का अन्य आरोपी आदित्य खांडे को पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्तार किया था। वहीं बाल आश्रम में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में नाबालिग ने जिस बच्चे को जन्म दिया था उसका और नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले जेल में बंद आरोपित अंजनी शुक्ला का डीएनए मिस मैच हुआ था। यानी कि बच्चे का जैविक पिता कोई और ही था। इससे साफ हुआ था कि जो आरोपित जेल में बंद है, उसके अलावा किसी और ने भी नाबालिग से दुष्कर्म किया था। वहीं मामले में पुलिस की जांच से लेकर महिला एवं बाल विकास की जांच पर भी सवाल उठ थे।

# अवैध कारोबारियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई चोरी, लूट जैसे अपराध में शामिल आरोपियों को पकड़ा

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



चौकी प्रभारी उमेश वर्मा के नेतृत्व में लवन में चोरी हुए मशरूका एवं मुलजिम की पतासाजी करने में सफलता हासिल की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को चोरी लूट जैसे अपराध में शामिल आरोपियों को पकड़ने हेतु प्राप्त निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुभाष दास के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक उमेश वर्मा लगातार अवैध कारोबारियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई का अतुलनीय योगदान दे रहे हैं जिससे लवन अंचल के आम जनमानस चौकी प्रभारी के कार्यो से मुरीद हैं रविवार को चौकी प्रभारी के कुशल नेतृत्व में चौकी लवन से चोरी हुए मशरूका एवं मुलजिम की पतासाजी करने में सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जुर्म स्वीकार करने पर मेमोरेंडम कथन लिया गया एवं मुताबिक मेमोरेंडम लूट व चोरी गया मशरूका तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग मोटरसाइकिल को बरामद कर कार्रवाई करते हुए चोरी में शामिल 03 आरोपी तथा 03 विधि से संघर्षरत बालकों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरुद्ध तथा बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि जीवन लाल वर्मा, विजय केसरिया,नरेंद्र मार्कण्डेय, प्रधान आरक्षक भारत भूषण पठारी, धनंजय यादव,अजय आँचल, परमा नंद रथ,आरक्षक केशव भट्ट, केशव पटेल,सूरज पाटले, रूपेश बघेल, पल्लव सिंह का विशेष योगदान रहा। प्रार्थी प्रेमलाल गाड़ा निवासी ग्राम चिचपोल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम डमरु से उधारी में 10,600 लेकर लिफ्ट लेकर वापस घर जा रहा था। रास्ते में पेशाब पानी के लिए रुकने पर 03 अज्ञात व्यक्ति एक मोटरसाइकिल में आए और प्रार्थी से जबरन पैसे को लूट कर भाग गए थे। मामले में अपराध कायम कर विवेचना पता तलाश में लिया गया था विवेचना दौरान आरोपी का पता कर मुताबिक मेमोरेंडम खर्च बाद शेष रकम आरोपी सुमित, पवन कुर्रे एवं एक अपचारी बालक से नगदी रकम 2000 नगद एवं मोटरसाइकिल जब्त किया गया है। प्रार्थी कन्हैया अग्रवाल निवासी लवन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नगर पंचायत भवन में पौनी, पसारी, सेड़वा, चबूतरा निर्माण कार्य के लिए टेंडर मिला हुआ है तथा कार्य चल रहा है। 18/नव/2022 को जहां पर काम चल रहा था वहीं पर सेड में बिजली पोल 12 नग, तीन बंडल सरिया एवं नगर पंचायत के शौचालय कमरा में रखें बिजली पोल फाउंडेशन सेट 12 नग, कटर मशीन एवं डाई रखा था काम बंद कर सामान को वहीं रख सभी चले गए थे। 21/नव/2022 को सुपरवाइजर उमेश निराला देखा तो उक्त सामान जुमला कीमत 74,000 को कोई अज्ञात चोर, चोरी कर ले गया था, कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना पता तलाश में लिया गया। विवेचना दौरान मुखबिर सूचना पर संदिग्धों से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया एवं मुताबिक मेमोरेंडम पेश करने पर आरोपी पवन कुर्रे व सुमित कुर्रे निवासी लवन एवं 03 विधि से संघर्षरत बालकों तथा चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी नारायण दास से चोरी गए सामान को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों के नाम . पवन कुर्रे पिता कमल कुर्रे उम्र 30 साल निवासी लवन चौकी लवन। सुमित कुर्रे उर्फ छोटे सोडेमाडे पिता संजीवन कुर्रे उम्र 20 वर्ष निवासी लवन चौकी लवन।

# मंजिल तक पहुंचने करें कड़ी मेहनत: रूपेश कुमार

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के तत्वावधान में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम कलेंडा में आयोजीत हैं। शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजीत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाज सेवी रूपेश कुमार अध्यक्षता वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर संध्या भोई विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम पटेल,सरपंच प्रतिनिधि मिनकेतन पटेल,कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा, लोकनाथ चौधरी, मुरलीधर भोई, दुखनाशन प्रधान, जगदीश प्रधान, राष्ट्रीय निर्णायक मुकेश साहू, राजेश साहू मंचासीन रहे ।राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए डॉ संध्या भोई ने कहा समाज के विकास में सबसे बड़ा बाधक शराब सेवन है। असमय में मृत्यु, सड़क दुर्घटना ,सामूहिक अनाचार, चोरी,हत्याएं जैसी जघन्य कृत्यों का मूल कारण शराब सेवन है । आगे उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा जिस तरह से कम उम्र के बच्चे शराब सेवन के आदी होते जा रहे हैं वह हमारे लिए सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है। क्योंकि जिस देश का वर्तमान ही गलत राह में चले तो उस देश के भविष्य का क्या होगा। खासकर छात्रों की ओर इंगित करते हुए कहा यदि समाज में बदलाव लाना है,तो सबसे पहले अपने आपको बदलकर नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहना होगा। यदि हम अपने कर्तव्यों से पीछे भागने लगे तो आने वाली पीढ़ी इसके लिए हमें कभी माफ नहीं करेगी।उन्होंने स्कूल, कॉलेजों में जाकर नशामुक्ति का प्रचार प्रसार करने की बात कही। युवा समाजसेवी रूपेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए आपको कड़ी मेहनत करना पड़ेगा । तब तक आपको रुकना नहीं है जब तक आपको अपना मंजिल ना मिल जाए। उन्होंने कहा शराब सेवन के कारण गांव-गांव में विवाद, भाई-भाई में झगड़ा, बीवी बच्चों की निर्मम हत्या, हो रहे हैं । जिसे हम सबको मिलकर रोकना होगा। कार्यक्रम को पुरुषोत्तम पटेल, मुकेश साहू ,दुखनाशन प्रधान ने भी संबोधित किया। अतिथियों की संबोधन को सुनकर एवं प्रभावित होकर स्वेच्छा से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया।

# सेवा सहकारी समिति मोहरेंगा में किसान कुटीर भवन का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



सेवा सहकारी समिति मोहरेंगा में किसान कुटीर भवन का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय ताम्रध्वज साहू गृहमंत्री, विशिष्ट अतिथि आशीष छाबड़ा अध्यक्षता राजेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग ने किया। कार्यक्रम में सरस्वती रात्रे, अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, कैलाश नाहटा, झूमुक साहू अध्यक्ष सरपंच संघ धमधा, सूर्यप्रकाश शर्मा, टूमन साहू, धनराज बंजारे, जितेन्द्र साहू, अशोक पटेल,भागवत प्रसाद साहू, श्रवण कुमार यादव तथा बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी व समिति के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में ओनी कुमार महिलांग अध्यक्ष समिति मोहरेंगा को बधाई दिया। उन्होने फसल परिवर्तन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया उन्होने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरी है व पिछले 04 वर्ष में किसानों का एक भी आत्महत्या प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है। गोधन न्याय योजना से किसानों के अन्य आय में वृद्धि हुयी है। इस अवसर पर आशीष छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे देश में धान का सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य छत्तीसगढ़ में मिल रहा है, जिसके कारण 2018 की तुलना में धान की खरीदी लगभग दोगुना हो गया है। इस अवसर पर राजेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार की सारी योजनाएँ गांव गरीब और मजदूरों पर केंद्रित है। सरकार के शपथ लेने के मात्र दो घंटे के भीतर कर्जामाफ किया गया। गोधन न्याय योजना से किसान समृद्ध हो रहे है एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रत्येक समिति में किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर का निर्माण किया जा रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना 04 किश्तों में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए दिया जा रहा है।

# सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे 6150 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया

## 3950 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में 6150 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 3950 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक होने वाली भर्ती का विवरण इस तरह है। 5 दिसंबर को बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, गरियाबंद, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, राजनांदगांव, 6 दिसंबर को धमतरी, जीपीएम जिला हिस्सा लेंगे।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेहतर संचालन के लिए आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को जारी किए निर्देश

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है, जिसमें से एक दाई-दीदी क्लीनिक भी संचालित है। योजना का समुचित रूप से क्रियान्वयन हेतु सभी जोन आयुक्त को प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने निर्देश दिए है। जारी निर्देश के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से चिकित्सा सेवा का लाभ शहरी स्लम में निवासरत तीनों वर्ग के श्रमिकों एवं अन्य को दिया जाना है। प्रत्येक कैंप स्थलों पर शेष पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन की कार्यवाही 100त्न किया जाना है, श्रम विभाग से इस कार्य के लिए जोन के एआरओ द्वारा समन्वय आदि का कार्य अजय शुक्ला प्रभारी अधिकारी सामाजिक पेंशन के साथ किया जाएगा। योजना का लाभ अधिकतम हितग्राहियों को दिया जाना है इसलिए शिविर का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया गया है। क्षेत्र के मितानिन, सीपीएम एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को कैंप शेड्यूल सूची उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक जोन द्वारा कैंप का प्लान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद आदि को भी समय पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि मरीजों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल द्वारा प्रत्येक शिविर में पूर्ण व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं, शिविर ऐसे स्थलों पर लगे जहां पर शौचालय, छाया, पानी आदि की व्यवस्था हो तथा स्थल पर साफ -सफाई की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित हो। शिविर के 1 दिन पूर्व मुनादी के माध्यम से शिविर स्थल का व्यापक रूप से प्रचार, प्रसार जोन आयुक्त सुनिश्चित करेंगे।

# सड़क के लिए गृह मंत्री ने दिलाया 5 करोड़ रुआबांधा से पुरैना तक नहीं खाने पड़ेंगे हिचकोले

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण के विधायक और लोकनिर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रिसाली निगम के बदहाल सड़को को सवारने प्रयास किया है। बीटी रोड मरम्मत के लिए 5 करोड़ स्वीकृत किया है। इस राशि से निगम क्षेत्र के सभी बीटी रोड का संधारण किया जाएगा। रिसाली निगम क्षेत्र के गली कूचों की सड़कों को बनाने के बाद क्षेत्रीय विधायक ने मुख्य सड़कों को सवारने राशि स्वीकृत कराई है। उन्होंने सभी जीर्ण शीर्ण बीटी रोड को नए सिरे से पेच वर्ग करने राशि उपलब्ध कराई है। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निगम के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। टेंडर कार्य की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पुरैना से रुआबाँधा तक के सड़कों का पेच कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। इन क्षेत्र में खर्च होगा 5 करोड़-वार्ड 2 पंथी चौक से झिरिया तालाब तक 28 . 88 लाख , झिरिया तालाब से एनेसपीसीएल मोड़ तक 28 .88 , वार्ड 14 कल्याणी मंदिर से बीआरपी चौक व वार्ड 12 मैत्री गार्डन रोड 5.19, वार्ड 22 आशीर्वाद भवन सीनेसपीसीएल बस स्टॉप तक 28.34 , मिश्रा घर से मार्केट तक व ज्योति आटा चक्की सौम्या ब्यूटी पार्लर तक 24 .80 , डेस्टिनेशन अपार्टमेंट के चारो ओर व सड़क 5 व 6 - 24.77 , वार्ड 23 सड़क 19 -5.43 , वार्ड 24 सड़क 4 आजाद मार्केट 9.50 , वार्ड 25 आशीष नगर साहू फैंसी के सामने 23.63 , वार्ड 25 सड़क 21 में 5.40, आशीष नगर रामगोपाल मार्ग 13.05, वार्ड 26अवधपुरी चन्द्राकर ट्रेडर्स से हनुमान मंदिर 42.99, वार्ड 27 संगम डेयरी मार्ग 23.76, वार्ड 28 आशीष नगर पूर्व 27.85 , वार्ड 28 जल तरंग बार से सड़क 3 तक 26.63, वार्ड 29शिवाजी चौक से धनोरा रोड फाटक तक 32.02, वार्ड 30 इस्पात नगर राम मंदिर से साई मंदिर के बाजू 23.63 , हवेलीराम निवास से गौटिया घर तक 7.14 , वार्ड 32 नेवई भाटा रेड्डी क्लिनिक से दीक्षा स्कूल 9.64 , वार्ड 35 डुडेरा सियाराम चक्रधारी से नरेश व देवलाल यादव घर से चुरामन साहू तक 32.74 , वार्ड 36 डिकेन्द्र यादव घर से गार्डन तक 12.02।

# गौठानों में डीएमएफ में कमीशनखोरी की जांच कराने लक्ष्मी वर्मा ने कलेक्टर को सौंपा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



डीएमएफ योजना से जिले के गौठानों में स्वीकृत विकास कार्यों में 15 प्रतिषत की कमीशन वसूली की शिकायत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर लक्ष्मी वर्मा के गांवों में जनसंपर्क के दौरान प्राप्त हो रही लिखित षिकायतों को लेकर बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में जिला कलेक्टर से मिलकर एक ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर को बताया कि जिला तथा जनपद कार्यालयों के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से संगठित लूट किया जा रहा है। परोक्ष रूप से गौठानों में ठेकेदार के माध्यम से स्वीकृत कार्यों को कराकर 15 प्रतिशत की कमीशन वसूली करायी जा रही है। बड़ी तादाद में कार्य उन्हीं पंचायतों में स्वीकृत किया जा रहा है, जहां के सरपंच और सचिवों को विश्वास में लिया गया है और वे परोक्ष रूप से ठेकेदार से कार्य करवाने सहमत रहते हैं। कुछ पंचायतों में बीएमएफ योजना से 35 लाख तक के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। जबकि अधिकतर पंचायतों में स्वीकृत कार्य की राषि बहुत कम अथवा शून्य है। यहां तक कुछ पंचायत जो खनन से सीधे प्रभावित हैं अथवा प्रभावित क्षेत्र से लगे हैं वहां पर भी स्वीकृत कार्य की राषि अल्प अथवा नगण्य है। स्वीकृत कार्यों के पंचायत द्वारा ऐजेंसियों को किये गये भुगतान सामग्री क्रय नियम का पालन ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव आदि की पड़ताल कर वास्तविकता सामने लायी जा सकती है। इस तरह कुट रचना कर संगठित और अवैध कमीशन वसूली से करोड़ों रूपए के कालाधन उगाही की और व्यापक स्तर पर विभिन्न टैक्स की चोरी का भी अंदेषा प्रथम दृष्टया बनता है। इस संगठित लूट में कुछ बड़े और जिम्मेदार लोगों के शामिल होने का भी अंदेशा है। इसकी जांच कराई जाय तो सत्य अपने आप सामने आयेगा और उचित कार्यवाही षासन द्वारा किया जाय इसकी मांग उन्होंने रखी। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने जिलाधीष को ज्ञापन के माध्यम से श्रीसीमेंट खपराडीह में अनियमितता की शिकायत की भी जांच कराने कलेक्टर से अनुरोध किया। उन्होंने बताया अनुसूचित जनजति वर्ग के जमीन खरीद मामले में पूनर्वास नीति का पालन नहीं किया गया है। इस वर्ग के कृषकों की भूमि संयंत्र स्थापना के लिए खरीदी गई है, उन्हें तत्काल संयंत्र में स्थायी रोजगार दिया जाय, जिन्हें ठेका श्रमिक के रूप में अस्थायी रोजगार दिया गया है। उन्हें भी संयंत्र के सीधे नियमित कर्मचारी के रूप में नियुक्ति दिया जावे। साथ ही साथ सीधे प्रभावित क्षेत्र के पंचायतों के अन्य वर्ग के बेरोजगार को भी प्राथमिकता देते हुए तत्काल नियमित रोजगार उपलब्ध कराया जाय। प्रबंधन द्वारा बनाये जा रहे रेल्वे ट्रैक के फाउंडेशन कार्य के लिए संयंत्र के खदान क्षेत्र के भूमि को खोदकर हजारों घन मीटर मुरम का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण नियमानुसार खदान क्षेत्र की ऊपरी परत को संरक्षित करके रखना होता है। किन्तु इसका खुला उल्लंघन संयंत्र द्वारा किया जा रहा है। संयंत्र क्षेत्र के भूमि जिस पर खदान संचालित नहीं है वहां भी बड़े-बड़े सैकड़ों गड्ढे निर्मित हैं, जिसे अवलोकन कर सत्य ज्ञात किया जा सकता है। इस अवैध और ओवरलोड मुरम परिवहन से पड़कीडीह से ग्राम रवेली मार्ग अत्यन्त जर्जर हो चुका है। संयंत्र से औरंगाबाद, बिहार ओवरलोड क्लिंकर का ट्रान्सपोटेशन किया जा रहा है। जिसके लिए कूटरचना कर दो बिल्टी बनायी जा रही है एक वाहन के वास्तविक क्षमता का और दूसरा ओवरलोड भार का इसका परिक्षण वगत 03 वर्षों से परिवहन के लिए उपयोग किये गये वाहन की क्षमता और बनाये गये बिल्टी से किया जा सकता है। सी.एस.आर. मद से किये गये कार्यों का अंकेक्षण भौतिक सत्यापन सहित कराया जाय। भारी अनियमितता की शिकायत प्राप्त हो रही है। प्रभावित क्षेत्र से बाहर और नियम विरूद्ध कार्यों को किये जाने की शिकायत भी प्राप्त हो रही है। इस ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में प्रभावित क्षेत्र के किसान, मजदूर एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिनमें प्रमुख रूप से संजय श्रीवास, दिनेश बाजपेयी, जीतराम अनंत, पोशण पटेल, कमल साहू, विजय अनंत, जितेन्द्र अनंत, रमेश अनंत, सूरज कुर्रे, संतदास अनंत एवं गांव के प्रबुद्ध नागरिक भी मौजूद रहे।

# शहर सरकार आपके द्वार में मिले 90 आवेदन

**रायगढ़।** शहर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को सुबह से दोपहर तक टीवी टावर मेन रोड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला प्रशासन एवं नगर निगम से संबंधित समस्त विभाग ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान वार्ड 27 के निवासियों ने मांग एवं शिकायत के करीब 90 आवेदन किए। वार्ड क्रमांक 27 में रविवार की सुबह से दोपहर तक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रशासन एवं नगर निगम से संबंधित स्वास्थ्य, जल, राशन कार्ड, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभाग के स्टाल लगे हुए थे, जिसमें जिला प्रशासन एवं नगर निगम के कर्मचारियों ने सेवाएं दी। इस दौरान वार्ड क्रमांक 27 के निवासियों ने शिकायत एवं मांग के करीब 90 आवेदन दिए, जिसे संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। जल्द ही इन आवेदनों पर कार्रवाई करने की आश्वासन दी गई है। शिविर का नगर विधायक श्री प्रकाश नायक ने निरीक्षण किया।

## आईआईटी जोन इंस्टीट्यूट में होगा मॉक टेस्ट, कलेक्टर मीणा ने दिए निर्देश

# नीट यूजी एवं आईआईटी की कोचिंग के लिए होंगे नि:शुल्क मॉक टेस्ट

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रतियोगी छात्र छात्रा अधिकतम संख्या में नीट यूजी एवं आईआईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं में चयनित हो सके इसके लिए जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

यह मॉक टेस्ट हर 15 दिन में आयोजित किए जाएंगे। मॉक टेस्ट का आयोजन आईआईटी जोन संस्था द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए दुर्ग आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय से अधिकतम संख्या में विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में चयनित हो सके। इसके लिए कोचिंग के साथ ही मॉक टेस्ट की व्यवस्था भी की गई है। मॉक टेस्ट के माध्यम से प्रतियोगियों को परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की प्रकृति के संबंध में अधिक जानकारी होती है तथा इससे उन्हें तैयारी करने के लिए विशेष दिशा प्राप्त हो जाती है। मॉक टेस्ट के माध्यम से वे अपनी गलतियों को सुधार सकते हैं। हर 15 दिन में आयोजित होने वाले टेस्ट के माध्यम से प्रतियोगी छात्र छात्रा अपनी तैयारी की दिशा का आकलन कर सकते हैं तथा इससे वे रणनीति बेहतर कर सकते हैं।

# अधिवक्ता दिवस पर छत्तीसगढ़ चौहान सेना ने अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता लवकुश साहू शामिल हुए थे। हाई कोर्ट से महिलांग और कोसले तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका सरायपालीके सभापति हरदीप सिंह रैना और मानव अधिकार से डिस्ट्रिक्ट सचिव रूबी सिंह तथा अध्यक्षता चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी नंद ने की। इस अवसर पर अधिवक्ता साहू ने कहा कि अंतिम तबके को न्याय दिलाने हर अधिवक्ता को प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को चातुरी डिग्रीलाल नंद ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा की जूनियर एडवोकेट को जैसे ही जिले में रजिस्ट्रेशन होता है। उन्हे शासन द्वारा कम से कम 5 वर्ष तक प्रतिमाह 10000 रु का स्टाइफन मिलना चाहिए तथा महिला एडवोकेट्स के लिए अलग से अधिवक्ता भवन होना चाहिए। आगे उन्होंने कहा की आकस्मिक निधन होने पर अधिवक्ता परिवार को 2000000 बीस लाख रु का बीमा अधिवक्ता कल्याण कोष से प्रदान किया जाना चाहिए। अधिवक्ता संघ से निवेदन करते हुये नंद ने कहा कि प्रत्येक 3 महीने में समाज के साथ मिलकर एक शिविर आयोजित होनी चाहिए। जिस पर अधिवक्ता संघ सरायपाली के सचिव देवेंद्र शर्मा ने कहा कि हम आपके साथ है। आप शिविर लगाइए हम शिविर पहुंच कर जागरूकता फैलाने में संगठन का साथ देंगे। नगर पालिका सरायपाली के सभापति हरदीपसिंह रैना ने कहा की गरीब तबके के लोगों को भी न्याय मिले। इसके लिए विचार करना चाहिए। छत्तीसगढ़ चौहान सेना संस्थापक ने सभी अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की बधाइयां दी और आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अधिवक्ताओं नित्यानंद साहू, देवेंद्र शर्मा, एम डी साहू, निर्मल प्रधान, सीनियर एडवोकेट के के बारीक, शिवशंकर साहू, के बी खान, गजानंद स्वाई, शेखर बारीक, स्वर्ण सिंह सलूजा, प्रदीप दास राजन, सतीश अग्रवाल, मीनाक्षी प्रधान, रायपुर से महिला अधिवक्ता गायत्री साहू, हेमलता सिंह नोटरी और सुचित्रा वर्धन नोटरी, पी डी भोई, दिलीप भोई, रेशमलाल नायक, नोटरी शशिकांत पटेल नोटरी, प्रदीप भोई।

संपादकीय

## अमेरिका के साथ युद्धाभ्यास चीन को आपत्ति

**भारत** ने ठीक ही कहा है कि वह अमेरिका के साथ युद्धाभ्यास जैसे मामलों पर चीन को कोई 'वीटो' अधिकार नहीं देने जा रहा है। उन्नीसवीं शताब्दी में 'राष्ट्र-राज्य' की अवधारणा पश्चिम में लोकप्रिय हो गई थी, पर इसके एकदम उलट चीन इस शताब्दी में 'सभ्यतामूलक राज्य' के विचारों को बढ़ावा दे रहा है। जहां, राष्ट्र-राज्य का अर्थ एक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व होता है जिसका जनता या एक भाषाई या नस्ली समूह के साथ साझा इतिहास होता है, वहीं सभ्यतामूलक राज्य एक पूरी सभ्यता का प्रतिनिधित्व करता है। अमेरिकन राजनीति विज्ञानी व अकादमिक सैमुअल हटिंगटन के 'सभ्यताओं के टकराव' सिद्धान्त ने शायद इसमें अपनी भूमिका अदा की हो, पर यह निश्चित रूप से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी नेताओं के बीच बहुत लोकप्रिय है। विदेशियों को संबोधित करते समय चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग चीनी सभ्यता और उसके विशिष्ट इतिहास पर जोर देते हैं। सरकार-समर्थक बुद्धिजीवी उनका अनुसरण करते हैं। फूदान विश्वविद्यालय के झांग वेईवेई ने 'द चाइना वेवः राइज़ आफ अ सिविलाइजेशनल स्टेट' नामक प्रभावशाली पुस्तक लिखी है। झांग के अनुसार आधुनिक चीन की सफलता का कारण पश्चिमी राजनीतिक विचारों का परित्याग है। इस सिद्धान्त के अनुसार, पुनर्जागरण विचारों के बजाय कन्फ्यूशियसवादी संस्कृति तथा मैंडारिन व्यवस्था ने थोड़े ही समय में चीन का असाधारण उभार संभव बनाया है। लेकिन यदि विद्वतापूर्ण शब्दावली तथा राजनीतिक लफ्फाजी को छोड़ दिया जाए तो वास्तव में चीन में सभ्यतामूलक राज्य के बजाय एक 'पार्टी राज्य' है। यदि पाकिस्तान उन्नीसवीं शताब्दी के प्रूसिया की तरह 'राज्य वाली सेना' है तो चीन एक पार्टी-स्वामित्व वाला राज्य है। मजेदार बात है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी सीसीपी की एक शाखा है। ऐसी व्यवस्था दुनिया के पहले कम्युनिस्ट राज्य पूर्व सोवियत संघ में भी नहीं थी। केवल ऐसे संवेदनशील मामलों को ध्यान में रख कर ही सीसीपी के विशिष्ट नेताओं की सोच पर गौर किया जा सकता है। सभ्यतामूलक राज्य की अवधारणा सीसीपी नेताओं को अपनी नापसंद वाले किसी भी देश के खिलाफ 'असीमित युद्ध' जारी रखने की अनुमति देती है, फिर चाहे वह भारत हो या अमेरिका।

बीजिंग नई दिल्ली से केवल यही चाहता है कि वह सिर झुका कर बहुआयामी चीनी आक्रमण स्वीकार कर ले जिसमें भारत की घेराबंदी, उसका बाजार अपनी वस्तुओं से पाट देना तथा भारतीय डेटा एकत्र करना शामिल हैं। भारत जो कुछ भी करता है, चीन उस पर निश्चित रूप से आपत्ति करता है, फिर चाहे वह क्वाड में सहभागिता हो अथवा ताइवान के साथ संबंध सुधार। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि चीन ने भारत-अमेरिका संयुक्त सैनिक अभ्यास-'युद्ध अभ्यास' पर आपत्ति जताई जो वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी के निकट हो रहा है। लगभग दो सप्ताह का यह अभ्यास हर साल भारत और अमेरिका संयुक्त रूप से करते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि एलएसी के निकट संयुक्त सैनिक अभ्यास 'भारत और चीन के बीच 1993 व 1996 में हुए समझौतों की भावना का उल्लंघन करता है।' ऐसा कहना चीन को शोभा नहीं देता है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों को जरा भी सम्मान न देने वाले चीन ने हेग में 2016 में अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण का फैसला अनदेखा कर दिया है जिसने दक्षिण चीन सागर के विवादित समुद्री स्थल पर फिलीपीन्स के दावे स्वीकार किए थे। चीन ने जिद पर अड़े रह कर भारत के साथ सीमा निर्धारण से इनकार किया है। उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में 'वीटो' से बाधा डाली है। इसके बावजूद वह भारत को द्विपक्षीय समझौतों की 'भावना' पर उपदेश देता है। भारत ने ठीक ही कहा है कि वह 'युद्ध अभ्यास' जैसे मामलों पर किसी तीसरे देश, यानी चीन को वीटो अधिकार नहीं देता है।

# भारत की शतकीय पारी और विज्ञान

गौतम आर देसिराजू
और शरण शेट्टी




**15 अगस्त** 2022 को जब भारत ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिये, उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सबका आह्वान किया था कि हम उस यात्रा में शामिल हो जायें जिसमें भारत 2047 तक एक विकसित देश के रूप में परिवर्तित हो जायेगा। यही वह वक्त है जब एक आजाद देश के रूप में भारत अपनी शतकीय पारी पूरी करेगा। प्रधानमंत्री के वक्तव्य की मुख्य विशेषताओं में इस यात्रा के तीन पड़ावों का जिक्र था। यह तथ्य कि हम आकांक्षी समाज बन गये हैं यह कि अब भारतीयों में सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक पुनर्जागरण हो रहा है और यह कि विश्व में हम अपना अधिकारपूर्ण स्थान प्राप्त करने का जो दावा कर रहे हैं उसे अब पूरी दुनिया गंभीरता से ले रही है। हर चीज की योजना के लिये 25 वर्षों का समय कोई लंबा समय नहीं होता और यह बिलकुल साफ है कि विज्ञान व प्रौद्योगिकी में ठोस प्रगति किये बिना विकसित होने के इस तमगे को प्राप्त करना कठिन होगा। अगर विकसित देश का दर्जा हासिल करना है तो भारतीय विज्ञान के लिये उसी के अनुरूप ठोस रोडमैप तैयार करना होगा। पिछले सप्ताह बाली इंडोनेशिया में जी 20 की अध्यक्षता प्राप्त करते समय इन मुद्दों को रेखांकित किया गया था। विशेष रूप से देखा जाये तो विज्ञान20 या एस20 साइंस इंगेजमेन्ट ग्रुप को सरकार ने स्थापित किया है।

बिना वक्त गंवाये केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एस20 शिखर बैठकों की तैयारी का जायजा लेने के लिये एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। एस20 शिखर बैठक अगले वर्ष कोयंबटूर में होगी जिसकी विषयवस्तु डिसरप्टिव साइंस फॉर इनोवेटिव एंड सस्टेनेबल गोल है। इस शिखर बैठक के दौरान रिसर्च इनोवेशन इनीशियेटेड गैदरिंग (आरआईआईजी) विषय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। आरआईआईजी बैठक के उप विषयों में सतत ऊर्जा के लिये सामग्रियां, वैज्ञानिक चुनौतियां व सतत ब्लू इकोनॉमी, जैव विविधता और जैव अर्थव्यवस्था की प्राप्ति के लिये अवसर तथा ऊर्जा अंतरण के लिये आर्थिक नवोन्मेष शामिल हैं। सरकार को उम्मीद है कि शिखर बैठक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देगी, जहां पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के लिये प्रारूपों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा प्रौद्योगिकी स्थानांतरण, वैश्विक स्टार्ट अप इको प्रणाली की रचना तथा आईपी शेयरिंग पर आग्रह एजेंडा का हिस्सा होंगे। विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने में हमें कई दशक लगे हैं। अगले वर्ष जब भारत जी 20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब हमारे पास यह शानदार अवसर होगा कि हम आगे की राह दिखायें तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता और विदेशी सोर्सिंग के बीच संतुलन बिठा सकें। एक प्रधानमंत्री का कर्तव्य होता है कि वह एक राष्ट्रीय परिकल्पना प्रस्तुत करे। इस क्रम में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्रियों ने अतीत में जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के रूप में इसे प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इसमें अब जय अनुसंधान को जोड़ दिया है। विज्ञान और शोधात्मक नवोन्मेष बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं। वे निरंतरता और समावेशिता के मद्देनजर जन परिवेश में भी शामिल हो गये हैं। यह बहुत खास बिंदु है क्योंकि कोई भी देश मात्र समान उच्च जीवन मानकों के बल पर विकसित अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उसके लिये विज्ञान और अनुसंधान व विकास प्रक्रिया में भारी निवेश भी करना पड़ता है जिसके तहत विज्ञान प्रयोगशालाओं से निकलकर जन मानस तक पहुंच जाता है। हमारे औपनिवेशिक दुर्भाग्य ने हमें विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा को पश्चिम की तुलना में 150 वर्ष तथा चीन की तुलना में मोटे तौर पर 30 वर्ष पीछे कर दिया। हमने जो 25 वर्षीय योजना बनाई है उसे हासिल किया जा सकता है लेकिन यह तभी होगा जब हम बिलकुल सटीक रणनीति के साथ योजना बनायेंगे और उस पर अमल करेंगे।

आंकड़ों के आधार पर देखें तो इस वर्ष 7.8 प्रतिशत की विकास दर के बल पर वर्ष 2026-27 तक, यदि तेल की कीमतों में कोई भारी उलट फेर न हो, हम पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा तक संभावित पहुंच के कारण सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि हम 2031-32 तक 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तथा 2047 तक 40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। इस स्थिति में हम सिर्फ पीपीपी नंबरों के आधार पर नहीं बल्कि पूर्ण मौद्रिक संदर्भों में दुनिया के तीन सर्वोच्च देशों में शामिल हो जायेंगे।

2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिये हमें क्या करना होगाः आर जगन्नाथ और आशीष चंदोरकर ने स्वराज्य में जो लिखा है हमें उस पर ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त मैं इसमें शिक्षा, फार्मा व महिला स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य निर्यात मांग आपूर्ति के असंतुलन पर ध्यान देना, उर्वरक सहित पोषण समुद्री और ध्रुवीय अनुसंधान सहित जल, जलवायु परिवर्तन, जिनोमिक्स, नैनोमेटीरियल सहित उन्नत पदार्थ, रोबोटिक्स, विद्युत और सौर ऊर्जा चालित वाहन, ड्रोन, वाह्य अंतरिक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी को आमतौर पर जोड़ना चाहूंगा। इसमें कुछ जरूरी सेक्टरों को भी जोड़ना उचित होगा जहां विशेषज्ञों द्वारा संचालित वैज्ञानिक कार्य पद्धति को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धात्मक प्रौद्योगिकी में बदलना शामिल है। विकसित देश बनने की सीढ़ी चढ़ते वक्त उद्योग को केंद्रीय भूमिका अदा करनी होगी, जिसमें सरकार मुख्य तथा सुविधा प्रदान करने वाली भूमिका में होगी। इन सबको वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के संदर्भ में लेना होगा। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला देशों के बीच एक नये युद्ध का औजार बन चुकी है, जिसे हम ठंडे स्थान पर गर्म युद्ध कह सकते हैं। 25 वर्ष की इस छोटी सी अवधि को मद्देनजर रखते हुये हम कुछ अड़चन वाले क्षेत्रों में आयातित समाधानों की उपेक्षा नहीं कर सकते। इसके लिये भारत के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये सोची समझी विदेश नीति की जरूरत है। हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि कोई भी देश परिस्थितियों को देखते हुये मित्र भी हो सकता है तटस्थ हो सकता है या विरोधी भी हो सकता है। आर्थिक मोर्चे पर, तकनीकी मामलों को आगे बढ़ने, कौशल विकास, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बौद्धिकता तथा आपूर्ति श्रृंखला की खामियों पर भी ध्यान देना होगा, यह भारी-भरकम पैकेज है।

गैर आर्थिक, गैर वैज्ञानिक मामले भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। इन पर फौरन ध्यान देना होगा वरना ये मुद्दे तकनीकी प्रगति के सारे प्रयासों को कमजोर कर सकते हैं। जगन्नाथन ने सात आपात मुद्दों की सूची बनाई है जिन पर फौरन ध्यान जरूरी हैः न्यायिक सेवा और कानून लागू करने की प्रक्रिया में सुधारय प्रशासनिक सुधारय उपरोक्त श्ठंडे स्थानों पर गर्म युद्ध को ध्यान में रखते हुये रक्षा सुधार तथा युद्ध में कृत्रिम बौद्धिकता का उपयोगय गहरे और आपाद संवैधानिक संशोधन, जिसके लिये संविधान सभा जैसी व्यवस्था दरकार होय चुनाव सुधार, जो बुनियाद में बैठे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये, सभ्यता सम्बंधी कामों को दोबारा करना, भारत की अस्मिता के साथ भारत के पुनर्जागरण का एकीकरण और अंत में केंद्र तथा राज्यों के बीच शक्तियों का विकेंद्रीकरण। इनमें से कुछ मुद्दे अन्यों की अपेक्षा भारतीय वैज्ञानिक क्रांति को ज्यादा प्रभावित करते हैं लेकिन कोई भी गैर जरूरी नहीं है। अपने मौजूदा प्रशासनिक और प्रबंधन ढांचे को देखते हुये हम कैसे इस महत्वाकांक्षी सूची में दर्ज मामलों को पूरा करेंगे प्रगति का एक महत्वपूर्ण अंग है शिक्षा का उचित प्रबंधन। भारत की आजादी के बाद से जितनी भी सरकारें आईं, उन सबने सबको शिक्षा को सुगम बनाने का मार्ग बनाया। आईआईएससी, आईआईटी और आईआईएम जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों ने दुनिया के सामने यह झांकी पेश की कि भारत क्या कुछ करने की क्षमता रखता है। इस सबके बावजूद हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिये तथा उसके लिये आमूल अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिये अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इस समय हमें पूरी तरह उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की जरूरत है यदि आवश्यक हुआ तो निजी विश्वविद्यालयों में। वैज्ञानिक उत्कृष्टता के अभाव में, गुणवत्ता व परिमाण की दृष्टि से हमें विकसित देश बनने का कोई मौका नहीं मिल सकता। इस सम्बंध में प्रथम चिंता निवेश की है। इस समय हम अपने सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत शिक्षा और अनुसंधान पर खर्च करते हैं। इस आंकड़े को बढ़ाने की जरूरत है यानी वह सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 3.4 प्रतिशत तो हो। चीन ने 1990 के आसपास ही इस मद में भारी निवेश करना शुरू कर दिया था। इसका नतीजा आज सबके सामने है कि वहां फलता-फूलता वैज्ञानिक इको सिस्टम मौजूद है। अपनी बहाल होती अर्थव्यवस्था को देखते हुये सरकार के भरोसे ही बैठ रहना ठीक नहीं होगा। शिक्षा के क्षेत्र में निजी सेक्टर की भूमिका न केवल जरूरी है बल्कि सजग नियमों के तहत उसे आगे भी बढ़ाना जरूरी है। बहरहाल एक और पक्ष भी है, जिस पर विचार करने की जरूरत है। एक बार फिर 25 वर्ष की छोटी सी अवधि को देखते हुये हम कह सकते हैं कि शिक्षा में जो भी बुनियादी बदलाव किया जायेगा उसके नतीजे 15 वर्षों के बाद ही नजर आयेंगे। इसलिये हमें एक ऐसी रणनीति की फौरन जरूरत है जो इस समय हमारे पास मौजूद संसाधनों के इस्तेमाल में वृद्धि कर सके। इस बीच, सरकार को भी वित्तपोषण, प्रवेश और प्रशासन के मामले में शिक्षण संस्थानों को चलाने के काम से दूरी बना लेनी चाहिये। केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के बीच की असमानताओं को दूर करना होगा, क्योंकि छात्रों की एक बड़ी तादाद राज्य विश्वविद्यालयों में ही पाई जाती है। भारत का प्रौद्योगिकीय और अनुसंधान व विकास कार्य का बोझ अभियान आधारित सरकारी प्रयोगशालाओं को वहन करना चाहिये और इनके जिम्मे शैक्षिक कार्य नहीं होना चाहिये। साथ ही कॉर्पोरेट अनुसंधान प्रयोगशालाओं को भी सरकारी प्रयोगशालाओं के साथ अनुबंध करके उपरोक्त काम पूरा करना चाहिये। आईआईटी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे वृद्धि आर्थिक उपयोग तथा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की समस्याओं का समाधान करेंगे। उनकी गतिविधियां ज्यादा से ज्यादा अच्छे स्टार्ट अप तक हो सकती हैं लेकिन यह भी कोई बड़ा और बुनियादी कारनामा कर दिखाने के लिये अपर्याप्त होगा जिसकी भारत 2047 को जरूरत है। अमेरिका 1950 के दशक की शुरूआत में वानेवर बुश के काम को तेजी से आगे बढ़ाने में सफल रहा। इसका कारण था अकादमिक जगत, उद्योग और सरकार तथा ज्यादातर उनकी रक्षा प्रयोगशालाओं के बीच सटीक तालमेल। चीन के असैन्य-सैन्य तालमेल के तहत भी यह रणनीति चलाई जा रही है। हमें किसी भी कीमत पर इससे कम नहीं रहना है।

*(गौतम आर देसिराजू इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, विज्ञान में सेवारत हैं और भारत सरकार के एस20 इंगेजमेन्ट ग्रुप के सदस्य हैं। शरण शेट्टी स्वराज्य के एसोशिएट संपादक हैं)*

# म्यांमार में सेना के लिए संकेत अच्छे नहीं



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

**क्या** कोई म्यांमार में मिलिट्री जनता (सेना) के आपराधिक शासन के अंत की शुरुआत देख रहा है? प्रश्न ध्यान देने योग्य है। अल जज़ीरा द्वारा 11 नवंबर, 2022 को ज़हीना रशीद की एक रिपोर्ट और म्यांमार के लिए विशेष सलाहकार परिषद (इसके बाद एसएसी-एम) की वेबसाइट में प्रदर्शित, उत्तरार्द्ध को सार्वजनिक रूप से यह कहते हुए उद्धृत करती है कि जनता 2023 तक जीवित नहीं रह सकता है , जब तक कि कुछ नाटकीय रूप से वर्तमान प्रक्षेपवक्र को बदल नहीं देता।

क्रिस्टल-गेज़िंग एक खतरनाक व्यवसाय है। हालांकि, म्यांमार की स्थिति पर एक करीबी नज़र डालने से संकेत मिलता है कि देश जनरलों के नियंत्रण से बाहर हो रहा है। 9 सितंबर, 2022 को मिज़िमा (एक बर्मी बहु-मीडिया समाचार संगठन) की एक रिपोर्ट, 5 सितंबर, 2022 को जारी द्वारा एक संक्षिप्त विवरण का हवाला देते हुए कहती है कि सेना प्रभावी रूप से देश को नियंत्रित नहीं करती है, और अक्षम है इसे नियंत्रित करना। रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) म्यांमार की वैध सरकार है और म्यांमार की मिलिट्री जनता के विरोध में संगठनों द्वारा गठित एक लोकतांत्रिक क्रांति के केंद्र में है। ये संगठन म्यांमार की आबादी और क्षेत्र के संबंध में वास्तविक अधिकारी हैं, जो कि जनता से अधिक है, जिसका देश के 330 टाउनशिप में से केवल 72 पर स्थिर नियंत्रण है, जो म्यांमार के भूमि क्षेत्र का केवल 17 प्रतिशत आता है, क्योंकि इनमें से कई छोटे शहरी टाउनशिप हैं।

द इंटरप्रेटर में 29 सितंबर, 2022 को प्रकाशित एक लेख में, ऑस्ट्रेलिया स्थित एक स्वतंत्र थिंक टैंक, लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा दैनिक प्रकाशित किया गया, एडम सिम्पसन ने एसएसी-एम की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि एनयूजी और जातीय प्रतिरोध संगठन म्यांमार के 52 प्रतिशत क्षेत्र पर प्रभावी नियंत्रण। तेईस प्रतिशत चुनाव लड़े गए और जनता का 17 प्रतिशत पर स्थिर नियंत्रण था।

जैसा कि देखा जा सकता है, ऊपर उल्लिखित अधिकांश रिपोर्टें अपनी जानकारी का श्रेय एसएसी-एम को देती हैं, जो 1 फरवरी, 2021 को तत्माडॉ के सैन्य तख्तापलट के बाद गठित हुआ था, जो अपनी वेबसाइट में खुद को इस रूप में वर्णित करता है। मानवाधिकारों, शांति, लोकतंत्र, न्याय और जवाबदेही के लिए संघर्ष कर रहे म्यांमार के लोगों का समर्थन करने के लिए काम कर रहे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का एक स्वतंत्र समूह। इसका हवाला देते हुए, जनता के समर्थक तर्क दे सकते हैं कि यह शायद ही एक तटस्थ खिलाड़ी है और इसके आकलन और बयान जमीन पर वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। इसके विपरीत, इसे दुनिया भर में म्यांमार की स्थिति के बारे में जानकारी के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में माना जाता है क्योंकि यह यंगी ली, मरज़ुका दारुसमैन और क्रिस सिदोटी जैसे लोगों द्वारा चलाया जाता है, जो देश पर संयुक्त राष्ट्र के पूर्व विशेषज्ञ हैं।

एनएसी की प्रतिष्ठा के अलावा, दो संकेत हैं कि जनता तेजी से हताश महसूस कर रहा है - वह बर्बर, अंधाधुंध हिंसा जो इसने प्रतिरोध बलों



के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में फैलाई है, और विपक्षी संगठनों में शामिल होने वालों के साथ जानलेवा व्यवहार। ततमादॉ विपक्षी क्षेत्रों पर बमबारी और गोलाबारी कर रहा है, और कथित तौर पर 100 गांवों को जला दिया है। अब तक देखे गए सबसे बुरे उदाहरणों में से एक 23 अक्टूबर, 2022 की रात को काचिन स्वतंत्रता संगठन की 62वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तरी राज्य काचिन में एक समारोह पर हवाई हमला था। गायकों और कलाकारों सहित अस्सी लोग मारे गए।

प्रतिरोध आंदोलन में शामिल होने वाले लोगों के इलाज के लिए, उदाहरण के लिए एक 46 वर्षीय स्कूल शिक्षक सॉ तुन मो का मामला है, जो एक पत्नी और दो साल के बेटे के साथ है, जो जनता के मुखर आलोचक थे। 16 अक्टूबर, 2022 को गाइड के रूप में काम कर रहे सशस्त्र नागरिकों के साथ 80 तत्मादाव के सैनिकों के एक स्तंभ द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया था। अगले दिन उनका कटा हुआ सिर एक स्कूल के नुकीले गेट पर पाया गया था, जिसके सामने उनका क्षत-विक्षत शरीर पड़ा था।

हाल के अन्य उदाहरणों में एक पूर्व विधायक, विन माइन हलिंग का मामला शामिल है, जिसे 30 अक्टूबर, 2022 को मैगवे जिला अदालत ने म्यांमार के कठोर आतंकवाद विरोधी क़ानून के विभिन्न प्रावधानों के तहत कुल 148 साल की जेल की सजा सुनाई थी। जेल में 25 साल की पहले की सजा को गिनते हुए, उन्हें 173 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसी अदालत ने 15 नवंबर, 2022 को आंग खांट ऊ को 203 साल कैद की सजा सुनाई थी। वंडविन के क्याव खेत को मौत की सजा के अलावा 225 साल की कैद की सजा दी गई थी, जबकि हनी माउंग को 95 साल की जेल और मौत की सजा सुनाई गई थी। इससे पहले, दाऊ आंग सान सू की के राजनीतिक दल, नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के पूर्व विधायक, फ्यो ज़ेया थाव, प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता, क्यॉ मिन यू, और दो अन्य पुरुषों, हला मायो आंग और आंग थुरा ज़ॉ को मार डाला गया था, संभवतः सबसे अधिक 23 जुलाई, 2022 को यांगून की कुख्यात इनसीन जेल में फांसी दे दी गई।


5 मई, 2021 को एनयूजी की सैन्य शाखा के रूप में गठित पीपुल्स डिफेंस फोर्स, 6 जून, 2022 के द न्यूयॉर्क टाइम्स में रिचर्ड आर पैडॉक की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुल 60,000 की ताकत थी। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, इसमें अब 250,000 से अधिक की ताकत वाली 300 बटालियन शामिल हैं। ज्वार इसके पक्ष में हो रहा है। हालांकि, अभी भी जमीन पर बड़ी लड़ाई जीतने के लिए आवश्यक हथियारों, कवच और वायु सेना की कमी है। क्या ततमादॉ से बढ़ती मरुस्थलीकरण उन्हें उसी तरह लाएगी, जिस तरह गति माओत्से तुंग, कुओमिन्तांग (कुओमिनतांग भी कहा जाता है) सैन्य अभियान के दौरान चीनी कम्युनिस्टों को हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया, जिसने उन्हें सत्ता में लाया? उत्तर पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

## फरमाया



**भारत** के पास शांति, एकता, पर्यावरण व टिकाऊ विकास के प्रति दृष्टिकोण के बारे में सभी चुनौतियों के समाधान हैं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**नाटो** चीन के पास तनाव को बढ़ावा दे रहा है जिससे रूस की सुरक्षा को खतरा है।


– **सर्जेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री



**पूरे** साल मुझे केन्द्र से लगभग कुछ नहीं मिला। लेकिन क्या आपने मुझे इन जोकरों की तरह सड़कों पर चीखते-चिल्लाते देखा?

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सत्ता बनाम विपक्ष

**सत्ता** यानी विपक्ष की बड़ी बहन. विपक्ष को अपनी बड़ी बहन का आदर करना सीखना चाहिए, उसकी भावना को समझना चाहिए। माना की विपक्ष उसका छोटा भाई है परन्तु वो खोटा नहीं है। हां नटखट हो सकता है, लेकिन इतना भी उसे नटखट नहीं बनना चाहिए कि बड़ी बहन अपना बड़प्पन निभाते-निभाते क्रोधित हो जाए और उसे सीख देने के लिए न चाहकर भी सख्त कदम उठाने के लिए विवश हो जाए। यह तो राजनीति है, और दोनों ही राजनीति के ज्ञाता हैं। कभी भाई शासक बन जाए बहन सत्ता में आ जाए. भाई बहन का रिश्ता यदि बेहतर तरीके से निभाना है एवं उसे और अधिक प्रगाढ़ बनाना है तो विपक्ष को अपनी आदरणीय बड़ी बहन से इस वर्ष रक्षाबंधन को रक्षा सूत्र अपने हाथ में बंधवा लेना चाहिए, ताकि दोनों एक-दुसरे की रक्षा कर सकें वैमनस्यता खत्म हो और आपसी भाई-चारा बन सके। जिससे दोनों में एक-दूसरे के प्रति सहयोग भावना जन्म ले सके और दोनों मिलकर अपने-अपने काम को एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ा सकें। क्योंकि दोनों का पेशा जनसेवा और देशसेवा याने एक जैसा ही है। तब विचारों में भी भले ही प्रतिस्पर्धात्मक मतभेद हो जाएं किन्तु जनसेवा व देशसेवा के लिए मनभेद न उभरें।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

## सख्त प्रशासन

**उप्र** को अपराध मुक्त बनाने के लिये योगी सरकार ने माफियाओं और संगठित अपराधियो के खिलाफ बेहतरीन कार्य किया। लेकिन प्रदेश में सबसे ज्यादा विकास के नाम होने वाले भ्रष्टाचार पर जो ग्रामीण क्षेत्रों में होता है। महीनों जांच होती है। गड़बड़ी मिलने पर केवल नोटिस जारी होती है। लाखों रुपये के गड़बड़झालों की खबरे छपती हैं। लेकिन गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं होती। सरकार को ध्यान देना चाहिये। जिले से लेकर राजधानी तक अधिकारियों की फौज है। इनका उपयोग विकास कार्यो में हुई गड़बड़ी की जांच के लिये क्यों नही किया जाता? यदि गड़बड़ी हुई तो गड़बड़ी करने वालों से वसूली की जाए। जांच होने तक उन्हें निलंबित कर दें। विकास के नाम पर खर्च धन की निगरानी के लिये जवाबदेह तन्त्र बनाया जाए। जिससे विकास के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार पर रोक लगे। आमजनता उप्र के मुख्यमंत्री से सख्त, सजग, सक्रिय और जवाबदेह प्रशासनतन्त्र और अधिकारियों की टरकाऊ, लटकाउं और भटकाऊ कार्य शैली पर रोक लगाने की अपेक्षा करती है। जांच त्वरित और निदान भी निश्चित समय पर हो। ऐसी व्यवस्था बनाने की ओर सरकार को त्वरित ध्यान देना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

## राहुल की यात्रा

**भाजपा** आज कल राहुल बाबा को शुद्ध रूप से देशभक्त हिंदू बनाने पर तुली है तभी तो वह बार-बार उन्हें छेड़ती रहती है,कभी धर्म के नाम पर तो कभी देश के नाम पर। इसीलिए अब राहुल बाबा जनेऊ भी पहनने लगे हैं एवं इन दिनों मंदिर-मंदिर भी जाने लगे हैं। राम- राम और जय श्री महाकाल भी रटने लगे हैं। अतः लगता है कि इन दोनों के बीच यह वार अब काफी लंबे समय तक चलती रहेगी। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि यह वही राहुल जी है जो भगवान के प्रति संदेहास्पद बातें करते थे एवं उनकी पार्टी एक समय राम के अस्तित्व तक को स्वीकार नहीं करती थी तथा राम मंदिर के बनने में अड़ंगा भी लगाती थी। वहीं राहुल गांधी जब अब जयश्री महाकाल एवं जय सीयाराम भी बोलने लगे हैं, अतः अब हम उनसे जय श्री कृष्ण और राधेकृष्ण भी बुलाएंगे। अब तो हम उन्हें धर्म एवं संस्कृति का पाठ भी अवश्य पढ़ाएंगे। अब उन्हें देश एवं संस्कृति को भी अवश्य पढ़ना चाहिए। लगता है इसी कारण देश को समझने के लिए वे देश की पैदल यात्रा करने के लिए भी निकले हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

# भवसागर की वैतरणी है श्रीमद्भागवतकथा: अमर कृष्ण

## नगर के मोहभट्ठा ब्राह्मण पारा में जारी श्रीमद् भागवत कथा में उमडी श्रध्दालुओं की भीड़

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा के मोहभट्ठा ब्राह्मण पारा में राजकुमार तिवारी के निवास पर जारी श्रीमद्भागवत कथा के दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रीमद्भागवत कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी के कृपापात्र शिष्य अमर कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कलयुग में भागवत भगवान की महिमा व संकीर्तन का बड़ा महत्व है यह कोई साधारण ग्रंथ मात्र नहीं बल्कि भगवान श्री कृष्ण की साक्षात वांग्मय प्रतिमूर्ति है जिसके श्रवण लाभ से मनुष्य वैतरणी को पारकर प्रभु की शरण को प्राप्त करता है। महाराज ने भागवत भक्त गोकर्ण व उसके भाई धुंधकारी के प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए बताया कि धुंधकारी के गलत कार्यो में संलिप्त होने के कारण उसकी हत्या हो गई और अकाल मृत्यु होने के कारण वह प्रेत योनि में चला गया। भाई गोकर्ण ने प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए सूर्य भगवान के बताए मार्ग पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया और भाई धुंधकारी को कथा सुनाई, जिसके श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली। इससे स्पष्ट होता है कि कर्म, धर्म मनुष्य को संयमित और वेद रीति नीति से करना चाहिए। साथ ही भाई से रंजिश नहीं रखना चाहिए, क्योंकि आखिर में भाई ही भाई के काम आता है।

**भक्त ध्रुव पर भगवान ने की कृपा**

कथा व्यास ने ध्रुव के चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है ध्रुव ने अपने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया था कि मुझे भगवान को प्राप्त करना है और उसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए वनवास में तपस्या करते हुए भगवान को प्राप्त किया। आचार्य ने ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफन के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पद प्रदान किया।

**भवसागर पार करने सुलभ उपाय है श्रीमद्भागवत**

आचार्य अमर कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आत्म शांति व आत्म कल्याण भगवत भजन के बिना संभव नहीं है। जैसे शरीर के लिए भोजन आवश्यक है, उसी प्रकार आत्मा के लिए भजन व सत्संग भी अत्यंत आवश्यक है। एक ही भगवान अनेक रूपों में विभक्त होकर अनेक प्रकार की लीला करते हैं। जीव ईश्वर के किसी भी रूप का आश्रय लेकर परम तत्व को प्राप्त कर सकता है। श्रीमद्भगवत गीता कथा श्रवण से आध्यात्मिक रस वितरण का सार्वजनिक प्याऊ है। भवसागर से पार उतारने के नौका का नाम है श्रीमद्भगवत। सनातन धर्म में मानव जन्म से मृत्यु पर्यंत चार आश्रमों से गुजरता है अलग-अलग कार्यो के लिए चार आश्रमों का निर्माण हुआ है प्रथम ब्रह्मचर्य में विद्याजर्न, गृहस्थाश्रम में धनाजर्न, वानप्रस्थ आश्रम ने पुष्पार्जन व सन्यास आश्रम में विसर्जन होना चाहिए। आयोजक सिद्धांत तिवारी ने बताया मंगलवार को श्री कृष्ण कृष्ण लीला माखन चोरी गोवर्धन पूजा की कथा होगी बुधवार को महारास लीला एवं और रुक्मणी विवाह प्रसंग होगा गुरुवार को सुदामा चरित राजा परीक्षित मोक्ष की कथा होगी वहीं शुक्रवार को तुलसी वर्षा व कथा का विश्राम दिवस होगा।

# भागवत कथा सुनने मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है: पंडित तोरण महाराज

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मां अंगारमोती, मां खप्परवाली महिला समिति ग्रुप के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन 2 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पंडरदल्ली वार्ड नंबर 2 दल्लीराजहरा में किया जा रहा है। इस श्रीमद् भागवत कथा पुराण में प्रवचनकर्ता पंडित तोरण महाराज, कुरना (कांकेर वाले) उपस्थित रहेंगे। कथा में ध्रुव के जीवन का चित्रण किया गया, जिसमे माता पिता की सेवा करना परम सौभाग्य है यह बताया गया। पंडित तोरण महाराज ने कहा कि भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवतम् या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य वर्ण्य विषय भक्ति योग है, जिसमें कृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरुपण भी किया गया है। पंडित तोरण महाराज ने आगे कहा कि भागवत कथा का आयोजन करने तथा सुनने के अनेक लाभ हैं। इसे आयोजित कराने तथा सुनने वाले व्यक्ति यों-परिवारों के पितरों को शांति और मुक्ति मिलती है। इसे सुनने के क्रम में आत्मिक ज्ञान की प्राप्ति करते हुए आप सांसारिक दुखों से निकल पाते हैं तथा मनोकामना पूर्ति होती है। भागवत कथा सुनने मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है यही कथा देवलोक में भगवान शिव ने संत सुखदेव मुनि जी को सुनाई थी जिसे पृथ्वी लोक पर सबसे पहले संकादित ऋषियों ने ही हरिद्वार में नील पर्वतो की तलहटी में बेहद दुर्गम घने जंगलों के बीच सिधौत नामक स्थान पर सुनाई थी। कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है।

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड में बेमेतरा की नीतू कोठारी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वर्तमान समय में एक तरफ सेवा कार्य को भूलते जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने दूसरों के प्रति अपना सर्वस्व समर्पण किया हैं। लोगों के बीच बढ़ते रक्त की आवश्यकताओं के बीच में रक्त दाताओं को भी देखा जा सकता है। इन आवश्यकताओं के बीच, एक ऐसी युवा नेत्री जिन्होंने रक्तदान में बेमेतरा में नहीं वरन छत्तीसगढ़ अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उनकी सेवाभावना कोरोना काल में वृहद रूप में देखने को मिली, कोरोना काल के समय क्वॉरेंटाइन सेंटर से लेकर मास्क वितरण तक। इतना ही नहीं रक्तदान के लिए राज्यपाल से भी सम्मानित हो चुकी बेमेतरा की नीतू कोठारी आज एक नया कीर्तिमान रचने जा रही केवल 28 साल के उम्र में ही 31 बार रक्तदान कर सबसे कम उम्र की महिला रक्तदाता के रूप में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी जगह बनाई है।यह सम्मान रायपुर में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स की संवाददाता सोनल राजेश शर्मा के हाथों किया गया। जनता की सेवा के लिए तत्पर छात्र राजनीति से प्रारंभ हुई नीतू कोठारी कम उम्र में ही कई कीर्तिमान स्थापित किये, जिन्होंने पीजी कॉलेज बेमेतरा में एबीवीपी से छात्रसंघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रहकर विद्यार्थियों के समस्याओं निराकरण करने के साथ बेमेतरा में लोकप्रिय नेत्री बनकर उभरी, 2019 में बेमेतरा नगर पालिका वार्ड 11 की पार्षद बनी नीतू कोठारी आज निर्दलीय पार्षद निर्वाचित होकर जनमानस की सेवा कर रही है, कोरोनाकाल के समय मास्क वितरण, रक्तदान, ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराने के साथ वार्ड के लिये कोरोनटाइन सेंटर भी खोला जिसका प्रत्यक्ष लाभ वार्ड वासियों के साथ पूरे बेमेतरा जिले को मिला। ज्ञात हो कि रक्तदान सेवा कार्य हेतु 14 जून 2022 को महामहिम राज्यपाल अनुसुइया उइके जी के हाथों सम्मानित भी हुई। गोल्डन बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुकी नीतू कोठारी ने बताया कि जब भी किसी को रक्त की आवश्यकता पड़ी है तो स्वयं या अन्य के माध्यम से उपलब्ध कराने का प्रयास किया हैं। आने वाले समय में भी इस प्रकार के सेवा कार्य करते रहूंगी। सभी युवाओं से भी आग्रह किया कि अधिक से अधिक रक्तदान कर समाज में आम जनमानस को होने वाली रक्त की कमी को पूरा कर लोगो की जान बचाई जा सके।

# आम जगह पर शराब पीने वाले 04 लोगों पर पुलिस की कार्यवाही



**दल्लीराजहरा।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व राजहरा नगर पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके के मार्गदर्शन में अवैध शराब एवं जुआ, सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तहत थाना राजहरा में दिनांक 04 दिसंबर को थाना राजहरा स्टाफ के द्वारा नगर के अलग-अलग मोहल्ले में खुलेआम आम जगह पर शराब पी रहे व्यक्ति मोहित राम ठाकुर पिता भागवत राम उम्र 55 वर्ष साकिन भगोली पारा वार्ड क. 15,. रामकुमार रावटे पिता उमन लाल रावटे उम्र 42 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 15, सुनील कुमार घोड़ापतिया पिता परमेश्वर घोड़ापतिया उम्र 35 वर्ष साकिन वार्ड क0 19 मोंगरा दफाई, तिलक राम निषाद पिता मकुंदी राम उम्र 40 वर्ष साकिन वार्ड क0 वार्ड कमांक 22 थाना राजहरा को गिरफ्तार कर उनके के विरुद्ध अपराध धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

# चेक पोस्ट में अवैध धान परिवहन पर रखे कड़ी निगरानी: कलेक्टर महोबे

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के कार्यो, किसानों के धान विक्रय का राशि भुगतान और रबी फसल के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के जनचौपाल तथा पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का गहन समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर महोबे ने कहा कि 01 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो चुका है, देर से धान कटाई होने के कारण प्रारंभ में धान की आवक कम थी। दिसंबर माह में धान की कटाई होने से अधिक धान आने की संभावना है सभी धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुचारू रूप से होना चाहिए। धान खरीदी केंद्र में किसानों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। बंपर धान के आवक को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव सुनिश्चित करें। कलेक्टर महोबे ने कहा कि कबीरधाम जिला अन्य राज्यों के सीमा से जुड़ा हुआ है। यहां बाहर से धान आने की संभावना बनी रहती है, सीमावर्ती इलाके में कड़ी निगरानी रखी जाए। चेक पोस्ट पर आने वाली गाड़ियों की जांच करें। अवैध धान पाए जाने पर जप्त की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम और नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में बारदाना की स्थिति सहित किसानों से जुड़ी सभी समस्याओं के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बारिश की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए सभी धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रो में कैपकवर, तारपोलिंग की व्यवस्था रखें। इसके साथ ही ड्रेनेज पर विशेष ध्यान रखें। धान खरीदी केंद्र में पानी की निकासी के लिए नाली सहित आवश्यक तैयारी रखें। उन्होंने किसानों के धान विक्रय के बाद राशि के भुगतान की जानकारी ली। बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि धान विक्रय के बाद किसानों को राशि का भुगतान लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर महोबे ने कहा की खरीफ फसल के बाद किसानों द्वारा रबी फसल का उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए तैयारी रखी जाए। सोसायटी में किसानों को रबी फसल के बीज और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

# झाल में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

## मृदा के स्वास्थ्य व उसकी उर्वरा शक्ति को बनाये रखने के बताये उपाय

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा द्वारा लीड बैंक बेमेतरा, भारतीय स्टेट बैंक बेमेतरा एवं पारादीप फास्फेट लिमिटेड बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में आज सोमवार को ग्राम-झाल के कृषक सभागार में विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विश्व मृदा दिवस के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए तोषण कुमार ठाकुर, वैज्ञानिक एवं प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा ने कहा कि हमारे स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य के लिए खेती का मूल आधार मृदा के स्वास्थ्य का ख्याल रखना अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि डॉ.टी.डी. साहू मृदा वैज्ञानिक केवीके ढोलिया बेमेतरा ने मृदा के स्वास्थ्य व उसकी उर्वरा शक्ति को बनाये रखने के लिए संभावित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दिया। संजय पाठक, सहायक प्रबंधक, जुआरी फार्म, पारादीप फास्फेट एवं मैंग्लोर केमिकल व फटीर्जाइजर लिमिटेड, बेमेतरा ने कंपनी के विभिन्न बहुउपयोगी उर्वरक एवं जैविक खाद के महत्व व उसके उपयोग विधि के बारे में जानकारी दिया। लीड बैंक बेमेतरा के प्रबंधक संतोष आयाम ने उपस्थित कृषकों को बैंकों में संचालित विभिन्न प्रकार के कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी दी साथ ही करूणाकर पटेल, उप प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफइंडिया ने मृदा के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए इस प्रकार के व्यापक जनजागरूकता को आगे बढ़ाने कृषकों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में 40 कृषक व 23 कृषि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजन में कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिक डॉ. एकता ताम्रकार, डॉ जितेन्द्र जोशी, डॉ. चेतना बंजारे, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, डॉ. हेमन्त साहू, शिव कुमार सिन्हा एवं पलाश चौबे की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

# सुरहोली में नया धान उपार्जन केन्द्र स्थापित किसानों को धान विक्रय करने में होगी सुविधा: छाबड़ा

## बैल गाड़ी में धान लेकर विधायक आशीष छाबड़ा पहुचे नवीन धान उपार्जन केन्द

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत सुरहोली में अयोजित नवीन धान उपार्जन केन्द्र शुभारम समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुए जहां भगवान बलराम की छाया चित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का किया शुभारभ किसानो ने विधायक आशीष छाबड़ा का राउत नाचा की धुन में ट्रैक्टर, बाईक रैली, जगह जगह फूलो की वर्षा करते हुए ऐतिहासिक स्वागत किए, इस अवसर पर विधायक आशीष ने कहा कि ,छत्तीसगढ राज्य ऐसा पहला राज्य है जहा धान की खरीदी 25 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है,और इस वर्ष किसान भाईयों की धान की खरीदी 2640 एवं 2660 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है, हमर सियान मन, हमर पुरखा मन के बहुत पुरानि मांग, जब भी सुरहोली किसी कार्यक्रम में आना होता था,आप सभी सम्मानिय जनो की एक ही मांग होता था की सुरहोली में धान खरीदी खोलना है, सुरहोली गांव से हमारे किसान भाइयों को अपने धान को बेचने के लिए गांव से 15 किमी दूर बांसा सोसायटी में जाना पढ़ता था,जिसमे किसानों को आए दिन काफ ी परेशानियों का सामना करना पढ़ता था, दिक्कतों का सामन करना पढ़ता था,किसानों के हितों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए किसानों को कोई दिक्कत ना, कोई परेशानी ना हो उसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा सुरहोली में नया धान उपार्जन केन्द्र स्थापित किया गया, सुरहोली नवीन धान उपार्जन केन्द्र अन्तर्गत 402 किसान भाइयों के 536.175, हेक्टेयर धान रकबा के अनुमानित लगभग 18 हजार क्विंटल धान विक्रय करने में सुविधा होगी,वहीं आप सभी किसान भाई समर्थन मूल्य पर अपना धान विक्रय कर आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी, क्षेत्र में धान खरीदी केन्द्र प्रारंभ होने से किसानों के चेहरे पर खुशी की झलक दिखायी दी, किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं गई है, किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न आए, इसको लेकर सभी केन्द्रों में बेहतर प्रबंध किए गए है, धान खरीदी के लिए सभी समितियों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है,शासन द्वारा किसानों की सुविधा हेतु शुरू किये गये टोकन तुंहर हाथ एप की भी शुरुवात किया गया है,ऐप के माध्यम से किसानों को अपना धान विक्रय करने हेतु आवश्यक टोकन प्राप्त करने में सुविधा होगी इससे किसानों के समय की भी बचत होगी प्रदेश के किसान भाईयो की चेहरे में खुशी की लहर है,राज्य में विगत साढ़े चार वर्षो में सर्वांगीण विकास हुआ, सरकार पुरखों के बताए गए रास्तों पर चलकर प्रदेश के सभी वर्गो का सम्मान के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं, राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में कई कल्याणकारी योजना लागू कर एक अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना एवं राजीव गांधी भूमिहीन किसान न्याय योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं से लाखों किसानों, मजदूरो, महिलाओ, युआवो को सीधा लाभ मिल रहा है।

# छत्तीसगढ़ राज्य सोनकर समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## सोनकर समाज के भवन निर्माण के लिए 23 लाख रुपए स्वीकृत किए

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा कुम्हारी मांगलिक भवन वार्ड क्रमांक 3 में आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में तय समय पर शामिल हुए। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस अतिथि सम्मान युवक- युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान क्रम में मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सोनकर समाज के ईष्ट राम जानकी के विशाल तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सोनकर समाज के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माला से स्वागत किया गया। नई फसल धान से उन्हें तौला गया । अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश भर से आए सोनकर समाज के सदस्यों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि मेरे विधान सभा क्षेत्र में पधारने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद और आभार। कुम्हारीराज सोनकर समाज के भवन निर्माण हेतु अनुदान की मांग को स्वीकार करते हुए मंच से सोनकर समाज के भवन हेतु 23लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए उन्होंने अपने मनमोहक चुटीले अंदाज में कहा कि चूंकि मुझे अभी राजिम जाना है, वहां पर कई कार्यक्रमों में शामिल होना है और राजिम से भी लोग यहां पहुंचे हुए हैं। विवाह हेतु आए हुए सात युगलों को आशीर्वाद देते हुए शगुन स्वरूप नगद राशि भी प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ शारदा प्रसाद सोनकर (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सोनकर समाज) राजेश खटीक, महेश सोनकर अध्यक्ष सोनकर समाज कुम्हारीराज, नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, एल्डरमैन पवन अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शीश बंसल उपस्थित रहे।

# किसान समृद्ध योजना से कृषक योगेश हुआ समृद्ध



**बेमेतरा।** छ.ग. शासन द्वारा संचालित राज्य पोषित किसान समृद्धि योजना से निश्चित रूप से किसानो के आय में वृद्धि हुई है, साथ ही द्विफसलीय क्षेत्र में विस्तार भी हुआ है। वर्ष 2022 में ग्राम-मुरता वि.ख.-नवागढ़ जिला-बेमेतरा के कृषक योगेश साहू पिता बुधारी साहू जो कि अपने 03 एकड़ रकबे में कभी एक फसलीय खेती किया करते थे एवं अल्प वर्षा/सीमीत सिंचाई संसाधन होने के कारण फसल उत्पादन प्रभावित होता था। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। ग्रा.कृ.वि.अधि. रामकिंकर साहू के मार्गदर्शन में उन्होने किसान समृद्धि योजना अंतर्गत नलकूप खनन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जिससे उन्हे 35 हजार रू. की अनुदान राशि नलकूप खनन एवं पंप प्रतिष्ठान के लिए प्राप्त हुआ है। जिससे वह वर्तमान में 02 से 03 फसल उगा रहा है। जिससे उनकी आय में गत वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है। व.कृ.वि.अधि. आर.के. चतुर्वेदी ने बताया कि योजना के प्रावधान अनुसार नलकूप खनन हेतु प्रस्तावित स्थल से 300 मी. की परिधि में अन्य नलकूप नहीं होने चाहिए साथ ही 2.50 एकड़ रकबा एक चक होने की दशा में की अजा./अजजा.-43 हजार रू, अपिव.-35 हजार रू. तथा सामान्य वर्ग के कृषको को 25 हजार रू. नलकूप खनन एवं पंप प्रतिष्ठान पर अनुदान देय है।

## पालक बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दे, तो बच्चों के स्तर में जल्दी सुधार होगा मदन साहू सी.ए.सी.

# कुम्हारी संकुल में दिया गया श्रेष्ठ पालकत्व एवं एस एम सी प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



धमधा विकासखंड के कुम्हारी संकुल मे श्रेष्ठ पालकत्व एवं एस एम सी प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें संकुल अन्तर्गत सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक व शिक्षक एस एम सी अध्यक्ष सदस्यगण एवं पालकों की सक्रियता के साथ भागीदारी रही। संकुल शैक्षिक समन्वयक मदन लाल साहू के निदेशीनुसार प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन से हुआ तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सी ए सी द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसकी वर्तमान परिस्थितियों में उपयोगिता को रेखांकित किया। संकुल स्तरीय मास्टर ट्रेनर मोहन लाल साहू एवं संध्या शर्मा रही उन्होने श्रेष्ठ पालकत्व के विभिन्न आयामों की विस्तार से जानकारी दी। एस एम सी की गठन, बैठक, अधिकारों, कर्तव्यों एवं कार्यो के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों ने आखर अंजोर गीत को सुमधुर स्वर में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत को उपस्थित सभी पालकों द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ दोहराया गया एवं तुमको आना होगा नारी शक्ति पर केन्द्रित कविता का शानदार प्रस्तुति किया। एस एम सी अध्यक्ष ने पालकों को बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों को जानने के लिए सदैव विद्यालय के संपर्क में रहने एवं विद्यालय को तन मन धन से दान देकर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के अभिनव पहल में अपने योगदान देने की अपील की। प्रशिक्षण में सभी प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों सह पालकों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने जिज्ञासा से बहुत सारे प्रश्न किए जिनका मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तार से चर्चा कर उत्तर बताया गया। प्रशिक्षण के अंत में निम्नलिखित बिंदुओं का निर्धारण कर उन पर कार्य करने की सहभागिता बनी-

लर्निंग लास के लिए प्रत्येक पालक अपने पालय पर विशेष ध्यान देंगें। बच्चों की उपस्थिति को पंचायत एवं ग्राम स्तर में प्रयास कर बढ़ाया जायेगा, एस एम सी एवं पालक बैठकों में निरंतर उपस्थिति को बढ़ाया जायेगा।

विलुप्त होती लोक सामाग्रियों को दान के द्वारा संग्रहालय बनाया जायेगा। विद्यालय की पत्रिका के लिए पालकगण अपनी कलाकृति एवं आलेख देंगे। विद्यालय में अन्य पालकों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। पालक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा प्रशिक्षण मे संकुल समन्वयक कुम्हारी मदन लाल साहू, प्रधान पाठक मोरध्वज वर्मा, मीना डी रामटेके, पारसमणि चंद्राकर, रेखा ठाकुर, रितु सिंह आदि उपस्थित थे।

# यादव समाज ने आयोजित किया गीता जयंती समारोह





पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

यादव समाज के द्वारा गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर , विशिष्ट अतिथि जनक लाल ठाकुर, कोमल पटेल, ईश्वर पटेल, श्रुति यादव पार्षद वार्ड 09, टी. ज्योति पार्षद वार्ड 26, शंकर साहू , समाज के अध्यक्ष योगेश यादव, प्रदीप यादव, कृष्णा यादव, संतोष यादव, योगेश्वरी यादव, रामु यादव एवम अन्य पदाधिकारीगण तथा समाज के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर जनदर्शनः आमजनता की समस्याओं और शिकायतों का किया त्वरित निराकरण

## शासकीय बीडीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सारागांव में साइंस पार्क की होगी स्थापना

- कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चे के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत तत्काल फार्म भरवाने के दिए निर्देश, जनदर्शन में कलेक्टर से बेझिझक मिल रहे आमजन, जनदर्शन में कुल 66 आवेदन हुए प्राप्त

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अपने कलेक्टोरेट कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आमनागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर सिन्हा के सौम्य व्यवहार और छत्तीसगढ़ी में संवाद करने के कारण जिले के ग्रामीणजन और आमनागरिक जनदर्शन में कलेक्टर से सीधे मिलकर अपनी समस्याओं को बेझिझक रख रहे हैं। कलेक्टर भी जनदर्शन में पहुंचने वाले सभी ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं सहित सभी आमनागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर यथासंभव त्वरित निराकरण करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दे रहें हैं। आज जनदर्शन में नगर पंचायत सारागांव अध्यक्ष द्वारा शासकीय बीडीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सारागांव में साइंस पार्क की स्थापना पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से प्राप्त अनुशंसा पर उचित कार्रवाई का आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी प्रकार ग्राम पाली विकास खंड नवागढ़ निवासी बिंद्रामति अपने 5 वर्षीय पुत्र अवि कुमार सूर्यवंशी को लेकर जनदर्शन में पहुंची। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि उनका पुत्र दिव्यांग है और चल नहीं पाता है। उनके द्वारा उसका उपचार गनियारी में कराया जा रहा है, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उपचार नहीं करा पा रहे हैं। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत तत्काल फॉर्म भरवाए जाने तथा पात्रतानुसार खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना तथा रेडक्रॉस से सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को दिव्यांग बच्चें और उसके परिजन को जिले में संचालित दिव्यांग विद्यालय का अवलोकन कराते हुए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी बच्चे के परिजन को दिए जाने कहा। जिससे बच्चे के परिजन की इच्छानुरूप बच्चे को दिव्यांग विद्यालय में पढ़ाई के लिए भर्ती भी कराया जा सके। जनदर्शन में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा जनदर्शन में ग्राम हथनेवरा बंधानपारा मोहल्लावासियों द्वारा बताया गया कि उनके मोहल्ले में शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था के लिए योजना अंतर्गत पाइप लाईन का कार्य किया जा रहा है। जिस पर ग्राम पंचायत के कोटवार द्वारा आपत्ति दर्ज करने के कारण कार्य अवरूद्ध हो गया है, जिससे मोहल्लेवासियों को परेशानी हो रही है। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल दूरभाष पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में वार्ड क्रमांक 19 पार्षद उर्मिला निर्मलकर हसदेव विहार हाऊसिंग बोर्ड कालोनी जांजगीर में साफ - सफाई, पेयजल व्यवस्था, सड़क आदि समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन लेकर पहुंची, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# विकलांग चेतना परिषद ने दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय को दिव्यांग दिवस पर भेंट की अलमारी एवं राशन सामग्री

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद की शक्ति शाखा ने 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर शहर के झूलकदम रोड में स्थित सर्व दिव्यांग कल्याण संघ द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय में बच्चों के बीच पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन को शक्ति शाखा की ओर से एक अलमारी एवं राशन की सामग्री प्रदान की, इस दौरान अखिल भारतीय विकलांग चेतना शक्ति शाखा के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, महामंत्री अमरलाल अग्रवाल (कांट्रेक्टर) कपूरचंद अग्रवाल, जगदीश बंसल, अशोक अग्रवाल (फूलचंद),शैलेन्द्र अग्रवाल,सुमित अग्रवाल सोनू, ऋषि कुमार गोयल एवं प्रकाश अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे,इस दौरान दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय द्वारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से स्वागत गीत एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए, साथ ही मटका फोड़ प्रतियोगिता भी संपन्न हुई, दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय की संचालक बिंदेश्वरी आदिले, प्राचार्य नितेश कुमार साहू सहित विद्यालय प्रबंधन ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया, इस दौरान मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति के जवाहरलाल नेहरू उपाधि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ शालू पाहवा प्रमुख रूप से मौजूद थे, तथा कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती, भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया एवं कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा की ओर से विद्यालय के बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका सहयोग करने की भी बात कही, इस दौरान शक्ति शाखा की ओर से अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल महामंत्री अमरलाल अग्रवाल जगदीश बंसल ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज शक्ति शहर सहित पूरे आसपास के दृष्टिबाधित बच्चों के लिए सर्व दिव्यांग कल्याण संघ के माध्यम से संचालित इस विद्यालय के कार्य काफी प्रशंसनीय है एवं विद्यालय दिव्यांग बच्चों के क्षेत्र में जो कार्य कर रहा है,उसके लिए हम सभी को आगे बढ़कर इसे और अधिक सहयोग करना चाहिए।

# संयोगिता जूदेव ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



चंद्रपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदेश कार्यसमिति विशेष आमंत्रित सदस्य संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव ने छत्तीसगढ़ के किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि मिलने में हो रही कठिनाईयों के संबंध में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री को पत्र लिखे हैं। जूदेव ने कहा है कि हमारा छत्तीसगढ़ जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, यहॉ की 70 % जनसंख्या कृषि पर निर्भर है, यहाँ के किसान, प्रधानमंत्री द्वारा बनाई गई योजना किसान सम्मान निधि से प्रतिवर्ष 6 हजार रूपये प्रदान किये जाने से काफी खुशहाल है। उल्लेखनीय है कि कई फर्जी किसानों को भी इसका लाभ मिलना प्रारंभ हो गया था, जिसके कारण च्वाईस सेंटरों में किसानों का के वाई.सी. कराया गया, तत्पश्चात् भी अधिकांश किसानों के खातों में राशि प्राप्त नहीं हो रही है। कृषि अधिकारियों द्वारा अब किसानों के खसरा एवं रकबा नं . अंकित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है जिसकी गति बहुत ही धीमी है, कृषि कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा इसमें रूचि नही ली जा रही है। जूदेव ने वर्तमान के छग सरकार को निशाना साधा और कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार भी नही चाह रही है कि किसानों को इसका लाभ मिले । जिसके कारण छत्तीसगढ़ के किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि पिछले 1 वर्षों से प्राप्त नहीं हो रही है, किसान काफी दुःखी एवं हतोत्साहित है छत्तीसगढ़ में लगभग 80 त्न लघु एवं सीमांत श्रेणी के किसान है, राशि नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति एवं कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रधान मंत्री व केन्द्रीय मंत्रीयों से निवेदन किए हैं कि छत्तीसगढ़ के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें अविलंब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की बात पत्र लिखकर कहे हैं ।

# शक्ति में होगा कलार समाज का भव्य महोत्सव एवं विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



कलार समाज सकती द्वारा प्रतिवर्ष महोत्सव एव समाज के विवाह योग्य युवक/ युवतियों के परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, विगत दो वर्षों से कोरोना संक्रमण के कारण आयोजन नहीं हो पाया था, इस वर्ष 2023 जनवरी माह के दुसरे सप्ताह में कार्यक्रम का आयोजन होना तय हुआ है,इस संबंध में वरिष्ठ कॉग्रेस नेता एवं अधिवक्ता गिरधर जायसवाल के रानी सागर पारा स्थित निवास में कलार समाज के वरिष्ठ जन एव युवाओं ने बैठक आयोजित किया कार्यक्रम के पूर्व भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की गई ,आयोजन समिति द्वारा सम्मेलन को सफल बनाने हेतु अपनी जिम्मेदारियों ली इस अवसर पर शहर कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने कहा कि कलार समाज के सम्मेलन में समाज के जन प्रतिनिधियों एव शासकीय सेवकों को तथा वरिष्ठ जन को आमंत्रित किया जा रहा है, कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरण दास महन्त मुख्य अतिथि होंगे, प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल एव समाज के अन्य जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जावेगा,बैठक में प्रमुख रूप डॉ नीनी राम जायसवाल, अधिवक्ता संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, लाल बहादुर जायसवाल, तेज प्रकाश जायसवाल, पार्षद घनश्याम जायसवाल, मिथिलेश जायसवाल, ललित जायसवाल, संतोष जयसवाल, परमेश्वर गिरधर गोपाल,पुनिराम, हितेश जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल सहित बडी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# मालखरौदा में विधिक जागरूकता-महिलाओं के अधिकारों की रक्षा होनी चाहियेः भोजवानी

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



किसी स्त्री को तंग करना उससे या उसके नातेदारों से संपत्ति की मांग करने के लिए प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है उक्त विचार सद्भावना भवन मालखरौदा में सुरेश कुमार सोनी, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर/जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति मालखरौदा में महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आयोजित कार्यक्रम में खिलावन राम रिगरी विशेष न्यायाधीश जांजगीर ने कही, डॉ. ममता भोजवानी द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सक्ति ने कहा कि महिलाओं के सम्बंध में उनके हितों की रक्षा के लिए कई कानून बनाये गये है जिसका ज्ञान सबको होना चाहिये वाहन चलाते समय मोटर यान अधिनियम का पालन हो, इस दौरान गितेश कुमार कौशिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा ने प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे योजना रजत कुमार निराला व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 मालखरौदा, महिलाओं के विधिक अधिकार के सम्बंध में जानकारी प्रदान किया इस अवसर पर बिसाहिल तहसीलदार अड़भार, अड़िमा मिश्रा परियोजना अधिकारी, नीलम ध्रुव चिकित्सा अधिकारी उप स्वाथ्य केन्द्र मालखरौदा उपस्थित रहे जिनके द्वारा अपने अपने कार्यक्षेत्र एवं निर्धारित विषय अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं की उपस्थिति रही।

# श्मशान घाट में खुले आम बिक रही महुआ शराब, पुलिस मौन

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com




थाना क्षेत्र के खरगडी मे शमसान घाट मे खुले आम महुआ शराब की बिक्री चल रही है वही इन सब की जानकारी होने के बाद भी जैजैपुर पुलिस व आबकारी विभाग के द्वारा शराब तस्करों पर कार्रवाही नही किया जा रहा है जिससे गांव के लोगो के मन मे रोष उत्पन्न होते जा रहा है गांव के लोगो ने बताया कि शमसान घाट पर शराब बेचने वालो को कई बार मना किया गया है उसके बाद भी वह नही सुधर रहे है और इसकी मौखिक सूचना जैजैपुर पुलिस को भी कई बार दे चुके है पर पुलिस भी शराब तस्करों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिससे गांव का माहौल खाफी खराब होते जा रहा है यहां सुबह से देर शाम तक शराब की बिक्री चलते रहती है और पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नही कर पा रही है । खरगडी की शराब पुरे क्षेत्र में होती है सप्लाई- गांव के लोगो ने बताया कि खरगडी मे खुले आम महुआ शराब बनाया जाता है और जांजगीर चांपा जिले के सारागांव थाना क्षेत्र के लखाली लखुर्री परसपाली सरवानी मे यहां की महुआ शराब की सप्लाई की जाती है बताया जा रहा है कि रोजाना दो से तीन सौ लीटर की शराब की बिक्री होती है यहां कई शराब तस्करों सक्रिय हैं जो रोज शराब बना कर बेचने का काम सालो से करते आ रहे हैं रात के शराब तस्कर शराब बना कर सुबह सुबह मोटरसाइकिल से शराब की सप्लाई करते है।

# 23 वां वर्ष माता परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवांगन समाज मुंगेली द्वारा 23 वॉ वर्ष माता परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन 02 जनवरी से 08 जनवरी तक किया गया है। माता परमेश्वरी के इस पावन कार्यक्रम पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावे एवं कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। महोत्सव के प्रथम दिन 02 जनवरी 2022 को सुबह 09 बजे से कलश यात्रा, पुराण शोभायात्रा, मूर्ति स्थापना, घट स्थापना, कथा परिचय, सेवा गीत, 03 जनवरी को सुबह रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता, सृष्टि उत्पत्ति, कथा व सात दानव वध कथा, सेवा गीत, महिला व बच्चों के द्वारा गरबा कार्यक्रम, 04 जनवरी 2022 को दीपचंद, माता हरणी, जन्म एवं विवाह, गोत्र उत्पत्ति कथा व 05 वर्ष से 14 वर्ष तक बच्चों द्वारा डांस प्रतियोगिता, 05 जनवरी को महिषासुर जन्म-वध कथा, भव्य माता की जागराता, 06 जनवरी को गर्भ चरित्र कथा, थाली सजावट महाआरती रात्रि 08 बजे से विशिष्ट अतिथियों के साथ अतिथियों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण, 07 जनवरी को बड़की, मंझली, छोटकी माता जन्म कथा, सहस्त्रधारा, हवन और 08 जनवरी को सुबह बाईक रैली, भव्य कलश शोभायात्रा, मूर्ति विसर्जन एवं भोग भण्डारा का आयोजन होगा। माता परमेश्वरी महोत्सव कार्यक्रम की लाईव विडियो कोमल देवांगन मुंगेली सर्च कर यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी देखा जा सकता है। प्रतिदिन आरती पूजा प्रातः 08.30 बजे व संध्या 07.30 बजे, परमेश्वरी पुराण प्रवचन प्रातः 10 बजे से 01 बजे एवं दोपहर 02 बजे से शाम 07 बजे, सेवागीत रात्रि 08 बजे से, झांकी व जगराता रात्रि 09.30 बजे से, महिला सेवा मण्डली द्वारा सेवा गीत प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से 02 बजे तक कार्यक्रम स्थल-भट्ट बाड़ा विवेकानंद वार्ड देवांगन मोहल्ला मुंगेली में होगा। प्रवचन कर्ता किशन राव (चांपा वाले) और संगीतमय छोटू देवांगन रायगढ़ वाले द्वारा किया जाएगा।

# मेरा राम ही राष्ट्र एवं राष्ट्र ही है राम, आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से जुड़े हैं करोड़ों नागरिकः साध्वी ऋतंभरा दीदी

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com






शक्ति शहर के प्रतिष्ठित माछरौलीया गोयल परिवार बनवारीलाल प्रेमचंद द्वारा 1 दिसंबर से कॉलेज ग्राउंड में करवाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन कथावाचक साध्वी ऋतंभरा दीदी ने कहा कि मेरा राम ही राष्ट्र है, एवं राष्ट्र ही राम है, तथा साध्वी ऋतंभरा ने अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के निर्माण तथा आने वाले समय में भारत को हिंदू राष्ट्र होने की भी बात कही,इस दौरान साध्वी ऋतंभरा दीदी ने कहा कि अयोध्या का भगवान श्री राम जी का मंदिर आने वाले समय में पूरी दुनिया में एक अनूठा मंदिर होगा तथा आज पूरे देश में लोग आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से एक-दूसरे से कड़ी के रूप में जुड़े हुए हैं, वहीं साध्वी ऋतंभरा ने अपनी कथाओं में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग का उल्लेख करते हुए बहुत ही सुंदर ढंग से श्री कृष्ण जन्म का वर्णन किया तथा इस दौरान आयोजक परिवार के प्रेमचंद सराफ किरण सराफ तथा अमित सराफ भी आकर्षक वेशभूषा में रहे,इस दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर जहां बधाइयां लोगों को दी गई तो वही 4 दिसंबर के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रोता गण उपस्थित थे, तथा पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ था, वही साध्वी ऋतंभरा दीदी को सुनने के लिए शक्ति जिले सहित अन्य जिलों से भी लोग प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे हैं, तथा आयोजक परिवार द्वारा कथा श्रवण की सुंदर व्यवस्था की गई है, एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक माछरौलिया गोयल परिवार बनवारीलाल प्रेमचंद सहित शहर के धर्म प्रेमी नागरिक बंधु भी सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं।

# सतनाम शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय सतनाम सेना के जिला मिडिया प्रभारी निलेश सतनामी ने बताया कि अखिल भारतीय सतनाम सेना जिला मुंगेली के तत्वधान में गुरु प्रकाश पर्व के अवसर पर 2 दिसंबर को भव्य सतनाम शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई सतनाम शोभायात्रा में सतनामी समाज की आन बान शान जगत सम्राट राजागुरु धर्मगुरु गुरुगद्दीनशीन भंडारपुरी धाम एवं सतनाम धर्म संचालक भारतवर्ष अखिल भारतीय सतनाम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु बालदास साहेब एवं अखिल भारतीय सतनाम सेना के प्रदेशाअध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ युवराजगुरु धर्मगुरू सौरभ साहेब के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ गुरु घासीदास बाबा के सम्मान में जिला मुंगेली की ओर से भव्य सतनाम शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया,सतनाम शोभायात्रा में मुख्य रूप से राजागुरु धर्मगुरू बालदास साहेब एवं युवराजगुरु धर्मगुरु सौरभ साहेब रथ को सवारी कर तख्ती पोस्टर के माध्यम से गुरु घासीदास बाबा के सिद्धांतों एवं उपदेशों को प्रसारित करते हुए डीजे जोन, धुमाल अखाड़ा, पंथी के साथ एवं प्रदेश भर से आए हुए संत समाज के साथ में रेस्ट हाउस मैदान मुंगेली से पूरा नगर भ्रमण करते हुए दिव्य अनुपम दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान किए। गुरु बालदास साहेब ने गुरु घांसीदास बाबा के सिद्धांत,उपदेश दिए अहिंसा के मार्ग पर चलने को प्रेरित किये खानीदूबानी सियानी पर नारी माता समान, सदा नशा पान से दूर रहें, सदा मांसाहार से दूर रहना,सदा जुआ चोरी से दूर रहना सदा सच बोलना, सदा सच सुनना, सत देखना, सदा गुरु माता पिता का सम्मान करने का संकल्प दिलाया अखिल भारतीय सतनाम सेना द्वारा 10वी, 12वी, टापर मेरिट लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया शोभायात्रा में राजमहंत, जिलामहंत, ब्लॉकमहंत, सेक्टर महंत, भंडारी, छड़ीदार, साटीदार, अखिल भारतीय सतनाम सेना के पदाधिकारीगण, प्रमोद सतनामी, जय सतनामी, लवकुमार सतनामी, देवेंद्र सतनामी, चंद्रपाल सतनामी, दीपक सतनामी, माखन सतनामी, जैत सतनामी, रामकुमार सतनामी, छत्रपाल सतनामी, लक्ष्मी सतनामी, कुमान सतनामी, डोमन सतनामी एवं सतनामी समाज उपस्थित थे।

## प्रथम जिला भाजपा अध्यक्ष ने की पत्रकार वार्ता

# राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा आक्रामक मूड में, लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले की नवगठित जिला इकाई के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा एवं जिला संयोजक गगन जयपुरिया ने 4 दिसंबर को शक्ति शहर के शासकीय विश्राम गृह में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर प्रधान मंत्री आवास योजना को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है, भाजपा का आरोप है कि प्रदेश की सरकार ने गरीबो के सर से उनका छत छीनने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आवासहीनों की सर्वे सूचि में शामिल सभी परिवारों के घर का निर्माण 2022 तक पूर्ण करने का संकल्प लिया है। परन्तु वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से अपने ही प्रदेश के गरीब आवासहीन जनता को राज्यांश की राशि रोक कर पक्के आवास से वंचित किया जा रहा है,भाजपा शक्ति जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने 15 दिसम्बर 2021 एवं इसी विभाग से पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने 6 जुलाई 2021 को सीधे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर प्रदेश के गरीबो को 781999 आवास देना चाहा। इस विषय की पुष्टि छ0 ग0 शासन के केबिनेट मंत्री टी0 एस0 सिंह देव ने भी पंचायत विभाग का दायित्व त्यागते समय अपने पत्र दिनांक 16 जून 2022 में किया है। जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा की प्रदेश की गरीब जनता का आवास तो स्वीकृत हुआ था लेकिन छ0 ग0 में भूपेश सरकार द्वारा राज्यांश जारी न करने के कारण जनता दर-दर की ठोकर खाने के लिए अभिशप्त है। मोर आवासमोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। 4 वर्ष के पश्चात अब सरकार के आंकलन का समय आ चुका है कि इस सरकार के आने के बाद जनता ने क्या खोया और क्या पाया? मोर आवासमोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में जिला भाजपा आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी करने जा रही है। योजना में जिले के 67435 वंचित हितग्राहियों को सूची बनाकर 6 दिसंबर से 20 जनवरी 2023 के बीच में ग्राम पंचायत, विधानसभा, जिला और प्रदेश स्तर पर भूपेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत अंतिम रूप में 20 जनवरी को दुर्ग में एक आंदोलन का बड़ा कार्यक्रम भी होगा। मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम में जिला के संयोजक गगन जयपुरिया ने कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेशभर के लाखों गरीब लोगों के सपनों को पूरा नहीं होने दिया, इसलिए अब भाजपा कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर कांग्रेस का असली चेहरा उजागर करेंगे। जो आवास पूर्व में बन चुके हैं, परंतु हितग्राहियों को पैसा प्राप्त नहीं हुआ है। इस तरह के अप्राप्त हितग्राही और अपूर्ण हितग्राही इनकी सूची बनाकर मंडल स्तर पर ऐसे लोगों को बैठक में आमंत्रित करने की योजना बनाई गई है, मोर आवास- मोर अधिकार कार्यक्रम के शक्ति जिला संयोजक गगन जयपुरिया ने बताया कि जिले के सभी 321 ग्राम पंचायतों और 458 गांव में मोर आवास- मोर अधिकार के तहत आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

# पैराडाइज एवं सेंट माइकल ग्राउंड में संपन्न हुआ प्राइवेट स्कूल जिला स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल व सेंट माइकल स्कूल मैदान में किया गया। इसके मुख्य अतिथि डी.ई.ओ भुवन जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में अबिद खान खेल अधिकारी, नवीन सिन्हा एवं धर्मेन्द्र साहू, उपस्थित रहें। अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र दुबे ने की। मिडिल एवं हायर स्तर में बालक एवं बालिकाओं के लिए 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, लम्बी कूद, ऊँचीकूद, खो-खो, कबड्डी एवं वॉलीबाल का आयोजन किया गया था। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया दुष्यंत घुमरा, देशांत नाग, शुभम् पटेल, छत्रपाल नेताम, पाकिजा बानों, वैशाली गुप्ता, प्राची चंद्रवंशी, जूही कोड़ोपी, रितिका नेताम, धनंजय नेताम, अर्जून पटेल, लक्ष्य नाग, दिपेन्द्र भण्डारी, भार्गवी कोर्राम, देवांअषीश मरकाम, अवि शुक्ला, धैर्य पराख, देवेश यादव, हर्षिता सलाम, कशिश शोरी, पायल दिवाकर, योगिता निषाद, जायना नाज ईशानी, जानवी कनोजिया, अनामिका कोर्राम, शैली बघेल, हिमेश साहू, हर्ष नाग, दक्ष रजक आदि छात्र-छात्राओं ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी छात्र-छात्राओं को प्राचार्य रश्मि रजक, सब मैनेजर हामिद खान, खेल शिक्षक रामेश्वरी साहू, अवतार सिंह एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकानाएं प्रदान की। विभिन्न खेलकूद में कांकेर एवं अन्य ब्लाक के छात्र-छात्राओं ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें सिनियर बालिका वॉलीबाल में प्रथम स्थान कांकेर ब्लाक ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान भानुप्रतापपुर ने प्राप्त किया। कबड्डी बालक एवं बालिका कांकेर ब्लाक प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक चारामा ब्लाक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सिनियर बालक खो-खो में भानुप्रतापपुर प्रथम, एवं द्वितीय कांकेर एवं बालिका खो-खों भानुप्रतापपुर प्रथम, द्वितीय कांकेर, सिनियर बालक कबड्डी में कांकेर प्रथम, चारामा द्वितीय, सिनियर बालिका कबड्डी प्रथम कांकेर, द्वितीय भानुप्रतापपुर, वॉलीबाल बालक प्रथम कांकेर, द्वितीय भानुप्रतापपुर, बालिका कांकेर एवं द्वितीय भानुप्रतापपुर, रिले रेस में बालक भानुप्रतापपुर प्रथम, द्वितीय कांकेर, रिले रेस बालिका कांकेर, द्वितीय भानुप्रतापपुर रहा। जिलास्तरीय प्राइवेट स्कूल वार्षिक खेलकूद को संपन्न कराने में जिला अध्यक्ष धमेन्द्र दुबे, कांकेर ब्लाक अध्यक्ष योगेश रजक, मुख्य सलहाकार मनीष एनथूनी, मनोज राजपूत, रेतेश चौबें, जिला सचिव उमेश कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष राजेश राव सिदें, जलसिंह नेताम, जिलाउपाध्यक्ष दिगंम्बर सिंह चौहान, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष लीलेश ठाकुर, क्रीड़ाअध्यक्ष सोहनलाल नापित, संस्कृतिक अध्यक्ष गुरूप्रकाश साहू, मिडिया प्रभारी गौरंव हिरवानी एवं अन्य सदस्यों तथा पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल, सेंट माइकल हायर सेकेण्डरी स्कूल, जे.पी. हायर सेकेण्डरी स्कूल व जूपिटर वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का विशेष योगदान रहा।

## कांग्रेस के कालनेमी कर रहे माता कौशल्या का अपमान: चौधरी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस ने चुनाव में वादा किया था कि सत्ता में आने पर 10 दिन में संविदा और अनियमित कर्मचारियों को नियमित करेंगे लेकिन 4 साल हो गए, वादा पूरा नहीं किया। इस बीच ये कर्मचारी लगातार नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं, जिसे सरकार नहीं सुन रही। अब ये कर्मचारी माता कौशल्या की शरण में गए कि माता का मंदिर बनाने का दिन रात बखान करने वाली कांग्रेस सरकार शायद माता का सम्मान रखेगी। ये कर्मचारी चंद्रखुरी स्थित माता के मंदिर तक पदयात्रा करते हुए पहुंचे और कौशल्या माता के सामने संकल्प और आस्था का नारियल अर्पित किया। इसके बाद वे नारियल भेंट करने सरकार के प्रवक्ता मंत्री रवींद्र चौबे के यहां पहुंचे तो उन्होंने मुलाकात करने तथा माता का नारियल लेने से इंकार कर दिया। यह ठग सरकार द्वारा माता कौशल्या का अपमान है। प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कालनेमी कांग्रेसी सनातन धर्म का ,भगवान राम का, माता कौशल्या का अपमान करते रहते हैं। चंद्रखुरी के माता कौशल्या के मंदिर का नारियल तक रविंद्र चौबे ने स्वीकार नहीं किया। इनका दिखाने का स्वरूप अलग है और वास्तविक स्वरूप अलग है। कांग्रेस के लोग कौशल्या माई के मंदिर का नारियल स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन का पुलिस कालोनी में हुआ नि:शुल्क मेडिकल कैम्प

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





अमलीडीह पुलिस आवासीय कालोनी में छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा आयोजित चिकित्सा शिविर में लगभग 250 मरीजों का परीक्षण किया गया। इसमें पुलिस कर्मी चर्म रोग और ब्लड प्रेशर से पीडित मिले। बच्चों में खांसी, सरदी, अस्थमा और महिलाओं हड्ड़ी रोग और कमर दर्द से पीडित पाई गई। बच्चों में ढेडे-मेढ़े दांत आने की समस्या भी देखी गई। इस अवसर एएसजी आई हॉस्पिटल, श्रेयन आयुर्वेद व आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय की डॉ. पल्लवी क्षीरसागर और डॉक्टर मोनिका शर्मा महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतना रामानी ने मरीजों का पूर्ण सेवा भाव के साथ उनका परीक्षण कर उन्हें निदान के लिए सुझाव व दवाईयां दी। इस मौके पर राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, देवेन्द्र टंडन और पार्षद नानू ठाकुर भी उपस्थित थे। एसोसियेशन के संयोजक जी.एस. बॉम्बरा ने बताया कि कैंप में विशेषज्ञ डाक्टरों के अलावा आराधना डायग्नोस्टिक सेन्टर व्दारा नि:शुल्क पैथालाजी जांच में मधुमेह व ईसीजी की जांच की गई। मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां भी दी गई। मेडिकल कैम्प में आए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन जैन ने बताया कि इन दिनों एलर्जी एक उभरता हुआ पैटर्न है। बच्चे सर्दी खांसी और एलर्जी का शिकार हो रहे है। कई बच्चों को लंबे समय की सर्दी खांसी का परीक्षण करने पर पाया गया कि उन्हें अस्थमा है। डॉ. जैन के अनुसार जब संक्रामक रोग से छुटकारा मिलता है तो एलर्जी और मोटापा बढ़ने लगता है। ऐसे में बच्चों में सर्दी खांसी को हल्के से नहीं लें और उन्हे अच्छे डॉक्टर को दिखाएं। मेडिकल फिजिशियन रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डॉ. मनोज सोनी ने कहा एसोसियेशन के इस कैम्प से कई लोग अपनी उन बीमारियों से परिचित हुए जो उन्हें नहीं मालूम थी। कैम्प में कई पुलिस कर्मचारियों में चर्म रोग और ब्लड प्रेशर पाया गया है। कड़ी ड्यूटी के कारण वे अपने स्वास्थ्य का ख्याल नहीं रख पा रहे है। उन्हें दवाई के अतिरिक्त 7 घंटे की नींद लेने की जरूरत है। इससे तनाव कम होगा। सीता मेमोरियल मल्टी स्पेशलिटी डेन्टल क्लीनिक के विशेषज्ञ डाक्टर जीतेन्द्र सराफ कैम्प में अपनी मेडिकल वैन ले कर आए थे। उन्होंने बताया कि चूकि बच्चों में चबा कर खाने की आदत कम हो रही है इसलिए उनके दांत ढेडे-मेढ़े हो रहे है और जबड़ें की चौड़ाई कम हो रही है। मेडिकल कैम्प में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वासुदेब सेन ने मरीजों के परीक्षण के बाद यह पाया कि काफी संख्या में महिलाएं अर्थराईटिस से प्रभावित हो रही है। कम्प्यूटर, लैपटॉप और मोबाईल के कारण लोगों में गर्दन का दर्द बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित रुप से व्यायाम करना चाहिए।

## अभिनेता डॉ अजय सहाय फिल्म ‘घरौंदा में लवली अहमद के पिता की भूमिका नजर आयेंगे

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



खोब्रागडे फिल्म्स राजनांदगांव की प्रस्तुति निमार्ता हेमनाथ खोब्रागडे की फ़िल्म में ‘घरौंदा’ स्व.पुष्पांजलि शर्मा की संभवतः यह आखरी फिल्म है जिसमें उन्होंने मां का रोल किया है। इस फिल्म की अधिकतर शूटिंग सहाय फिल्म सिटी, जोरा रायपुर में हुई है। एक भेंटवार्ता में डॉ सहाय ने बताया कि लवली अहमद और पुष्पांजलि शर्मा के साथ काम करना एक सुखद अनुभव था। इससे पहले भी वे लवली के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। लवली बहुत ही प्रतिभाशाली कलाकार हैं। पुष्पांजलि के साथ उन्होंने दर्जनों फिल्में की हैं। दुखद है कि विगत 14 जुलाई को पुष्पांजलि की एक भीषण सड़क दुर्घटना में स्पॉट पर ही डेथ हो गई। रिंकू खान इस फिल्म से डेब्यू कर रहे हैं। उन्होंने अपने किरदार को निभाने में बहुत मेहनत की है। बतौर डायरेक्टर राजा खान ने बहुत कम खर्च और सीमित साधनों के बाबजूद अच्छा आउटपुट देने का प्रयास किया है। डॉ. सहाय पेशे से एक वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ और सिने अभिनेता होने के बाबजूद अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म निमार्ता, निर्देशक और पटकथा लेखक भी हैं। छालीवुड से लेकर बॉलीवुड तक उनके नाम और काम की गूंज है । मुंबई ग्लोबल ग्रुप और दादा साहेब फाल्के आइकॉन अवाड्र्स फिल्म्स समूह के वे ब्रांड एंबेसडर हैं।

## बिजली समस्या के मुद्दे पर भाजयुमो का 13 दिसम्बर को बड़ा आंदोलन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मंत्री और भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत की मौजदूगी में सोमवार को निवास कार्यालय में आगामी आंदोलन को लेकर भाजयुमो पदाधिकारियो की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बिजली समस्या के मुद्दे पर एक बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। यह आंदोलन 13 दिसंबर को गुढ़ियारी बिजली दफ्तर कर घेराव कर किया जाएगा। जिसमे शहर जिला भाजपा और प्रदेश पदाधिकारी , मोर्चा, प्रकोष्ठ के सभी नेता और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। मूणत ने बताया कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे प्रदेश में बिजली की समस्या विकराल है। बिजली बिल हाफका वायदा कर सत्ता में कांग्रेस ने 4 साल में 4 बार बिजली बिल में वृद्धि कर दी। बिजली बिल के नाम से मनमानी वसूली की जा रही है।अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्रवासी परेशान है। इसी तरह सड़क और गलियों के स्ट्रीट लाइट बंद पड़े है, शिकायत के बाद भी समाधान नही हो रहा है। बिजली कंपनी में निजी व्यक्तियो के भरोसे चल रहा है,आलम यह है कि अस्थायी कनेक्शन के लिए भी निजी ठेकेदार का चक्कर काटने को आम लोग परेशान है। मूणत ने कहा पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में कभी बिजली की दिक्कतें नही हुई, अब तो हर घर बिजली की समस्या को लेकर परेशान है, बिजली कंपनियों में मुख्यमंत्री के रिश्तेदारों का कब्जा हो गया है, तो फील्ड में कॉग्रेस नेताओ को काम देकर नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन्ही सब जनहित के मुद्दे को लेकर भाजयुमो गुढ़ियारी बिजली दफ्तर का घेराव कर जनता की मांग रखी जायेगी। घेराव से पहले क्षेत्र के 20 वार्डो में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और युवा मोर्चा के द्वारा जन जागरण के तहत नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क के जरिए अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमे भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में मंडल प्रभारी अशोक पाण्डेय, ओंकार बैस, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, बजरंग खंडेलवाल ,नवीन शर्मा, पुरषोत्तम देवांगन ,गोवर्धन खंडेलवाल, सत्यम दुवा, आशु चंद्रवंशी, गोपी साहू ,युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अमित मैसेरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, गोविंदा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बी श्रीनिवास राव, भुपेन्द्र ठाकुर , प्रितम ठाकुर ,अनिल सोनकर,मंडल महामंत्री, संजय सिंह, राजीव श्रीवास, विकास सेठिया, संतोष साहू, दिनेश शर्मा,नवीन सिंह, पुरषोत्तम मोहले, गजानंद साहू, युवा मोर्चा प्रभारी अश्वनी विश्वकर्मा, प्रणय साहू , ऋतुराज शर्मा, वासु ठाकुर, विशाल पाण्डेय, शंकर साहू,आशीष त्रिपाठी, युवा मोर्चा अध्यक्ष, शुभांकर द्विवेदी , विनय जैन जी,चंद्रप्रकाश शर्मा ,सुरेन्द्र साहू, राकेश यादव मौजूद थे।

## ‘कथा अनकही’ सुपरहिट टर्किश सीरीज़ ‘1001 नाइट्स’ (बिंबिर जीसी) का हिंदी रीमेक

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




प्यार एक ऐसी भावना है, जो दो लोगों को जोड़ता है, लेकिन क्या कोई प्रेम कहानी सबसे त्रासद पल से जन्म ले सकती है? सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की आगामी आकर्षक कहानी ‘कथा अनकही’ प्यार, पछतावे और एक ऐसे ज़ख्म के एहसास में गहराई तक जाती है, जिसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। ‘कथा अनकही’ दुनिया भर में मशहूर टर्किश ड्रामा ‘1001 नाइट्स’ (बिंबिर जीसी) का हिंदी रीमेक है। 50 से ज्यादा देशों में सफलता हासिल करने के बाद अब यह शो भारतीय दर्शकों को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें एक ऐसे गहरे ज़ख्म की दिलचस्प कहानी है, जिससे कथा और विआन के बीच दरार पैदा हो जाती है। दुनिया भर में सराही गई इस सीरीज़ के दो किरदार - सेहराज़त और ओनुर के भारतीय संस्करण में नजर आएंगे अदिति देव शर्मा और अदनान खान। स्फीयर ओरिजिंस के निर्माण में बने इस शो का प्रीमियर 5 दिसंबर को हो रहा है, जो हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा। अवॉर्ड विजेता आर्किटेक्ट कथा, हिम्मत और महत्वाकांक्षा की एक मिसाल है। वो अपने पेशे में हमेशा आगे रहती है, लेकिन कभी किसी को अपनी कमजोरियां नहीं दिखाती, भले ही उसे कितनी गहरी चोट क्यों ना लगी हो या फिर वो भावनाओं के कितने भी भयंकर तूफान से क्यों न गुजर रही हो! दूसरी ओर, विआन पुरुषवादी सोच रखता है, जो महिलाओं के खिलाफ है, क्योंकि वो औरतों को सिर्फ मौकापरस्त मानता है। लेकिन जब कथा और विआन एक ऐसे मोड़ पर आए तूफान का सामना करेंगे, जहां से लौट पाना मुमकिन नहीं है, तब क्या उनका रिश्ता आगे बढ़ेगा? 'कथा अनकही' में अदिति देव शर्मा और अदनान खान के अलावा शीन दास, समरवीर मणि, अजिंक्य मिश्रा और गिरीश सहदेव जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। देखिए ‘कथा अनकही’, 5 दिसंबर से हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर!

## स्वास्थ्य संचालक ने रायपुर जिला अस्पताल का किया दौरा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भीम सिंह ने अचानक जिला अस्पताल पंडरी पहुंचकर कर वहां मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने समस्त वार्डो, आपरेशन थियेटर, गहन इकाई कक्ष का मुआयना किया और भर्ती मरीजों से रूबरू चर्चा कर उनका हालचाल जाना।उन्होंने अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों से अस्पताल में दवाईयों की उपलब्धता एवं मरीजों को दी जाने वाली दवाइयों के बारे में जानकारी ली।

विशेष रूप से हमर लैब के संचालन की बारीकियों को भी परखा। जिला अस्पताल पंडरी के सिविल सर्जन डॉ. पीके गुप्ता ने बताया संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा आज जिला अस्पताल पंडरी में समस्त स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने हमर लैब की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया एवं आस पास के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं से सैम्पल कलेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है अस्पताल में आने वाले प्रत्येक रोगी का बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाए, साथ ही दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता न किया जाए। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या करना विभाग की पहली प्राथमिकता है। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने अस्पताल में दी जा रही सेवाएं ओपीडी,ऑपरेशन थिएटर,ब्लड बैंक एवं अन्य सुविधाओं पर अस्पताल के सिविल सर्जन एवं डाक्टरों से गहन चर्चा की। सिविल सर्जन डॉक्टर गुप्ता ने आगे बताया कि निरीक्षण के दौरान संचालक ने साफ सफाई और भोजन व्यवस्था के विषय में सीधे मरीजों से चर्चा की। सीटी स्कैन की सुविधा के लिए डिमांड लेटर भेजने को कहा। आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग को शत-प्रतिशत करने और आने वाले सभी मरीजों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाए जाने के निर्देश दिए। फामेसी में डीपीएमआईएस सॉफ्टवेयर कंटिन्यू करने व सिकल सेल प्रबंधन के विषय में मरीज के इलेक्ट्रो फ्लोसिस और सेलोब्रूटी टेस्ट दोनों एक साथ करने के लिए कहा। मुख्य पॉइंट पर टेलीविज़न लगा कर स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा दी जा रही सुविधाओं के प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। हमर लैब से प्राप्त जांच के आधार पर तुरंत इलाज सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। इस अवसर पर डिप्टी डारेक्टर अस्पताल प्रशासन डॉ.राजेश शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर डॉ.डी.के. तुर्रे, एस.के.भंडारी आरएमओ एवं अस्पताल के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बालको महिला मंडल ने किया नेत्र शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



बालको महिला मंडल द्वारा बालकोनगर के सेक्टर-1 स्थित प्रगति भवन में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर चंदा सेठिया एवं डॉक्टर तारी क ने अपनी सेवाएं दीं। बालकोनगर एवं आसपास के 100 से अधिक नागरिकों ने शिविर में परीक्षण कराया। इस अवसर पर बालको महिला मंडल की सचिव सिमरन कौर एवं मंडल की अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उत्कृष्ट आयोजन के लिए बालको महिला मंडल अध्यक्ष रंजना पति ने टीम की हौसला अफजाई की।

## कोलगेट मैक्सफ्रेश ने चारकोल और वाटरग्रीन मिंट के साथ सर्वाधिक ताजगी प्रस्तुत की कूलिंग क्रिस्टल्स के साथ अद्वितीय ब्लैक जेल टूथपेस्ट

### जो आपके दिन की शुरुआत ताजगी के साथ करता है

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओरल केयर में मार्केट लीडर, कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने ब्रांड एम्बेसडर रनवीर सिंह के साथ एक एड कैम्पेन द्वारा अपने जेल-बेस्ड कोलगेट मैक्सफ्रेश टूथपेस्ट का ऑल- न्यू ‘चारकोल’ वैरिएंट पेश किया। इस टूथपेस्ट में कूलिंग क्रिस्टल्स हैं, जो केवल मैक्सफ्रेश रेंज में मिलते हैं। मैक्सफ्रेश चारकोल टूथपेस्ट में न केवल क्लीनिंग की बेहतर क्षमता है, बल्कि बैंबू चारकोल के साथ विंटरग्रीन मिंट का ताजगीभरा स्वाद भी है। इससे बेहतरीन ताजगी मिलती है और मुँह तरोताजा, एवं व्यक्ति में ऊर्जा बनी रहती है। कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड के वाईस प्रेसिडेंट, अरविंद चिंतामणि ने कहा, ‘‘हम नया मैक्सफ्रेश चारकोल टूथपेस्ट लॉन्च करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। इसमें कूलिंग क्रिस्टल और क्लीनसिंग पॉवडर है, जो आपको सोकर उठने के बाद नई ऊर्जा का अहसास प्रदान करते हैं। रनवीर सिंह के साथ फिर से साझेदारी बहुत उत्तम है क्योंकि वो दिन की शुरुआत मैक्सफ्रेश चारकोल टूथपेस्ट की ताजगी के साथ करते हैं, और दर्शकों को ‘‘वेक-अप मैक्स, लिव-अप मैक्स’’ की प्रेरणा देते हैं।’’ कोलगेट मैक्सफ्रेश चारकोल टूथपेस्ट आकर्षक ब्लैक और रेड स्टाईलाईज़्ड पैक में आता है। यह वैरिएंट चार आकारों, 30 ग्राम, 65 ग्राम, 130 ग्राम, और 260 ग्राम में उपलब्ध है। कोलगेट मैक्सफ्रेश का भारत में दो दशक पुराना इतिहास है, और यह कोलगेट के सबसे ज्यादा बिकने वाले टूथपेस्टों में से एक है। यह 10 करोड़ से ज्यादा परिवारों को एडवांस्ड ब्रेथ-फ्रेशनिंग टेक्नॉलॉजी का अनुभव प्रदान करता है। कोलगेट मैक्सफ्रेश ऑफलाईन और ऑनलाईन चैनलों पर अनेक बेहतरीन टूथपेस्ट एवं माउथवॉश उपलब्ध कराता है।

## FDCI समर्थित ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर 2022 ने मुंबई चैप्टर में फिर से बनाई नई रूलबुक

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा समर्थित ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर का 16वां संस्करण 2 दिसंबर, 2022 को रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फक्लब, महालक्ष्मी में मुंबई के लिए एक जीवंत और ऊर्जावान अनुभव लेकर आया। सेलिब्रिटी डिजाइनर फाल्गुनी शेन पिकॉक ने ‘प्राइड इन ब्रेकिंग नॉर्म्स ऑफकन्वेंशनल फैशन’ को प्रस्तुत किया, जिसमं भारत की पहली और अकेली महिला ग्रेफिटी कलाकार डिजी द्वारा लाइव ग्रेफिटी आर्ट प्रदर्शन के बीच युवा, एजी, स्ट्रीट स्टाइल वाले कलेक्शन को प्रदर्शित किया गया। शो के अंत में शोसटॉपर शाहिद कपूर थे, जिन्होंने अपनी ऊर्जा और आकर्षक व्यक्तित्व के साथ कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। डिजाइनर फाल्गुनी शेन पिकॉक को अपने युवा, सौंदर्यपूर्ण और इन्नोवेटिव स्वभाव के जरिये फैशन डिजाइन की सीमाओं को तोड़ने के लिए जाना जाता है। ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर के मुंबई चैप्टर के लिए, उन्होंने तेजी से बढ़ती स्ट्रीट-आर्ट कल्चुर से प्रेरणा ली और स्ट्रीट एवं फैशन के एक खूबसूरत संयोजन को पेश किया। इस शाम का स्ट्रीट भाग तब और भी ज्यादा समृद्ध हो गया जब डिजी ने फैशन शो के सेट पर लाइव ग्रैफिटी आर्टवर्क डिजाइन द्वारा स्ट्रीट को और अधिक ऊर्जावान बना दिया। भारत के युवाओं के ‘प्राइड एंड ऑथेंटिसिटी’ के जीवंत और विकसित होती अभिव्यक्ति शाम के हर क्षण के माध्यम से चमक उठी।

## दुकान आई चैट पे, जियोमार्ट अब व्हाट्सएप पे

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रिलायंस रिटेल का जियोमार्ट भारत के प्रमुख ई-मार्केटप्लेस में से एक है, जो व्हाट्सएप के जरिए ग्राहकों से ऑर्डर प्राप्त करने और उसे पूरा करने वाला दुनिया का इकलौता सफ्ल ई-रिटेल ब्रांड बन गया है। व्हाट्सएप के साथ जियोमार्ट की साझेदारी के बाद, ग्राहक अब सीधे अपने व्हाट्सएप चैट के भीतर अपनी घरेलू जरूरत के सामानों को आसानी से ब्राउज़ कर सकते हैं और खरीदारी कर सकते हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स ने व्हाट्सएप के जरिए जियोमार्ट की सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए मेटा के साथ साझेदारी की है, जिससे दुनिया में पहली बार उपभोक्ताओं को उत्पादों की खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान हुआ है। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत के डिजिटल बदलाव के सफर में तेजी लाना है, तथा सभी लोगों एवं हर आकार के व्यवसायों को नए तरीकों से जुड़ने का अवसर उपलब्ध कराना और देश के आर्थिक विकास में सहयोग देना है। व्हाट्सएप के जरिए जियोमार्ट की सेवाएँ उपलब्ध होने के बाद देश भर में लाखों व्यवसायों के अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव आ रहा है, साथ ही लोगों के लिए खरीदारी का अनुभव भी बेहद सरल और सुविधाजनक बन गया है। यह सुविधा ग्राहकों को शुरू से अंत तक खरीदारी का पूरा अनुभव प्रदान करती है। कोई भी व्यक्ति कैटलॉग ब्राउज़ करने के साथ-साथ जियोमार्ट में अनगिनत उत्पादों पर दिए जा रहे ऑफ़र का पता लगा सकता है, अपनी जरूरत के सामान को कार्ट में डाल सकता है और खरीदारी की प्रक्रिया पूरी कर सकता है।


### कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/1000/न.पा.नि./लो.नि.वि./2022-23 कवर्धा, दिनांक 30/11/2022

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित निर्माण/विकास कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य विवरण | अनु. लागत राशि (लाख में) | नि.प्र. प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक भवन निर्माण कायस्थ समाज के पास कवर्धा | 10.00 | 14.12.2022 |
| 2. | वार्ड क्र. 01 से 04 तक विभिन्न स्थानों में सीसी रोड रिपेयरिंग कार्य। | 19.69 | ------''------ |
| 3. | वार्ड क्र. 05 से 08 तक विभिन्न स्थानों में सीसी रोड रिपेयरिंग कार्य। | 19.29 | ------''------ |
| 4. | वार्ड क्र. 09 से 13 तक विभिन्न स्थानों में सीसी रोड रिपेयरिंग कार्य। | 16.42 | ------''------ |
| 5. | वार्ड क्र. 14 से 20 तक विभिन्न स्थानों में सीसी रोड रिपेयरिंग कार्य। | 12.00 | ------''------ |
| 6. | वार्ड क्र. 21 से 24 तक विभिन्न स्थानों में सीसी रोड रिपेयरिंग कार्य। | 15.00 | ------''------ |
| 7. | वार्ड क्र. 25 से 27 तक विभिन्न स्थानों में सीसी रोड रिपेयरिंग कार्य। | 17.60 | ------''------ |

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा



### न्यायालय तहसीलदार बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202107180100015/अ-19(4)/2020-21

एतद द्वारा ग्राम बीजापुर के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यादव समाज बीजापुर द्वारा नगरीय क्षेत्र बीजापुर में स्थित भूखण्ड खसरा नं. 130/1 रकबा 2.361 हे. भूमि से 0.036 हे. भूमि में सामाजिक भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटन की मांग की गई है। जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा किसी अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 09/12/2022 के पूर्व इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2022 को मेरा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के साथ ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बीजापुर

# गांव तक शराब पहुंचा रहे शहर के तस्कर थानों में तैनात जवानों से मिल रही मदद

## तस्करी के लिए बड़ा लेन-देन हो रहा, थानों तक नहीं पहुंच रहे मामले

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पुलिस जवानों की मदद से शासकीय शराब दुकानों से शराब की खेप ग्रामीण अंचल तक पहुंचाई जा रही है। शहर के ही कुछ कोचिए घुमका और सोमनी थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में शराब पहुंचा रहे हैं। पिछले दिनों ऐसा ही एक मामला सोमनी थानाक्षेत्र की घुमका से लगी सरहद में सामने आया।

शराब का अवैध धंधा अब सिर्फ कोचियों और तस्करों तक ही सीमित नहीं रह गया है। बल्कि पुलिस अमले के कुछ आरक्षक और जवान भी इसमें शामिल हो गए हैं। सरहदों से लगे थानाक्षेत्र के ये प्रहरी आसानी से तस्करों की आवाजाही को नियंत्रित कर रहे हैं।

कुछ दिनों पहले नांदगांव से शराब तस्करी कर रहे तस्करको पुलिस जवान ने धर दबोचा। लेकिन इस मामले का थाना पहुंचने से पहले ही निपटारा कर दिया गया। खबर है कि, जवान ने मामले को दबाने के एवज में तस्कर से 40 हजार रुपए लिए और उसे जाने दिया। दरअसल, यह तस्कर लंबे समय से इस इलाके में शराब की खेप कोचियों तक पहुंचा रहा है। इस मामले की जानकारी पुलिस तक भी पहुंची है। सोमनी और घुमका थानाक्षेत्र के पुलिसवालों की सांठगांठ को लेकर खुलासे हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा आम है कि पुलिस के ही संरक्षण में शराब का गोरखधंधा चल रहा है। कुछ मामलों में राजनीतिक हस्तक्षेप की बात भी सामने आती है।



### आरक्षक-जवानों का गुट भी सक्रिय

कोचियों पर लगाम नहीं कस पा रही है। शासकीय दुकानों से निकलरही बड़ी खेप अलग-अलग हिस्सों में पहुंचाई जा रही है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीमकी नज़र के सामने तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। अलग-अलग थानों के आरक्षक-जवानों का एक गुट भी इसमें सक्रिय है। यह तस्करों को आराम से ठिकाने तक पहुंचने और खेप पहुंचाने में मदद करता है। इस एवज में तस्कर की ओर से बड़ी रकम उन तक पहुंचाई जाती है।

### अधिकारियों को खबर नहीं

दोपहिया और चार पहिया वाहनों से ग्रामीण क्षेत्र में धड़ल्ले से शराब की तस्करी हो रही है। एक ओर जहां कुछ आरक्षक और जवानों का गुट भी इसमें सक्रिय है तो दूसरी ओर अफसरों को इसकी खबर ही नहीं है। यह पूरा मामला एक-दो आरक्षक ही संभाल रहे हैं। उन्होंने ही अपने आसपास के थानों के दूसरे जवानों को भी इसमें शामिल कर लिया है। तस्करों और कोचियों से मिल रही अच्छी-खासी रकम ये आपस में बांट लेते हैं। हर एक दो दिनों की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही है।

### कई थानों में दर्ज है मामले

बताया जा रहा है कि राजनांदगांव का एक युवा इस पूरे कारोबार का सरगना बना बैठा है। वह कभी खुद तो कभी अपने लोगों से शराब की तस्करी करवा रहा है। खबर यह भी है कि वह खुद शहर में भी खुलेआम शराब की बिक्री कर रहा है। इसके और इसके लोगों के खिलाफ शहर के कोतवाली, चिखली सहित लालबाग थाना में शराब तस्करी के मामले दर्ज होने की भी जानकारी है। बावजूद उसे बेलगाम छोड़ दिया गया है। होटल की आड़ में शराब की बेचने वाला युवक ग्रामीण क्षेत्र में शराब का बड़ा कारोबार फैला रहा है।

### आबकारी को फर्क नहीं पड़ता

अवैध शराब बिक्री - तस्करी के रोजाना सामने आने वाले मामलों के बावजूद आबकारी विभाग को इससे फर्क नहीं पड़ता। महिने भर में किसी एक कार्रवाई के बाद अपनी पीठ थपथपाने वाला यह विभाग अपनी जिम्मेदारियों से कोसो दूर है। शासकीय दुकानों से होने वाली तस्करी को लेकर भी विभाग ने कभी कड़ा रुख नहीं अपनाया है। लंबे समय से आबकारी विभाग की कार्यशैली को शराब के अवैध धंधे को बढ़ावा देने वाली ही बनी हुई है।

# 4 लाख से अधिक घरों में होगी टीबी-कुष्ठ रोगियों की पहचान

## 17 लाख की आबादी के बीच चलने वाले टीबी-कुष्ठ खोज अभियान का हुआ शुभारंभ



पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

टीबी-कुष्ठ को मिटाने के लिए 1 दिसंबर को सघन टीबी-कुष्ठ खोज अभियान का शुभारंभ किया गया है। आगामी 21 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में हर एक मरीज की स्क्रीनिंग एवं उपचार किया जाएगा। अभियान के दौरान मितानिन के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर टीबी एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी।

टीबी-कुष्ठ खोज अभियान के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ ने बताया : जिले में टीबी व कुष्ठ रोग की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर मरीजों की पहचान और त्वरित इलाज की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में टीबी-कुष्ठ की बढ़ती समस्या और उसके प्रसार को रोकना है। टीबी रोग के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया : तीन सप्ताह या अधिक समय खांसी, लंबे समय से बुखार और शाम के दौरान बुखार का बढ़ जाना, सांस फूलना, लगातार वजन घटने, सीने में दर्द, बलगम के साथ खून आना, बार बार लूज मोशन होने की स्थितियों में टीबी की जांच अवश्य करवाना चाहिए। वहीं पहले से इलाज करवा रहे मरीज नियमित रूप से दवा का पूरा सेवन करें।

जिला टीबी रोग विभाग अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया ने बताया : इस वर्ष भी 1 से 21 दिसंबर तक चलने वाले विशेष अभियान के दौरान लगभग 4.25 लाख घरों तक पहुंचकर लगभग 17 लाख की आबादी के बीच सघन सर्वे करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलेवासियों से अपील है कि, सर्वे के दौरान टीबी-कुष्ठ के लक्षण वाले व्यक्ति अपने रोग को छिपाएं नहीं, बल्कि लक्षणों के बारे में खुलकर बताएं। टीबी और कुष्ठ बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक का लक्ष्य तय किया है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश को वर्ष 2023 तक इन रोगों से मुक्त करने का बीड़ा उठाया है।

# अपनी पार्टी की उपेक्षा से व्यथित हफीज खान हताश दिखा रहे हैं : किशुन यदु

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गौरी नगर रेलवे अंडर ब्रिज के शीघ्र कार्य आरंभ करने को लेकर रेल स्टेशन अधीक्षक के दफ्तर में नारेबाजी और ज्ञापन दिए जाने को नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने हफीज खान की नौटंकी और हताशा करार दिया है।

उन्होंने कहा कि, सांसद संतोष पांडे द्वारा भारी संघर्ष और मुलाकात, पत्राचार के बाद स्वीकृत अंडर ब्रिज की स्वीकृति से हफीज खान को अपनी राजनीतिक कैरियर अंधकार में नजर आने लगा है। जिसकी हताशा के कारण वे ऐसी उल- जलूल हरकत कर रहे हैं।यदु ने कहा कि, उन्हें पता होना चाहिए कि अंडर ब्रिज स्वीकृती उपरांत लेआउट, स्थल चयन प्रक्रिया में समय लगता है। उन्हें यह भी मालूम है कि कार्य शीघ्र आरंभ होने वाला है तो झूठी वाहवाही लूटने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने, अखबारों में फोटो छपाने की जुगत लगा रहे हैं।

यदु ने कहा कि उनकी हताशा इससे ही स्पष्ट है कि अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनने से उनकी राजनीति चमक उठेगी और तामझाम होगा। किंतु उनकी ही पार्टी से अपनी उपेक्षा अब उन्हें खलने लगी है और जमीन की तलाश है। यदु ने उन्हें सलाह देते हुए कहा कि, धैर्य रखें आपके इसी कार्यकाल में अंडर ब्रिज निर्माण होने लगेगा।रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार लेआउट की स्थिति अंतिम चरण में है और शीघ्र कार्य आरंभ होगा।

### वंदे भारत को नांदगांव में मिले स्टॉपेज : निवाणी

भाजपा नेता मनोज निवाणीने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस जो 11 दिसंबर से छत्तीसगढ़ में चालू होने वाली है उसका स्टॉपेज राजनांदगांव में दिया जाना चाहिए ताकि राजनांदगांव में रहने वाली जनता को इसका लाभ मिल सके। वैसे भी छत्तीसगढ़ में जो ट्रेनें रूकती हैं उसमें से राजनांदगांव में लगभग 2 दर्जन से अधिक ट्रेन का स्टॉपेज राजनांदगांव में नहीं है।

# पटवारी, आरआई पर करोड़ों की जमीन की हेराफेरी का आरोप

- मुख्यमंत्री से मांगा न्याय, तहसीलदार पर भी लगाए गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पेंड्री में मेडिकल कॉलेज के पास भूखंड के बंटवारे में अफरा-तफरी करने और दलाल से मिलकर अन्य व्यक्ति को जमीन बेच दिए जाने का आरोप स्थानीय पटवारी, आरआई और तहसीलदार पर लगे है। पीड़ित ने इस मामले में तहसीलदार और आरआई की भूमिका को भी संदिग्ध बताया है। आरोप है कि सभी ने मिलकर करोड़ों की जमीन में धोखाधड़ी की है।

पेंड्री निवासी लोचन साहू ने सोमवार को आरोप लगाया कि मेरी भूमि जो कि 4.59 एकड़ है। जिसका भूमि खसरा नं. 446, 524, 629 व 699 है।उन्होंने बताया कि वह सभी 11 भाई बहनों के बीच जमीन का बराबर बंटवारा किया जा चुका था। लेकिन बाद में इसे रद्दकर पटवारी ऐश्वर्य मिश्रा और आरआई ने मिलकर इसका अपने ही मुताबिकफर्द बंटवारा कर दिया। इसे लेकर आपत्ति की गई तो कोर्ट का आदेश बताते हुए धमकाया गया। यही नहीं आपत्ति के बावजूद जमीन का एक हिस्सा अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री करवा दी गई।



उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत उन्होंने कलेक्टर और एसडीएम से भी की लेकिन इस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। साहू ने कहा कि तहसीलदार ने भी शिकायत करने पर उन्हें फटकार दिया और उन्हें कोर्ट की धौंस दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी ऐश्वर्य मिश्रा और एक जमीन दलाल ने मिलकर पूरे खेल को अंजाम दिया है जिसमें तहसीलदार की भी भूमिका है। पटवारी और दलाल ने बालाघाट स्थित मेरे दूसरे-भाई बहनों के घर जाकर उन्हें बहलाया-फुसलाया। मेरे घर आकर मुझे धमकी दी गई। साहू ने बताया कि पेंड्री स्थित भूखंड का अवकाश के दिन आरआई और पटवारी ने 10 लोगों के साथ जबरिया सीमांकन कर बंटवारा कर दिया। स्वयं को पीड़ित बताते हुए लोचन साहू ने इस मामले में मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने पटवारी ऐश्वर्य मिश्रा सहित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जवानों ने आयोजित किया स्वच्छता पखवाड़ा

- आईटीबीपी ने स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

विकासखंड के वनांचल में स्थित भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल जोब कैंप के जवानों ने 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया है। इसी तारतम्य में जवानों ने अपने कैंप से लेकर के ग्राम जोब तक सड़कों कि साफ सफाई एवं रैली के माध्यम से स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।

ग्राम कि महिला समूह व युवा संगठनों ने भी इस अभियान में जुड़कर जवानों के साथ बाजार चौक, स्कूल मैदान की साफ सफाई में अपनी भूमिका निभाई। इंस्पेक्टर कामरान अशरफ ने ग्रामीणों से मुलाकात कर हाल चाल जाना व स्वच्छता के प्रति उदबोधन के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान ग्राम पंचायत जोब के सरपंच जानकीशरण श्रीवास्तव, महिला समूह की महिलाएं, युवा संगठन,एवं बड़ी संख्या में जवानों की उपस्थिति रही।

# गरीबों के आवास छीनने वाली सरकार को उखाड़ फेंकेगी जनता : हिरेंद्र साहू

पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

भाजपा छुरिया मंडल में मोर आवास मोर अधिकार अभियान को लेकर बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पंचायत स्तर की बैठक करने की कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में सभी पंचायत स्तर के प्रभारी सह प्रभारी एवं पंचायत स्तर में बैठक प्रभारी उपस्थित थे।

यहां हिरेंद्र साहू ने कहा कि मोर आवास मोर अधिकार को लेकर हर पंचायत तक पहुंचना है। प्रत्येक हितग्राहियों से मिलकर बैठक कर इस अभियान में जोड़ने का हम सबको प्रयास करना है। जिन हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम है उसके साथ बैठक की जाएगी। विगत 4 साल से भूपेश सरकार की नाकामी कारण उनका आवास नहीं बन पाया यह छत्तीसगढ़ की आम जनता के साथ घोर अन्याय हैं। कार्यक्रम की प्रभारी किरण वैष्णव ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें कांग्रेस सरकार की गरीब विरोधी नीति के खिलाफ हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। वंचित हितग्राहियों को उनकी हक की हक दिलाने के लिए हमें एकजुट होकर लड़ाई लड़ना है। कार्यक्रम को सह प्रभारी ललिता कवर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यह तो हमारे अधिकार की बात है। 2011 के सर्वे सूची में पात्र हितग्राही से वंचित हितग्राहियों को आवास दिलाने के लिए हम सब संकल्पित हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र वैष्णव ने कहा कि हमें 2011के सर्वे सूचि के आधार पर कार्यकताओं को हितग्राहियों से मिलकर उनकी दुख पीड़ा में भागीदारी बनने की आवश्यकता है। हमें गांव से लेकर के पंचायत से जनपद और जिला प्रदेश तक इस विषय को लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।



बैठक में संजय सिन्हा महामंत्री, घासी साहू महामंत्री किसान मोर्चा,जगजीत सिंह भाटिया, अजय पटेल, राधेश्याम शर्मा ,शेखर भारद्वाज, मायाराम साहू, पदम भूषण साहू, मनीष त्रिपाठी, धन्ना यादव, मनभावन उईके, महेश चंद्रवंशी, हेत राम साहू, कामता साहू ,सोनू कसेर ,संगीता यादव, ललिता उईके जनपद सदस्य,मुन्नी मांडवी, राजकुमार सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## 10 हजार वसूले, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

# जागी पुलिस, 35 चारपहिया के खिलाफ चालानी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की दरकार के बीच नींद खुलते ही पुलिस ने सोमवार को वाहन मालिकों, चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। चार पहिया वाहनों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में 3 दर्जन से अधिक गाड़ियों के चालान काटे गए हैं। देर शाम शहर के अलग-अलग हिस्सों में यह कार्रवाईयां जारी रही।

सर्विस लेन पर जाम की स्थिति और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर लगातार शिकायतें आती रहीं हैं। सड़क किनारे मौजूद बड़े प्रतिष्ठानों के पास पार्किंग की जगह न होने के चलते भी स्थिति बिगड़ी है। यहां खड़ी गाड़ियों से यातायात काफी प्रभावित होता है। सर्विस लेन में पैदल चलने के लिए लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इस बीच सोमवार को पुलिस ने डीएसपी यातायात डी. सिसोदिया के नेतृत्व में अभियान चलाकर नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन मालिकों पर चलानी कार्यवाही की। इसके तहत गंज लाईन, पोस्ट ऑफिस चौक से रेल्वे स्टेशन तक, पुरान बस स्टैंड से शहीद भगत सिंह चौक तक यह कार्रवाई की गई। कुल 35 चार पहिया वाहन मालिकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही हुई है। यातायात पुलिस ने कार्रवाई लगातार जारी रहने की बात कही है। देर शाम कमला कॉलेज चौक और भदौरिया चौक में भी कार्रवाई की जाती रही। बहरहाल, यातायात पुलिस की इस पहल के बाद व्यस्त सर्विस लेन में बड़े वाहनों और चार पहिया वाहनों की अघोषित पार्किंग पर लगाम लगने की उम्मीद है।


सर्विसलेन पर लग रहा लंबा जाम
भारी वाहन भी धड़ल्ले से दौड़ रहे
नहीं सुधर पाई यातायात व्यवस्था

पायनियर
खबर का असर



# भारत स्कॉउट गाइड शिविर में 103 का प्रशिक्षण

- कैंप में राज्यपाल पुरस्कार का प्रमाण पत्र वितरण

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के ग्राम माथलडबरी में 4 दिवसीय भारत स्कॉउट गाईड द्वितीय सोपान के विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। भारत स्कॉउट गाईड अंतर्गत 01 से 04 दिसंबर तक आयोजित विकासखण्ड स्तरीय शिविर में स्कॉउट 71, गाईड 17, रोवर्स रेंजर 5 एवं संचालक मंडल के 10 सदस्यों सहित 103 ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू के द्वारा भारत स्कॉउट गाईड अंतर्गत राज्यपाल पुरुस्कार प्रमाण पत्र सहित शिविर के प्रशिक्षितों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। समारोह में सरपंच मयंक यदु, मोहड़ सरपंच आशा देवांगन, दीपा साहू व अंजू देवांगन बतौर अतिथि शामिल हुए। शिविर दरम्यान स्काउट गाइड के बच्चो को प्रशिक्षक मंडल के द्वारा स्काउट नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत एवं स्काउट गाईड पोशाक की जानकारी दी गई। शिविर के अंतिम दिवस प्रातः योगा, सर्व धर्म प्रार्थना सभा एवं ग्राम माथलडबरी मे स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।



स्कॉउट गाईड शिविर के समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन एवं प्रतिवेदन शिविर संचालक राखी रामटेके ने किया। विकास खंड सचिव टोमन पटेल व अलख राम साहू सहित समस्त प्रशिक्षक मंडल व प्रशिक्षार्थी बच्चे उपस्थित थे।

# 8 करोड़ की लागत से जतिया तालाब का सुंदरीकरण कार्य 3 माह में हो जाएगा पूरा, वोटिंग और ओपन जिम और गार्डन और फूड कोर्ट भी होगा

## विधायक शैलेश पांडे ने निर्माण कार्यों का किया बारीकी से अवलोकन काम में तेजी लाने के लिए निर्देश

■ बिलासपुर शहर की शान होगा जतिया तालाबः विधायक पांडेय

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



विधायक शैलेश पांडे के कार्यकाल में शहर के नागरिकों को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। बंधवापारा तालाब के बाद जतिया तालाब का सौदरीकरण अंतिम चरण में चल रहा है। विधायक शैलेश पांडे ने स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए कस्तूरबा नगर जतिया तालाब पहुंचे। यहां पर निगम अधिकारियों की मौजूदगी में 8 करोड़ की लागत से चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया है कि जतिया तालाब का निर्माण कार्य जल्द पूरा करें। विधायक पांडे ने यह भी कहा है कि जतिया तालाब बिलासपुर की एक शान और पहचान होगी। जतिया तालाब में चारों ओर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ओपन जिम, फूड कोड, गार्डन, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले के साथ ही नौका विहार का आनंद भी यहां के नागरिक इस तालाब में ले सकेंगे। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ स्मार्ट सिटी योजना के तहत जतिया तालाब का सौदरीकरण किया जा रहा है। जिसमें मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। तालाब के चारों ओर सड़क चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है विद्युत व्यवस्था की जा रही है साथ ही साथ ही तालाब में साफ पानी रहे इसके लिए फिल्टर प्लांट लगाया जा रहा है जिसमें से शहर का गंदा पानी फिल्टर होकर तालाब में पहुंचेगा और तालाब में बारहमासा पानी रहेगा जिससे आसपास का जलस्तर भी इससे बढ़ेगा। कस्तूरबा नगर सिंधी कॉलोनी एवं आसपास के लोगों को जतिया तालाब के सौदरीकरणका लाभ मिले इसके लिए विधायक ने समय सीमा पर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि जतिया तालाब का आधुनिक रूप से सौदरीकरण किया जा रहा है यहां सारी सुविधाएं होंगी। और एक शहर की सौगात के साथ ही बिलासपुर का शान होगा यह तालाब। इसका लगभग 75त्न काम पूरा हो चुका है। फूड कोड भी तैयार किया जा रहा है। रोड एवं पिचिंग का काम अंतिम चरण में है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए शैलेश पांडे ने कहा है कि शहर के लोगों को यह बड़ी सौगात मिलने वाली है निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। चर्चा के दौरान अधिकारियों ने विधायक पांडे को बताया कि 3 माह के भीतर तालाब का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। क्षेत्र के पार्षद भरत कश्यप ने भी जतिया तालाब के निर्माण कार्य को लेकर कहा है कि विधायक शैलेश पांडे के मार्गदर्शन में बिलासपुर में अनेक विकास कार्य हो रहे हैं और लोगों कोबीच शहर में जतिया तालाब में सभी सुविधाएं मिलेंगी। विधायक मंडे ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कैंसर के दिशा निर्देश पर शहर में विकास कार्य हो रहे हैं इसके पहले मुख्यमंत्री ने तारामंडल और त तिफरा ओबी की सौगात दी हैं।निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य कांग्रेस के पार्षद एल्डरमैन एवं एवं निगम के अधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञात हो की पिछले 20 सालों से जतियां तालाब का सौंदर्यीकरण करने के लिए निगम प्रशासन ने योजना बनाई थी ।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के लिए केवल तीन दिन शेष

## दिव्यांगजनों के लिए भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर सौरभकुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय ई राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य और स्वीप प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ललिता भगत ने मतदाताओं को जोड़ने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही तय अवधि में अधिक से अधिक मतदाता जुड़े इस संबंध में मार्गदर्शन दिया। मतदाता सूची में नाम जुड़ाने, संशोधन और हटाने के लिए अब केवल तीन दिन ही शेष है। सभी महाविद्यालयों और विद्यालयों में बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। जहां लोग मतदाता सूची में नाम जोड़ने अथवा संशोधन कराने के संबंध में अपना आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन भरने के संबंध में लोगों को बीएलओ द्वारा जानकारी भी दी जा रही है। कार्यशाला में बिलासपुर एसडीएम श्रीकांत वर्मा ने सभी स्वीप प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पुनरीक्षण कार्य जारी है। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने 8 दिसंबर तक निर्धारित फॉर्म में आवेदन लिए जायेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम नवंबर माह में शुरू हुआ है, जो 8 दिसम्बर तक चलेगा। श्री वर्मा ने बताया कि 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का भी नाम भी मतदाता सूची में जोड़ा जा सकता है। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किये गये वोटर हेल्पलाईन ऐप के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। उन्होंने ऐप में रजिस्ट्रेशन के साथ ही अन्य प्रक्रियाओं पर बारीकी से प्रकाश डाला। मतदाता सूची में इस बार आधार कार्ड को लिंक किया जा रहा है। इसलिए सभी लिंक के लिए आधार नंबर दें। सूची में मोबाइल फोन नम्बर भी लिंक किया जा रहा है, ताकि चुनाव के समय फर्जी मतदान से बचा जा सके। वर्मा ने सभी स्वीप प्रभारियों को मतदाता पुनरीक्षण कार्य को एक मुहिम की तरह चलाने कहा और उन्होंने महाविद्यालयवार नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में बिलासपुर तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल, नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चंद्रवंशी, शासकीय ई राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज्योति रानी सिंह, डॉ. तरूणधर दीवान सहित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य और स्वीप प्रभारी मौजूद थे।

# हाथी मानव द्वंद से बचाने वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी हुए प्रशिक्षित

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रायपुर वन वृत्त के वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत डीएफओ मयंक अग्रवाल के निर्देश में उपवनमंडल कसडोल के परिक्षेत्र देवपुर के प्रशिक्षण केन्द्र में वर्तमान में हाथी विवरण एवं समस्या को दृष्टिगत रखते हुए एक दिवसीय गजराज (हाथी) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभात दुबे हाथी एक्सपर्ट सरगुजा के द्वारा छत्तीसगढ़ में हाथी संघर्ष को समझना और प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण में हाथी के प्रकार,छत्तीसगढ़ में हाथी की वर्तमान स्थिति,संख्या, भोजन, हाथीयों की पहचान, उनका जीवनकाल के संबंध में प्रेजेंटेपन आधारित प्रशिक्षण देकर विस्तृत जानकारी दिया। दोपहर बाद सत्र में हाथियों में समाजिक व्यवहार एवं संचार के तहत हाथी के ग्रुप विचरण की क्षेत्रावली, प्रजनन,आवृत्ति, समाज संगठन की जानकारी दुबे के द्वारा दिया गया।बाद के सत्र में मानव हाथी संघर्ष के तहत मानव द्वंद्व के कारण,निदान एवं सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी सरल भाषा में दी गई। उक्त एक दिवसीय गजराज प्रशिक्षण कार्यशाला में उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत देवपुर, अजूनी, सोनाखान, बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के कर्मचारी, अधिकारी, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा सभी परिक्षेत्र से हाथी मित्र के सदस्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर फिल्ड में होने वाले विभिन्न परेशानियों से सवाल जवाब कर समाधान कारक उपाय से रूबरू हुए। प्रशिक्षण के दौरान हाथी मित्र के सदस्यों को हाथी मित्र दल की टी शर्ट का वितरण वनमंडल बलौदाबाजार के तरफ से किया गया। प्रशिक्षण के अंत में परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर विजयंत तिवारी द्वारा समस्त प्रशिक्षक, कर्मचारी, समिति अध्यक्ष एवं हाथी मित्रों का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रशिक्षण समापन की घोषणा की। गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा हाथी मानव द्वंद से बचाने लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में पुलिस विभाग बना चैंपियन

पायनियर संवाददाता ◂ पेंड्रा।
www.dailypioneer.com



जिला खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति जीपीएम के तत्वाधान मे आयोजित विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता जीपीएम कप का आयोजन तीन दिवस तक फिजिकल कालेज पेंड्रा के मैदान मे किया गया जिसका फाइनल मैच और समापन समारोह सोमवार को दोपहर 12 बजे से हुआ जिसमे फाइनल मैच पुलिस विभाग जीपीएम वर्सेज राजस्व विभाग के बीच खेला गया समापन समारोह मे युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव पुलिस अधीक्षक जीपीएम यू उदय किरण (आई पी एस )जनपद पंचायत पेंड्रा अध्यक्ष आशा बब्लू मराबी जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरैला ममता पैकरा नगर पंचायत उपाध्यक्ष पंकज तिवारी अशोक वाडेगावकर एस डी ओ पी समाजसेवी सुल्तानिया उपस्थित रहे फाइनल मैच मे टॉस जीतकर पहले बल्ले करने उतरी पुलिस विभाग ने एकतरफा शुरुआत करते हुए मैच को राजस्व के पहुंच से एकदम दूर करते हुए दस ओवर मे 150 रन बना दिये जिसमें गोपाल 26गेंद मे 94 रन बनाये 151 के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्व की कमजोर शुरुआत थी और एकतरफा मैच मे पुलिस विभाग ने जीत हासिल की और चमचमाती ट्रॉफी जिसकी ऊंचाई 5 फिट से अधिक है पर कब्जा जमाया टूर्नामेंट मे मैन ऑफ़ द सीरीज व मैन ऑफ़ द मैच गोपाल ओट्टी बेस्ट बल्लेबाज भरत बेस्ट गेंदबाज नागवार सर्वश्रेष्ठ फिल्डरकीपर संजय टांडिया रहे। आयोजन समिति के सचिव नागेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की ये प्रतियोगिता अपने आप मे विभागीय क्रिकेट या खेल के लिए एक़ नया अध्याय होगी ज़ो की कही न कही खेल के लिए एक़ बड़ी बात है व्यस्तम कार्य के अतिरिक्त समय निकालकर मैदान से जुड़ने की भी प्रेरणा मिलेगी। और खेल से कर्मचारियों का जुड़ाव होगा आयोजन को सम्पन्न कराने मे आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष टिकादास मराबी अरविन्द शुक्ला रितेश सिँह विक्रांत सिंह अम्बुज मिश्रा संजय कैवर्त विवेक तिग्गा प्रदुमन तिवारी सतीश यादव ओमप्रकाश सोनवानी प्रखर तिवारी उपस्थित रहे फिजिकल कालेज के छात्रों ने ऑफिसियल की भूमिका निभाई और प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया बड़ी संख्या मे दर्शक और खेल प्रेमी मौजूद रहे कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन अजय चौधरी ने किया

# बिलासपुर में सिटी बस सेवा का संचालन शुरू

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना काल से बंद पड़ी सिटी बस सेवा आज से शुरू कर दी गई है । कोरोना का एक भी मरीज नही मिलने और स्थिति सामान्य हो जाने के बाद भी सिटी बस सेवा शुरू करने में हो रहे विलंब पर बार बार जनता द्वारा मांग की जा रही थी उधर कोनी में खड़े किए सिटी बसों की हालत खराब हो रही थी ।महापौर रामशरण यादव , निगम सभापति शेख नजरुद्दीन और आयुक्त दुदावत की उपस्थिति में सिटी बस सेवा शुरू हो गई है। शुभारंभ अवसर पर सभापति शेख नजरुद्दीन ने बस की स्टेयरिंग संभालते हुए महापौर और आयुक्त को बस में बिठाकर सैर करवाया। कोनी बस स्टॉप में महापौर रामशरण यादव,सभापति शेख नजरुदीन, आयुक्त कुणाल दुदावत, वासु जैन सहित पार्षद अजय यादव, राजेश शुक्ला, परदेशी राज, सुरेश टंडन, मनीष गढेवाल,श्याम पटेल, सियाराम जायसवाल, शामिल थे ,रतनपुर, मस्तूरी, सीपत, एयरपोर्ट, तखतपुर और, रेल्वे स्टेशन से रोजाना सिटी बस सेवा चलेगी, लंबे समय से सिटी बस शुरू करने की मांग लोगो द्वारा की जा रही थी ।सिटी बस चलाने रायपुर की सन एडवेन्चर को ठेका दिया गया है। सिटी बस शुरू होने ऑटो वालो की मनमानी खत्म होगी।

# कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले को निश्चित ही मिलती है सफलता



पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड लोरमी के ग्राम राम्हेपुर (जे) की छात्र कु. निशा साहू की एमबीबीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कांकेर छत्तीसगढ़ में अपना स्थान प्राप्त कर अपनी माता-पिता, गांव और मुंगेली जिले को गौरवान्वित किया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू ने कु निशा साहू ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य साहू ने कहा कि कड़ी मेहनत और लग्न से पढ़ाई करने वाले निश्चित ही अपनी सफलता हासिल होती है। उन्होने कु निशा की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए पूरे परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि कु निशा साहू शासकीय प्राथमिक स्कूल राम्हेपुर जे में अपनी पढ़ाई कर प्रथम प्रयास में ही कक्षा छठवीं के लिए नवोदय विद्यालय मल्हार में अपना स्थान बनाई थी। नवोदय विद्यालय मल्हार में हमेशा मेधावी छात्रा के रूप में रही है। उन्होने कोरोना काल जैसे विषम परिस्थिति में रहकर कक्षा 12वीं में अच्छी अंक के साथ सफल होकर प्रथम प्रयास में ही एमबीबीएस के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कांकेर छत्तीसगढ़ में अपना नाम दर्ज कर जिले को गौरवान्वित किया। इस शुभ अवसर पर साहू परिवार द्वारा ग्राम में स्वल्पाहार का कार्यक्रम भी रखा गया था।

# भाजपा मंडल कसडोल की संयोजक सहसंयोजक की बैठक लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल आज भारतीय जनता पार्टी मंडल कसडोल के BLA 2 शक्ति केंद्र प्रभारी सह प्रभारी संयोजक सहसंयोजक की विशेष संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की BLA 2 एवं बूथ अध्यक्ष मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने कटवाने एवं संशोधन के कार्य में गति लाएं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अग्रवाल ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर बैठक का विधिवत रूप से शुभारंभ किये। इस कार्यक्रम में कसडोल क्षेत्र के 17 नव युवकों ने भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति सिद्धांतों एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल के समक्ष भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किए जिसका अग्रवाल ने पार्टी का गमछा पहनाकर एवं अबीर गुलाल लगाकर उनका पार्टी प्रवेश के लिए स्वागत एवं अभिनंदन किये। भाजपा प्रवेश करने वालों में मायाराम नवरंगे, बद्री प्रसाद पटेल,फिरंगीत पटेल,मिलाउ राम नवरंगे, कार्तिक राम यादव, रवि शंकर मांझी, प्रवीण साहू, विजय साहू , रोशन मांझी, यशवंत साहू, दीपक पैकरा, चन्द्रशेखर पैकरा, रथ राम साहू, महेंद्र पैकरा, नरेंद्र यादव, कार्तिक मंडलेश्वर, संतोष भरती के इस बैठक में श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री, डॉ अजय राव, कृष्ण कुमार पटेल मंडल अध्यक्ष, राजकुमार साहू जिलामंत्री, राजकुमार जायसवाल जिलाध्यक्ष पिछडा वर्ग, शीला वर्मा ज़िला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, डॉ सुदीप दास मानिकपुरी मंडल महामंत्री, खूब लाल साहू कोषाध्यक्ष, संतोष वैष्णव मंडल उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि, सन्तोष कश्यप ज़िला प्रतिनिधि, गोपल साहू जिलाउपाध्यक्ष प्रधान मंत्री योजना, अन्जीव जायसवाल सभापति, ईश्वर पटेल ज़िला प्रषिक्षण प्रमुख, मेलाराम साहू सभापति, अनील श्रीवास मंडल मंत्री, सोनाराम यादव मंडल उपाध्यक्ष, जगदीश घ्रीतलहरे मंडल मंत्री राज कुमार यादव, चन्द्रीका पटेल, राजू यादव, संत राम वर्मा, श्यामरतन पटेल, फुल सिंह पटेल, राजेश पठारे, नागेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, सीमा थावाइत मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, निर्मला साहू मंडल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, गोमती साहू मंडल मन्त्रि महिला मोर्चा।

# बिनोबानगर वार्ड क्रमांक 27 में 10 लाख की लागत से होगा विकास कार्य, हुआ भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर के विनोबा नगर वार्ड क्रमांक 27 में दस लाख रुपए की लागत से विकास कार्य होगा जिसका भूमिपूजन आज महापौर रामशरण यादव सभापति शेख नजरुद्दीन छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य व वरिष्ठ पार्षद रविन्द्र सिंह एम आई सी मेम्बर अजय यादव ने किया। बिलासपुर नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड मे विकास कार्य मुख्यमंत्री भुपेश बघेल व नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया के निर्देश व सफल मार्ग दर्शन मे जनता तक सडक नाली सफाई गार्डन बिजली पानी आदि की ब्यवस्था पहुंचाई जा रही है। इसी श्रृंखला मे आज विद्या उपनगर, गंगाश्री जिम गली, सहगल गली, भरत रजक गली मे नाली स्लेप ,सी सी सडक कार्य हेतु 10 लाख की लागल से निर्माण किया जाना है। जिसका आज विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एम आई सी मेम्बर राजेश शुक्ला, सीताराम जायसवाल, जोन कमिश्नर आर एस चौहान, इंजिनियर फरीद कुरैशी, वार्ड के गणमान्य नागरिक शिवा मुदिलयार, किशोरलाल गुप्ता, चन्द्रनाथ चटर्जी, चन्द्रहास शर्मा, जगमोहन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, इन्द्र कुमार डे; अमित दास, जे के लहरे, रवि राय, रामस्वरूप शुक्ला,जगदीश प्रसाद, चन्द्र प्रकाश टोडर ,राजेश साहु, संदीप मिश्रा, गुड्डु चदेल, मिठ्ठु मिश्रा, छोटु मोईत्रा, पियुष अग्रवाल, टुकेश्वर कुर्रे, बाबु लाल मानिकपुरी, गजेन्द्र साहु, जनक बंधे, भरत रजक, दिपक पाण्डेय, बाबु लाल बजारे, दत्ता तंम्बोली, रुपम राय, अशीत कुरैशी, रनवत चौहान पप्पु विष्ट आदि उपस्थित थे।

## शराब बंदी तक पदयात्रा का संकल्प, 14 दिसम्बर को पदयात्रा मुंगेली आयेगी

# 12 वर्षों से पदयात्रा कर चला रहे शराब बंदी का अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com





शराब से समाज को हो रही हानि को लेकर शराब बंदी कराने की मंशा का संकल्प लेकर भांठापारा के इंजीनियर मुरारी मिश्रा ने पद यात्रा अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने में जूटे हुए हैं ताकि लोग भी शराब के नुकशान को समझें और शराबंदी का संकल्प लेकर उसे बंद कराने में अपना योगदान दें। वे पिछले 12 वर्षो में 401 ग्राम व 1255 किलोमीटर की यात्रा कर शराब बंदी के लिए संगोष्ठी रैली व पद यात्रा कर शराब बंदी के लिए अपना संकल्प दोहराते हुए जूटे हुए है। प्रेसवार्ता मे मुरारी मिश्रा ने बताया कि शराब के नशे में पड़कर लोग तबाह हो रहे है। इसके हजारों उदाहरण देखने में मिलेंगे, शराब समाज के लिये अभिशाप है। शराब और शराब बंदी को लेकर उन्होने लोगों को जागरूक कर शराब बंदी योजना में लोगों को शामिल करने में जूटें हुए है। और उन्होने 11से 14 दिसम्बर तक चार दिवसीय पदयात्रा भांठापारा से आरम्भ कर 14 दिसम्बर को मुंगेली में मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर मुंगेली को देंगे ओर शराब बंदी की मांग कर पदयात्रा का समापन करेंगे। यात्रा के प्रथम दिन 11 दिसम्बर को सेमरीया घाट गांव में शराब बंदी के खिलाफ संगोष्ठी रैली कर रात्रि विश्राम करेंगे। 12 दिसम्बर को सेमरीया घाट में माहामाया देवी की पूजा-अर्चना कर पदयात्रा की शुभारम्भ करेंगे। पद यात्रा सेमरीया घाट से बांसीन, अमलडीहा, दुधईया नवागांव, तेंदूभांठा से नारायणपुर , चंदखुरी, झुलना से कांपा चैक के पश्चात ग्राम मारों में रात्रि विश्राम करेंगे। तृतीय दिवस 13 दिसम्बर को मारों से पूजा-अर्चना कर पदयात्रा में मारो से सोनपुरी, खुटेरा, पुटपुरा, खेड़ा, पटनाकापा चैंक से सम्बलपुर, रामपुर से चाकापेंडरा चैक, बोटेगोड़ के पश्चात पंडरभट्ठा में रात्रि विश्राम करेंगे। तत्पश्चात चैथे दिन पंडरभट्ठा से करही धपई , भरदा से लोकईपुर, घुठेली, चिरहुला, पथरियामोड़, बुंदेली चैक से मुंगेली पंहुचकर कलेक्टर राहुल देव को शराब बंदी हेतु मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को देकर पदयात्रा का समापन होगा। उन्होने शराब की समाज में पैठ को चिंताजनक बतलाते हुए शराब बंदी की वकालत की और शराब बंद करने की मंशा को दोहराते हुए लोगों को शराब बंदी के लिये जागरूक करते हुए पदयात्रा से जोड़ने की कोशिस कर रहें है। उन्होने समाज में शराब की पैठ का उदाहरण देते हुए बतलाया कि वर्ष 2009 में मैने जिला पंचायत का चुनाव लड़ा जिसमें नौ प्रत्यासी थे। चुनाव में शराब बांटने की परमपरा रही है। लोग शराब की अपेक्षा कर कहते थे बिना शराब बांटे आप चुनाव कैसे जीतेंगे। मैने इसे गंभीरता से लिया और बिना शराब बांटे लोगों को शराब की बुराईयॉ बतलाई और उसे किनारा काटने का आग्रह कर बेतहाशा मेनत किया और लोगों को दुध पिलाकर उनकी शराब की मांग की अपेक्षा से बाहर कर लिया और इस चुनाव में मुझे उल्लेखनीय सफलता मिली और परिणाम आया तो लोगा हत्प्रद रह गये, बिना शराब के यह चुनाव कैसे जीत लिये। चुनाव में इस जीत ने मुझे अपने संकल्प को आगे बढ़ाने का अवसर दिया और अब मैं तेरहवें वर्ष में इस अभियान को चलाने जा रहा हूॅ। लोगों से गांव-गांव जा कर पामप्लेट बांटकर, सभा कर शराब बंदी के लिए सक्रियता से काम कर रहा हूॅ। छात्तीसगढ़ी में हमारा नारा है- शराब छोड़ाबों-गांव बचाबों, पूर्ण शराब बंदी ल- लागू कराबो, नशा ल छोड़वाना है- जीवन ल बचाना है।उन्होने राष्ट्रीय स्तर पर जिन प्रदेशों में शराब बंदी हुई है उनके लाभ बतलाए। बिहार में शराब बंदी के लिए 6 माह में जिलों में 160 मीटिंग हुई जिसमें बड़ी संख्या में पांच-पांच हजार तक लोग आये। बिहार के जेंडर रिसोर्स सेंटर के सीनियर कंसल्टेंट एस.आनंद का कहना था कि बिहार में शराब बंदी से महिलाओं का खान-पान, परिवारिक मामलों में उनकी निर्णय लेने की हैसियत, बच्चों की पढ़ाई आदि सुधरी हैं, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में कमी आयी है। बदलाव की तस्वीर बताते कई प्रसंग है जिसमें शराब बेंचने वाले विभिन्न प्रकरणों में जेल गऐ और जेल से वापिस लौटर शराब की धंधें से नाता तोड़ लिया।

# समाज के उत्थान के लिए सामाजिक एकजुटता जरूरी : राखी गणेश



**सरायपाली।** सामाजिक भेंट मुलाकात के तहत अगले चरण में श्रीमती राखी गणेश चौहान पार्षद नगर पालिका परिषद सरायपाली एवं उपाध्यक्ष गाड़ा समाज अपने पिता पंचराम चौहान संरक्षक गाड़ा समाज सरायपाली के साथ ग्राम रंगमटीया, बिरेनडबारी, दलदली एवं बिलखण्ड बके सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम के आमजनों से मुलाकात हेतु पहुंची थी इसी कड़ी में ग्राम रंगमटिया में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सामाजिक कार्यक्रम रखा गया था जिसमें ग्राम रंगमटीया के एवं आसपास क्षेत्र के सामाजिक जन उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राखी गणेश चौहान ने सनाज में सामाजिक उत्थान हेतु सामाजिक एक जुटता जरूरी है परंतु कभी कभी कुछ अति महत्वकांक्षी हो जाते है। महत्वकांक्षी होना अच्छी बात है परंतु अति महत्वकांक्षी होना वह स्वयं एवं समाज के लिए घातक हो सकता है क्योंकि महत्वकांक्षी व्यक्ति तो अपने कर्मों एवं सेवा भावना के कारण उत्साहित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है और वह कभी फल की चिंता नहीं करता परंतु अति महत्वकांक्षी व्यक्ति केवल लोभ के कारण सामाजिक जन को आगे लाकर बिना कोई कर्म किए बिना समाज की सेवा की फ्ल की आशा करता है।











सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403